ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 250 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

प्रशंसकों का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और ... पेज 10 पर



**आईसीसी वर्ल्ड कप 2023**

VS

साउथ अफ्रीका - 311/7 (50 ओवर)

ऑस्ट्रेलिया - 177/10 (40.5 ओवर)

**आज का मैच**

न्यूजीलैण्ड बनाम बांग्लादेश — चेन्नई (2 बजे से)

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के खिलाड़ियों को किया सम्मानित, बोले

# खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता कर रही सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज जिस प्रकार से यह स्टेडियम सजा है, जिस तरह से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद हैं, जिस उद्देश्य के लिए यह परिसर और स्टेडियम बना है, आज का यह समारोह इस परिसर और स्टेडियम का वास्तविक शोभा बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी परिकल्पना है कि इस तरह का आयोजन यहां लगातार होता रहे, ताकि इसका संदेश सिर्फ झारखंड ही नहीं पूरी दुनिया में गूंजे। हमारी सरकार इसी परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है कि आने वाले दिनों में देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ियों के पूरा न हो। हर खेल में हमारे झारखंड के युवा खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया में देश और राज्य का नाम रोशन करें। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को हरिवंश राय टाना भगत इंडोर स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव, रांची में आयोजित खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मान राशि वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही।

**खिलाड़ियों के प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड के खिलाड़ी उत्साहित होकर खेल के प्रति अपने आप को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। आप सभी खिलाड़ियों के इस प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे।आपके हुनर को तराशने और एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की हर कोशिश हमारी सरकार करेगी। मैं स्वयं खेल के प्रति अपनी पैनी नजर बनाए रखता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में जो जो कार्य पिछले 20 वर्षों में नहीं हो पाया, जो गाड़ी बिल्कुल थम सी गई थी। हमारे खिलाड़ियों को समझ में नहीं आता था कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम 827 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को 16 को देंगे नियुक्ति पत्र

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार अहम कदम उठा रही है। सरकार मुख्य रूप से स्कूलों की सूरत को बदलने में लगी हुई है और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। स्कूलों में खाली पड़े शिक्षकों के पद को भरने का फैसला लिया है। प्रदेश सरकार जल्द ही सरकारी स्कूलों में खाली पड़े शिक्षकों के पद को भरने में जुट गई है। जल्द ही सरकार शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया की शुरूआत करने जा रही है। 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रदेश के 827 टीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। रांची के मोरहाबादी मैदान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमे शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। बता दें कि जिन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा उनका जिला और स्कूल पहले आवंटित कर दिया गया है। गौर करने वाली बात है कि हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरने ने सूबे की शिक्षा को मजबूत करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री लगातार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण पर जोर दे रहे हैं। साथ ही सभी स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के साथ यहां शिक्षा के माहौल को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। बता दें कि झारखंड में 80 स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में तब्दील किया गया है। इन सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों की तरह शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। यहां कक्षा 6-12 तके बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। यहां स्मार्टक्लास रूम में शिक्षा मुहैया कराई जा रही है।आदिवासी और गरीब परिवारों के बच्चों के स्किल, क्रिएटिविटी को सुधारा जा रहा है। जिससे वह कक्षा 12 के बाद करियर को लेकर आने वाली चुनौतियों का बेहतर तरह से सामना कर सके। शिक्षकों का भी मानना है कि अगर मुख्यमंत्री की यह पहल रंग लाती है तो स्कूलों की दशा और दिशा जरूर बदलेगी। सरकार जहां लगातार शिक्षकों की नियुक्ति पर जोर दे रही है तो दूसरी तरफ विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

## माओवादियों ने रेल लाइन निर्माण में लगे वाहनों को फूंका



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर हेसा कुंदर गांव में गुरुवार तड़के करीब तीन बजे माओवादियों ने वाहनों को जला दिया। इसमें चार हाईवा, एक रोड रोलर, दो डीजल टैंकर एक ट्रैक्टर डोजर वाहन हैं। इस घटना से कंपनी को करीब दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटनास्थल पर माओवादियों ने पर्चा भी छोड़ा है। घटना की जिम्मेदारी माओवादी संगठन ने ली है। जलाए गए सभी वाहन रेलवे की कंपनी के हैं। कठौतिया टोरी चंदवा रेल लाइन निर्माण में इन वाहनों से काम लिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लेवी के लेनदेन में घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि 30 से 40 की संख्या में उग्रवादियों ने दस्ताने सीमा पहाड़ी मंदिर के सामने वाले कैंप में धावा बोला और वहां कार्यरत 15 से 20 की संख्या में काम कर रहे कर्मियों को कब्जे में ले लिया। सभी को रेलवे लाइन को पार करा कर दूसरी तरफ स्थित कैंप में रखा गया और चारों तरफ से घेर लिया।

पांच से सात लोग कैंप के अंदर आए और सोए कर्मियों को उठाया, 15 लोगों का मोबाइल छीन लिया और कैंप के एक रूम में सभी को बंद कर दिया। गाड़ी से डीजल निकाल कर वाहनों में आग लगा दिया। इसके बाद चार राउंड फायरिंग करते हुए जंगल की ओर निकल गए। उग्रवादियों ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ा। पर्चा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मारवाड़ी लिखा हुआ है। इसमें धमकी दी गई है कि कोई भी सरकारी कार्य बिना आदेश का नहीं करें।

जानकारी मिलते ही कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने वरीय अधिकारियों को भी अवगत कराया और फोन कर फायर ब्रिगेड को भी बुलाया। जब तक पुलिस एवं फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची तब तक वाहन पूरी तरह जल चुके थे। आसपास खड़े अन्य वाहनों को तुरंत दूसरी जगह ले जाया गया। कर्मियों ने कहा कुछ उग्रवादी पुलिस की तरह वर्दी पहने हुए थे जबकि कुछ लोग सादे कपड़े में और मास्क लगाए हुए थे। सभी 40 कर्मियों से मोबाइल लूट लिया। साथ ही भागुराम और मोछू मिस्त्री के साथ मारपीट भी किया। शिवपुरी कठौतिया रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगी रॉयल इंफ्रा कंट्रोल लिमिटेड कोलकाता प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि उग्रवादी घटना में कंपनी के चार हाईवा, एक रोड रोलर, दो डीजल टैंकर एक ट्रैक्टर डोजर को जलाया गया है जबकि एक दर्जन से अधिक वाहनों पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया गया। इन वाहनों में मामूली क्षति हुई है।

## गागर में सागर

### पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार को मिली अंतरिम जमानत



**रांची।** पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार को अंतरिम जमानत मिली है। सुमन कुमार को मनी लांड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली है। सुमन कुमार 17 महीने से जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने मामले की सुनवाई की। 6 सप्ताह बाद मामले की फिर सुनवाई होगी। इससे पहले झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया था। बता दें कि मनी लांड्रिंग मामले की मुख्य आरोपी निलंबित आईएस पूजा सिंघल हैं।

### अवैध खनन मामले के आरोपी टिंकल भगत की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को अवैध खनन के आरोपित पत्थर खदान संचालक टिंकल भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्ष का बहस सुनने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी। ईडी के ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। वहीं टिंकल भगत की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और सुधीर कुमार ने बहस की। उल्लेखनीय है कि टिंकल भगत मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी है। ईडी ने सात जुलाई टिंकल भगत को गिरफ्तार किया था।

### लोहरदगा में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, चार गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक बरामद किया है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। विस्फोटकों की बरामदगी की पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर इन तक विस्फोटक कहां से पहुंचे हैं। जितनी भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं, वह बेहद गंभीर माना जा रहा है। एसपी हरिश बिन जमां को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में अवैध रूप से विस्फोटक रखे गए हैं। इसके बाद एसपी ने लोहरदगा पुलिस की एक टीम गठित कर छापेमारी का निर्देश दिया। सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में पुलिस की टीम ने छापेमारी की। इसके बाद गांव के इम्तियाज अंसारी, शमशाद अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी और आरिफ अंसारी के घर से 1079 पीस डेटोनेटर, 2294 पीस सेफ्टी फ्यूज, 16.5 किलो अमोनियम नाइट्रेट, विस्फोटक में इस्तेमाल किए जाने वाला 224 पेस पावर जेल सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।



### स्पीकर कोर्ट में विधायक कमलेश सिंह दलबदल मामले में अधूरी रही सुनवाई

**रांची।** पलामू के हुसैनाबाद विधानसभा के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह के दलबदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के ट्रिब्यूनल में सुनवाई चल रही है। गुरुवार को दिन के 12:30 बजे मामले की सुनवाई शुरू हुई। बहस में कमलेश सिंह और जितेंद्र अह्लाद के वकील ने हिस्सा लिया। दोनों तरफ से वकीलों ने दलील रखी। इसी दौरान कमलेश सिंह के वकील ने कुछ और तथ्यों को रखने के लिए समय मांगा। स्पीकर ने शाम 4:30 बजे फिर से मामले की सुनवाई का समय निर्धारित किया लेकिन दोनों पक्षों के आग्रह पर शाम 4:30 बजे होनेवाली सुनवाई टाल दी गयी।

## फेसबुक पर युवती को सेक्स वर्कर बता ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची की एक युवती का फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर, युवती को सेक्स वर्कर बता युवती का मोबाइल नम्बर जारी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की वजह से युवती की शादी तक टूट गई थी।आरोपी युवती को ब्लैकमेल कर उससे 5 लाख रुपये की मांग भी कर रहा था। पूरा मामला रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।सुखदेवनगर इलाके में रहने वाली एक युवती को अजय कुमार नाम के व्यक्ति के द्वारा उसका फेक फेसबुक प्रोफाइल बना कर उसकी तस्वीरों को मार्प कर अश्लील फोटो में तब्दील कर दी गई और फिर उसे फेसबुक में यह कहते हुए पोस्ट कर दी गई कि युवती एक कॉल गर्ल है। फेसबुक पर युवती का नम्बर भी जारी कर दिया गया यहां तक कि युवती के मार्प चेहरे वाली नग्न फोटो में कॉल गर्ल रेट चार्ट लिख दिया गया था।जब युवती को पूरे मामले की जानकारी मिली तब उसने अजय को फटकार लगाते हुए सभी अश्लील तस्वीर डिलीट करने को कहा लेकिन अजय ने इसके बदले उससे पांच लाख रुपये की डिमांड की, इतना ही नही उसने ब्लैकमेल कर युवती को गलत नियत से अपने पास बुलाने का भी प्रयास किया।

**शादी टूट गई, अंजान फोन से परेशान युवती पहुंची थाने :** दरअसल पहले अजय ने फेसबुक पर युवती से दोस्ती की, उसके बाद युवती के फेसबुक पेज से उसकी तस्वीर निकाल कर उसकी एक फेक प्रोफाइल बना दी और उसमें युवती को कॉल गर्ल बता उसका नम्बर भी जारी कर दिया नम्बर जारी होते ही युवती के पास कई तरह के लोगों के फोन आने शुरू हो गए, लोग फोन कर उससे गन्दी-गन्दी बातें करने लगते थे। शातिर अजय ने युवती को ब्लैकमेल करने के लिए उसकी तस्वीर उसके रिश्तेदारों तक को भेज दी, अश्लील तस्वीरें जारी होने की वजह से युवती की शादी तक टूट गई। एक बार तो युवती ने सुसाइड ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एकलव्य विद्यालय की रखी आधारशिला, बोले

## दिसंबर तक केंद्र साढ़े 10 हजार शिक्षकों की करेगा बहाली

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड के कर्रामुंडा में जनजातीय बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए करोड़ों की लागत से एकलव्य आवासीय विद्यालय का शिलान्यास किया। करीब 12 एकड़ में बनने वाले इस स्कूल में कई प्ले ग्राउंड भी होंगे। कंस्ट्रक्शन कंपनी के चीफ इंजीनियर राजेश कुमार ने कहा कि स्कूल का कार्य 2025 तक पूरा हो जायेगा। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि इन एकलव्य विद्यालयों में पढ़ाने के लिए दिसंबर तक साढ़े 10 हजार शिक्षकों की बहाली की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सिमडेगा के गरजा में स्थित एकलव्य विद्यालय में पढ़ाई शुरू करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि एकलव्य आदर्श विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वर्ग 6 से 12 तक के बच्चों को दिया जायेगा, जिसका ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



**अटल बिहारी वाजपेई, स्वामी विवेकानंद और भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा हुआ अनावरण**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शिलान्यास कार्यक्रम से लौटने के बाद सिमडेगा शहर क्षेत्र के अटल पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के नाम से समर्पित इस पार्क में उनकी प्रतिमा लगने से पार्क की सुंदरता और भी बढ़ गई है। इस पार्क की रखरखाव नगर परिषद बेहतर से करें ताकि यहां पर लोगों का आवागमन बढ़ेगी। वहीं, इस मौके पर उन्होंने सिमडेगा एसडीओ आवास के पास विवेकानंद चौक में स्वामी विवेकानंद की आदमकद भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर एसपी सौरभ, अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक सहित कई लोग मौजूद रहे।

**विस अवैध नियुक्ति मामला**

### हाईकोर्ट ने सचिव को जांच रिपोर्ट पेश करने का दिया एक और मौका

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की विधानसभा में अवैध नियुक्तियों की जांच की रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा सचिव को एक और मौका दिया है। इसके पहले की सुनवाई में अदालत ने कहा था कि कोर्ट के तीन बार के आदेश के बाद भी रिपोर्ट पेश नहीं किया जाना कानूनी प्रक्रिया में व्यवधान का मामला बनता है। अदालत ने सात दिनों के अंदर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा न होने पर विधानसभा के सचिव पर आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने इस मामले में एक और मौका देते हुए अगली सुनवाई के लिए 9 नवंबर की तारीख मुकर्रर कर दी है। बता दें कि झारखंड विधानसभा में 150 से भी अधिक अवैध नियुक्तियों की जांच होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर शिव शंकर शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्तियों में भारी गड़बड़ी हुई है। इस मामले की जांच के लिए जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन (वन मेंबर कमीशन) बना था। कमीशन ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी, जिसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

### 14 को महालया-पितृपक्ष अमावस्या, 15 को कलश स्थापना

# पहले दिन मां शैलपुत्री की होगी पूजा

**शशि भूषण शर्मा। रांची**

महालया अमावस्या 2023 एक हिंदू त्योहार है जो पूर्वजों या पितरों को समर्पित है। महालया के साथ दूर्गा पूजा की शुरूआत हो जाती है। इस वर्ष महालया और पितृपक्ष अमावस्या दोनों एक ही दिन 14 अक्टूबर को है। इसी दिन मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देना शुरू करते हैं। पंडित विजय पांडेय ने बताया कि सनातन धर्म में महालया का बहुत ही विशेष महत्व होता है। महालया के दिन को नवरात्रि और पितृपक्ष की संधिकाल भी कहते हैं। यह त्योहार आश्विन महीने में पड़ता है जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार सितंबर या अक्टूबर के महीने में होता है।

महालया अमावस्या 15 दिनों की अवधि के लिए आयोजित किए जाने वाले श्राद्ध अनुष्ठानों का अंतिम दिन है। यह दिन हिंदू धर्म में बहुत शुभ है क्योंकि इस दिन परिवार के किसी भी मृत व्यक्ति का श्राद्ध किया जा सकता है, चाहे तिथि कोई भी हो। ऐसी मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा कर माता को घर में आगमन के लिए निवेदन किया जाता है। साथ ही इस दिन पितृ देवों को जल तिल अर्पित कर नमन किया जाता है। वहीं 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाली शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो जायेगी। प्रथम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर





**महालया अमावस्या 2023 तिथि और समय**

**महालया अमावस्या 14 अक्टूबर 2023 शनिवार को है**

अमावस्या तिथि प्रारंभ : 14 अक्टूबर 2023 को प्रातः 03:20 बजे से

अमावस्या तिथि समाप्त : 15 अक्टूबर 2023 को प्रातः 04:54 बजे

अपराहन काल : दोपहर 02:24 बजे से शाम 05:00 बजे तक, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023

कुतुप मुहूर्त : सुबह 11:44 बजे से दोपहर 12:32 बजे तक, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023

रोहिना मुहूर्त : दोपहर 12:32 बजे से दोपहर 01:20 बजे तक, शनिवार, 14 अक्टूबर, 2023

# कोयला कारोबारियों से अमन श्रीवास्तव ने वसूलवाए 50 लाख

### एटीएस की जांच में खुलासा

### रवि सरदार, जहीर अंसारी और फिरोज खान ने वसूले थे पैसे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव ने कोयला कारोबारियों से 50 लाख रुपये वसूले थे। ये पैसे सुरेंद्र भुईयां नाम के व्यक्ति ने मिंकू खान और एजाज अंसारी को दिया था। दोनों के पास से पैसों की डिलिवरी अमन श्रीवास्तव के किसी करीबी तक होनी थी। लेकिन इसकी सूचना एटीएस एसपी को मिल गई। जिसके बाद एटीएस ने भुरकुंडा-पतरातू रोड से रांची आ रहे मिंकू खान और एजाज अंसारी को एक स्कार्पियो के साथ पकड़ा था। इसी स्कार्पियो में कोयला कारोबारियों से रंगदारी के तौर पर वसूले गए 49.83 लाख रुपये भी थे। एटीएस ने पैसे बरामदगी के बाद यूएपीए समेत अन्य संगत धाराओं में मिंकू और एजाज को नामजद आरोपी बनाया था। बाद में जांच में आए तथ्यों के बाद सुरेंद्र भूईयां, रवि सरदार, फिरोज ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**क्या है पैसे का नेटवर्क**

एटीएस ने जांच में पाया है कि रांची, हजारीबाग, रामगढ़ समेत कोयलांचल के अन्य इलाकों में अमन श्रीवास्वत गैंग के द्वारा ट्रांसपोर्टर व कारोबारियों से रंगदारी की वसूली की जाती है। एटीएस ने जो राशि बरामद की थी वह राशि रवि सरदार ने अपने करीबी सुरेंद भुईयां को दी थी। इसके बाद पैसे की डिलिवरी होनी थी। पैसे की वसूली रवि सरदार, फिरोज खान और जहीर अंसारी ने मिलकर की थी। इसके बाद पूरे पैसे रवि ने एक साथ लेकर अमन श्रीवास्तव के करीबी को भेजने की योजना बनायी थी। अमन श्रीवास्तव जेल में रहने के बाद भी इस कांड में संलिप्त था। इसी वजह से एटीएस ने उसे भी आरोपी बनाया है।

## गागर में सागर

### ई रिक्शा चालक के शव के साथ भीड़ ने किया मेकॉन चौक जाम, लोग परेशान

**रांची।** राजधानी के मेकॉन चौक के पास लगातार दूसरे दिन भी बस्ती के लोगो का हंगामा जारी है। ई रिक्शा चालक रामनाथ महतो के पिटाई से हुए मौत से नाराज बस्ती वाले ने रामनाथ के शव के साथ मेकॉन चौक जाम कर दिया। लगभग दो घण्टे के प्रदर्शन के बाद मौके पर मौजूद हटिया डीएसपी राजा मित्रा से बस्ती वालों की वार्ता के बाद सड़क से जाम हटा लिया गया।पुलिस के द्वारा बस्ती वालो को यह भरोसा दिलाया है कि मामले में जांच कर आरोपियो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कारवाई की जाएगी। पूरा डोरंडा हुआ जाम : ई रिक्शा चालक के मौत से नाराज मेकॉन बस्ती के लोगो ने रांची के मेकॉन चौक के पास शव के साथ सड़क जाम कर दिया ।मेकॉन के गाड्‌र्स के द्वारा ई रिक्शा चालक रामनाथ की पिटाई की गई थी।इलाज के दौरान रामनाथ की मौत हो गई।मामले को लेकर बुधवार को भी बस्ती वालो ने जमकर हंगामा किया था।गुरुवार की देर शाम जैसे ही रामनाथ का शव पोस्टमार्टम के बाद आया ,आक्रोशित बस्ती वाले एक बार फिर उग्र हो गए और शव के साथ मेकॉन चौक को जाम कर दिया। मेकॉन चौक डोरंडा ,धुर्वा ,हरमू और मेन रोड जाने के लिए प्रयोग में लाया जाने वाला प्रमुख मार्ग है।बस्ती वालो के शव के साथ प्रदर्शन करने की वजह से हर तरफ सड़क जाम हो गया था।

### पीपीके कॉलेज के नये प्रिंसिपल डॉ. मुकुल कुमार का छात्रों ने किया जोरदार स्वागत



**बुंडू।** गुरुवार को पीपीके कॉलेज बुण्डू में छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ छात्र नेता राजू महतो के नेतृत्व में कॉलेज के नये प्रिंसिपल डॉ मुकुल कुमार को बनाये जाने पर उनसे मिलकर पीला गमछा भेंट कर उनका स्वागत किया और बधाई दिया। छात्र नेता राजू महतो ने कहा कि पूर्व के प्राचार्य द्वारा कॉलेज में पी०जी० की पढ़ाई शुरू कराने से लेकर, नये भवन निर्माण कराने में उनका अहम योगदान रहा है, छात्र संघ नये प्राचार्य महोदय से कॉलेज की बुनियादी सुविधाएं , बी०एड० तथा बाकी विषयों पर स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराने, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कराने तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल स्थापित करने की उम्मीद रखती है। कॉलेज के हितार्थ के लिए प्राचार्य महोदय को जब भी छात्र प्रतिनिधियों की आवश्यकता पड़ेगी हमलोग मदद करने के लिए पूरी तत्परता के साथ खड़े रहेंगे। वहीं कुड़मालि विभागाध्यक्ष भूतनाथ प्रमाणिक ने भी नये प्राचार्य को बधाई संदेश प्रेषित किये हैं। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से उपेंद्र महतो, मनीष कुमार, मोहित प्रामाणिक ,अजय प्रामाणिक, षष्टीपद महतो,चण्डी सेठ, महानंद पुराण, हिमांशु कुमार आदि काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

### 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर नितीन कुमार के द्वारा किया गया। राज्य के विभिन्न जिले एवं प्रखंड से आए 31 प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। नितिन कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को खुद का स्वरोजगार और बैंक से जुड़ने का संदेश दिया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने बैंक से लोन लेकर खुद स्वरोजगार कैसे करेगे विस्तार से बताया और मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन लिए । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो , दशरथ महतो, महेश, रूही दास,सुनील कुमार उपस्थित रहे।

### रेलवे बिजली विभाग के कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के करते हैं काम

**मुरी।** आए दिन कहीं ना कहीं बिजली के खंभे से गिरकर लोगों की मौत की खबर सुनने या देखने को मिलती है फिर भी लोग बिना सेफ्टी के बिजली के खंभे पर चढ़कर काम करते है। वही नजारा गुरुवार को मुरी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर बिजली विभाग के रेलवे कर्मचारी बिना सेफ्टी के बिजली के खंभे पर चढ़कर काम करते नजर आए। कितनी लापरवाही से ये लोग काम करते है बिजली विभाग के अधिकारी भी सब जानते है की कर्मचारी किस प्रकार से काम करते है परंतु उनको काम से मतलब है उनकी सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। क्या रेलवे के पास कोई सेफ्टी नहीं है यह पूछने पर वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सौरभ मिश्रा ने बताया कि सेफ्टी के सारे सामान हमारे ऑफिस में मौजूद है।

### सांसद के पहल पर सब-वे निर्माण को लेकर रेलवे विभाग ने किया सर्वेक्षण



**मुरी/सिल्ली।** बांसारूली गांव में मुरी -बरकाकाना सेक्शन पर किमी 354/14-15 पर सब-वे (भूमिगत मार्ग ) निर्माण को लेकर रेलवे विभाग ने सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया है।जिसकी जानकारी भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने दी। श्री महतो ने बताया कि पिछले कुछ माह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद साहु के नेतृत्व में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सांसद संजय सेठ से मिले थे और सांसद को मुरी- बरकाकाना रेलवे लाइन के उस पार जाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया था तथा सब-वे निर्माण का आग्रह किया था जिसके बाद सांसद ने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा। पत्र में सांसद ने ग्रामीणों की परेशानी को अवगत कराते हुए सब-वे निर्माण का आग्रह किया था। रेल मंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने कारवाई प्रारंभ कर दिया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने सांसद को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि उक्त सब-वे निर्माण के व्यवहार्यता की जांच के स्थान का सर्वेक्षण किया जा रहा है ।

### भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने मनाया आरटीआई दिवस

# सूचना का अधिकार नागरिकों का एक संवैधानिक कानून है : अध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच ने गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में सूचना का अधिकार का 18वां स्थापना दिवस मनाया। सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के 18 वर्ष पूरा होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 भारत के समस्त नागरिकों का एक संवैधानिक कानून है, जिसे देश का हर नागरिक प्रयोग कर सकता है। इसके तहत किसी भी सरकारी लोक प्राधिकार से सूचना मांगा जा सकता है और एक्ट में निर्धारित समय सीमा के अंदर उस कार्यालय के जन सूचना पदाधिकारी को आवेदनकर्ता को सूचना दे देनी चाहिए लेकिन हर अधिकारी इसका अनुपालन नहीं करते हैं, जो सूचना का अधिकार कानून की घोर अवहेलना है। मंच के केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पंडा ने कहा कि जहां सूचना नहीं मिलने की स्थिति में आवेदक की ओर से प्रथम विभागीय अपील कर सूचनाओं की मांग की जाती है, वहां अपीलीय अधिकारी को गंभीरता पूर्वक आवेदक को संबंधित जन सूचना पदाधिकारी से सूचनाएं दिलाना चाहिए। मंच के विधि सलाहकार दीपेश निराला ने कहा कि राज्य सरकार सूचना के अधिकार कानून की घोर दुश्मन है, तभी तो अपने कार्यकाल में अब तक संवैधानिक संस्था झारखंड राज्य सूचना आयोग को मृत शैय्या पर सुला दिया है। सूचना आयोग में एक भी सूचना आयुक्त नहीं है। लगभग 25 हजार आरटीआई का मामला आयोग में लंबित है। ऐसे में भ्रष्ट और निकम्मे अधिकारी गदगद हैं। राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है।

### खलारी डकरा में खुला कुमकुम फैशन मॉल

**रातू।** खलारी डकरा में गुरुवार को जीएम कार्यालय के समीप कुमकुम फैशन मॉल का भव्य उद्घाटन किया गया। अमन ग्रुप एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, रैयत विस्थापित नेता दिगन सिंह भोक्ता, इकबाल हुसैन, काँग्रेस नेत्री इंद्रा तुरी, बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर शमीम बड़ेहार के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर दुकान का उद्घाटन किया गया। फैशन मॉल में ब्रांडेड जूते समेत डिजाइनर व स्टाइलिश कपड़े, जूते-चप्पल, होम डेकोरेशन, जींस, टॉप, बच्चों के कपड़े, चश्मे, डिजाइनर बैग या फिर अन्य सामान बेहद कम दाम में मिलेंगे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि अब डकरा में ही कस्बे के लोग बड़े शहरों की तरह खरीदारी का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में बड़े-बड़े मॉल देखकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उसमें घुसने से हिचकते हैं। यहां से शहर जाने आने में भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था पर अब यहाँ मॉल खुलने से ग्रामीण को रांची जैसी सुविधा मिलेगी और यहां जमकर खरीदारी कर सकेंगे।

# विधानसभा स्पीकर रविन्द्रनाथ महतो ने व्यवसायी अरुण सिन्हा को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड इंटलेक्चुअल समिट के दूसरे दिन गुरुवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो के हाथों दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा की एकृत बिहार से अलग हुए हमारे राज्य को तेईस साल हो गए लेकिन अबतक इसका अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है श्री महतो ने कहा हमारे साथ अन्य कुछ राज्यों का गठन हुआ था जो विकास के पायदान में तेजी से आगे बढ़ रहा है उन राज्यों के अपेक्षा हमारे राज्य का आर्थिक विकास नहीं हो पाया है इन्हीं सब विषयों को लेकर झारखंड इंटलेक्चुअल फोरम ने यह कार्यक्रम आयोजित किया है, जो काफी महत्वपूर्ण है ओर यहाँ हो रहे मंथन से निश्चित रूप से झारखंड को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशंसा योग्य होगा। इसी के तहत झारखंड के युवा उद्यमी अरुण कुमार सिन्हा सहित दर्जनों लोगों को रांची में स्थित पुराने विधानसभा के विधायक क्लब में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड इंटेलेक्चुअल समिट में गुरुवार को सम्मानित किया गया।झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम की ओर से यहां तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन विधानसभा के स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने इन्हे भारी संख्या में देश के अलग- अलग हिस्सों में लोगों को रोजगार देने के लिए सम्मानित किया। आपको बता दें अरुण कुमार सिन्हा एक युवा उद्यमी हैं जो राइडर ग्रुप ऑफ कंपनी के अध्यक्ष हैं। उसी के तहत अपनी आउटसोर्स जॉब कंपनी चलाते हैं। बता दें झारखंड की बेहतरीन और विकास पर विमर्श के लिए यहां झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें रांची विधायक सीपी सिंह, जेपीएससी अध्यक्ष नीलिमा केरकेट्टा, पूर्व विधायक जानकी यादव के साथ कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति हो चुकी है। साथ में कई प्रमुख लोग कार्यक्रम के अंतिम दिन शिरकत करेंगे। दूसरे दिन कार्यक्रम का संचालन झारखंड इंटेलेक्चुअल फोरम के संस्थापक प्रेम कुमार ने की। कार्यक्रम में मनोज कुमार सिंह, राम किंगर पांडेय, शमशेर राही, पवन कुमार, अखिलेश दुबे, मनीष पाठक, अभिषेक सहाय, भोलानाथ चौधरी, अरुण लाल, सुरेंद्र दास, निरंजन भारती, दीपक तिवारी सहित कई लोगों की सहयोग रही।

## झरहा में माइंस संचालकों और ग्रामीणों के बीच झड़प

**नवीन मेल संवाददाता। नौडीहा बाजार**

गुरुवार को नौडीहा बाजार प्रखंड के पंचायत तरीडीह अंतर्गत झारहा में ओवरलोड हाईवे की प्रचालन से सड़क का स्थिति जर्जर एवं डस्ट से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर सड़क मरमती व सुबह साम दुपहर में पानी छिड़काव एवं गांव की सड़क से गुजरकर हाईवे नहीं चलेगी मांग कर रहे थे इसी बीच शाहपुर पंचायत अंतर्गत सतकुड़वा एवं धुजवा के माइंस खनन से ओवरलोड पत्थर लदा हाईवे के प्रचलन से खैरादोहर से डुमरी कैंप तक सड़क का स्थिति बत से बेहतर बन चुका है इसी बीच आक्रोषित ग्रामीणों ने झरहा गांव की सड़क पर बैठकर अपनी मांग कर रहे थे इसी बीच माईश संचालकों ने ग्रामीणों की बात ना सुनकर ग्रामीणों से उलझने लगे और इसी बीच ग्रामीणों ने नहीं मानी तो उन्होंने पिस्तौल लहराया और दोनों तरफ से माईश संचालकों के द्वारा पिस्तोल लहराया गया एवं ग्रामीणों ने जमकर पत्थरबाजी की।.. अभी तक अधिकारी पुष्टि नहीं हो पाई है। सूचनाअनुसार नौडीहा के थाना प्रभारी अमन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराया और लोगों के अनुसार पब्लिक पर राइफल भी संचालक के द्वारा निकाला गया और लहराया गया इसकी जांच की जा रही है।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
सर्वसाधारण के लिए सूचना।

उपरोक्त महिला थाना काण्ड सं0–19/2018,दिनांक–27.05.2018, धारा–327/376(2)/506/509, 3/4 पोक्सो एक्ट एवं 66(ई0)/67(ए0) आई0टी0 एक्ट के प्राथमिकी अभि0 1.विक्की साहु पिता–गोविन्द साहु पता–हेथु थाना–एयरपोर्ट जिला–राँची के विरूद्व माननीय Court of Sri Asif Equbal. A.J.C-IV. cum Spl Judge(POCSO) राँची के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri Asif Equbal. A.J.C-IV. cum Spl Judge(POCSO) Ranchi.
Proclamation requiring the appearance of a person accused
(See Section 82 of the Criminal Procedure code)

WHEAREAS complaint has been made before me that Mahila Ps-19/2018 Vickky Sahu S/O-Govind Sahu R/O- Hethu, Thana- Airport, Dist-Ranchi, Jharkhand has committed (or is suspected to have committed) the offence of rape, punishable under section U/S- 323/376(2)/506/509 Of the Indian Penal Code, u/S- 66(E)/67/67(A) I.T Act and U/S-3/4 of POCSO Act and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said (name) cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the warrant);

Proclamation is hereby made that the said accused of Ranchi Mahila P.S case 19/18 is required to appear at 10:30 A.M, (Ranchi) before this Court (or before me) to answer the said complaint on the 15th day of July, 2022.
Dated, this 06th day of June, 2022.

AJ.C-IV, cum spl Judge(POCSO), Ranchi अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त विक्की साहु कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/Court of Sri Asif Equbal Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची। –94317 70077
थाना प्रभारी महिला, राँची। –94317 06158
PR 308995 Police(23-24)D
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

# मेडिका कैंसर कॉन्क्लेव 14 और 15 को, जुटेंगे देश के विशेषज्ञ चिकित्सक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मेडिका अस्पताल प्रबंधन ने मेडिका कैंसर कॉन्क्लेव का आयोजन 14 और 15 अक्टूबर को स्टेशन रोड स्थित होटल बीएनआर में किया है। इसमें देश के कैंसर के विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल होंगे। यह कार्यकम 14 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से होटल बीएनआर में शुरू होगा। जिसमें डॉक्टर अपना रजिस्ट्रेशन करायेंगे। दिन के 11 बजे कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन के द्वारा किया जायेगा। वहीं, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सचिव अरुण कुमार सिंह भी शामिल होंगे। मेडिका के वाइस प्रेसीडेंट अनिल कुमार ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि मेडिका के चयरमैन डॉ नंद कुमार जयराम, ऑन्कोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ सौरभ दत्ता और मेडिका ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राणा उदयन लहरी, संयुक्त प्रबंध निदेशक अयनभ देब गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। अंकोलॉजिस्ट डॉ गुंजेश कुमारए डॉ सुरेश, डॉ मदन और प्लास्टिक सर्जन प्रिंस गुप्ता ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस कॉन्क्लेव में देश के प्रसिद्ध कैंसर चिकित्सक कैंसरी की विभिन्न बीमारी और उनके नवीनतम इलाज पर विस्तार से चर्चा करेंगे। दोपहर 2.30 बजे से वैज्ञानिक सत्र का शुभारंभ किया जायेगा। लंग कैंसर पर डॉ अखिल कपूर और ब्रेस्ट कैंसर पर डॉ शल्का जोशी और डॉ दुष्यंत जायसवाल द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। इसके अलावा ब्रेस्ट कैंसर को कैसे मैनेज किया जा सकता है इस पर भी डॉ अल्का द्वारा जानकारी दी जायेगी। डॉ श्वपनील पटेल द्वारा गाइनोलॉजिकल कैंसर के मैनेजमेंट पर व्याख्यान दिया जायेगा। अयनाभ देब गुप्ता ने कहा है कि मेडिका कोलकाता में 250 बिस्तरों वाले नए कैंसर अस्पताल के साथ आया है और सिलीगुड़ी कैंसर अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ा दी है। मेडिका रांची में नया कैंसर अस्पताल भी लेकर आ रही है। मेडिका ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ सौरव दत्ता ने कहा है कि मेडिका में कैंसर टीम अंग, विशिष्ट कैंसर सर्जरी कर रही है।

### भालू के हमले से महिला घायल



**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत अंतर्गत गोमदा खोपडीकोचा गांव में गुरुवार सुबह 5 बजे झाड़ी से निकल कर एक भालू ने महिला पर हमला कर घायल कर दिया है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार सुबह 5 बजे 45 वर्षीय तरुबाला देवी घर से कुछ दूर शौच के लिये गयी थी। अचानक से झड़ियों से एक भालू निकल कर हमला कर दिया। महिला के कंधे ओर बाजू में गहरा जख्म हो गया है। घटना की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो ओर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुभाष महतो गांव पहुँच कर एम्बुलेंस की व्यवस्था किये और इलाज के लिये रिम्स भेज दिया है। इधर घटना की सूचना पर वन विभाग के प्रभारी वनपाल राजू महतो गांव पहुँच कर पीड़ित के पति को इलाज के लिये मुआवजा की अग्रिम राशि 5 हजार रुपये दिये।

### झारखंड के ब्यूरोक्रेसी रूपी स्टील फ्रेम में जंग लग गया : अरुण उरांव

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्वैच्छिक सेवा निवृत आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। वे गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के कई वरीय पदाधिकारी आज भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ईडी ने पर्याप्त प्रमाण एवं सबूतों के साथ सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि झारखंड को हमारे पुरखों ने खून पसीना से सींचा है।यह राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है लेकिन आज जिस प्रकार से वर्तमान राज्य सरकार ने इसे भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा दिया है उससे चिंता होती है। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों की जिम्मेवारी राज्य को सजाने और संवारने की थी वे आज लूट भ्रष्टाचार में शामिल हो चुके हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इन बातों से दुखी होकर उन्होंने राज्य के सबसे बड़े पदाधिकारी मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। ब्यूरोक्रेसी राज्य की स्टील फ्रेम होती है लेकिन आज उसमें ही जंग लग गया है। राज्य को दीमक की तरह ये ब्यूरोक्रेसी खाने में जुटी है।

## चिरौंदी स्थित एक घर में युवक और युवती का शव बरामद

# आत्महत्या की जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




राजधानी के बरियातू थाना क्षेत्र में डबल सुसाइड का मामला सामने आया। बरियातू के चिरौंदी स्थित एक घर में एक युवक और युवती का शव बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। **गुमला की रहने वाली थी युवती:** जिस कमरे से युवक और युवती का शव बरामद किया गया। वह अंदर से बंद था। मृतकों में युवती की पहचान गुमला की रहने वाली अन्नू टोप्पो के रूप में हुई है। वहीं युवक का नाम रूपेश कुमार है, जो एकमा का रहने वाला था। वह फिलहाल रामगढ़ के घाटो में रह रहा था। दोनों एक ही कंपनी में काम करते थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक और युवती प्रेमी प्रेमिका थे और दोनों के बीच बुधवार की रात में किसी मामले को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद युवक ने युवती को मार डाला और फिर खुद सुसाइड कर लिया। मकान मालिक ने दी जानकारीः युवती रंजन सोरेन नाम के व्यक्ति के घर में बतौर किरायेदार पिछले चार महीने से रह रही थी। युवती एक प्राइवेट कंपनी में काम किया करती थी। गुरुवार की सुबह जब दस बजे के बाद भी युवती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तब मकान मालिक उसे देखने गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, खिड़की से देखने पर दोनों के शव दिखाई दिए, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर जांच में जुटी हुई है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि तमाम तरह के सबूत इकट्ठा किए जा सके।

अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

आम सूचना

एतद् द्वारा सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता निम्न निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे :–

- सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ से संबंधित खाद्य कारोबारकर्त्ता जैसे (होटल, भोजनालय, रोस्टोरेन्ट, पानी विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं (Wholesaler), वितरक (Distributor), प्रदायक (Supplier), भंडारक (Storer), उत्पादक (Manufacturer), खुदरा बिक्रेता (Retailer), ठेला–खोमचा (Street Vendors), मटन/चिकन/मछली बिक्रेता, Medical Shop, Ice Cream Factory, कैंटिन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक (Transporter), फल–सब्जी बिक्रेता, सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था (आवासीय स्कुल, कॉलेज, हॉस्पीटल आदि) में संचालित कैंटिन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर आदि का खाद्य रजिस्ट्रेशन/खाद्य अनुज्ञप्ति (Food Licence) का होना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन/अनुज्ञप्ति के किसी भी खाद्य वस्तु (पेय पदार्थ सहित) का विनिर्माण, विक्रय, भंडारण, वितरण या आयात करना दण्डनीय अपराध है, जिसके तहत् 6 (छह) मास तक का कारावास तथा एक लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है।
- दुर्गा पूजा, दिवाली आदि त्यौहारों में मिठाई दूकानदारों द्वारा खासकर लड्डू, रसगुल्ला, पेड़ा, गुलाब जामून, बरफी आदि की मांग ज्यादा होने के कारण मिलावटी मिठाईयों का बिक्री करते हैं। जांच के दौरान यदि मिलावटी पाया जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- सभी किराना दूकानदार/बाजार में लगाने वाले किराना दूकानदार को निर्देश दिया जाता है कि खूलें में तेल की बिक्री नही करेंगे, अच्छी क्वालिटि वाले बेसन, हल्दी, गोल्की, जीरा, मिर्चा पाउडर, तेल आदि की बिक्री करेंगे। फास्ड फुड वाले अच्छी क्वालिटि का सोस आदि का प्रयोग करेंगे (वैसे पदार्थ का ही प्रयोग करेंगे जिसमें Expiry Date, Manufacturing Date, best before, Batch Number, FSSAI License Number, Manufacturer का पूर्ण पता लिखा हुआ हो आदि) यदि जांच के दौरान कोई कमी पाई जाती है तो उनका खाद्य पदार्थ को नष्ट करने के साथ–साथ FSS Act, 2006 के सुसंगत धारा के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
- बरसात के मौसम में बिमारीयों के फैलने की संभावना बहुत ज्यादा होती है। अतः सभी होटल दूकानदारों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि अपने दूकान में (फर्श, दीवार, किचन परिसर, बेसीन, नाली, बरतन आदि) की साफ–सफाई (Hygiene & Sanitation) का पूरा ध्यान रखेंगे, स्वच्छ पानी का प्रयोग करेंगे, खाद्य सामग्री को ढक कर रखेंगे, मिठाई बनाने में ताजा कच्चा सामग्री का प्रयोग करेंगे। निरीक्षण के दौरान यदि साफ–सफाई नही पाया जाता है, तो उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। जिसमें आर्थिक जूर्माना भी लगाया जाएगा।
- खाद्य पदार्थ में Expiry Date, Manufacturing Date, best before, Batch Number, FSSAI License Number आदि पैकेज Product में जरूर लिखा हुआ हो।
- खाद्य रंगो का प्रयोग सीमित मात्रा मे करें। अखाद्य रंगों का प्रयोग न करें।
- खाद्य सामग्री के निर्माण में हमेशा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करें और बर्तन का सफाई रखें एवं व्यक्तिगत सफाई का ध्यान देना है और ठक्कन युक्त कुड़ेदान का प्रयोग करना है, रसोई घर एवं भण्डार पर पूर्णता साफ–सफाई रखना है।
- मिठाई दुकान, होटल रेस्टुरेन्ट, ठेला आदि को सूचित किया जाता है कि मिठाई/नमकिन आदि बनाने के दौरान प्रयोग किये गये तेल को एक या दो से अधिक बार प्रयोग ना करें। साथ ही साथ सभी खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय जैसे–मिठाई, खोआ, पनीर, दूध, घी आदि में किसी तरह का मिलावट न करें।
- किसी भी खाद्य पदार्थ के जाँच के पश्चात् जाँच रिपॉर्ट अवमानक (Sub-standard) पाये जाने पर धारा 51 के तहत 500000 (पाँच लाख) रूपये तक का जुर्माना है, मिथ्याछाप (Misbranded) पाये जाने पर धारा 52 के तहत 300000 (तीन लाख) रूपये तक का जुर्माना तथा असुरक्षित पाये जाने पर धारा 59 के तहत जुर्माने के साथ 6 (छः) मास तक सजा का प्रावधान है।
- वैसे खाद्य कारोबारकर्त्ता (जैसे होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा, बेकरी, आईस्क्रीम फैक्ट्री आदि) जहां खाद्य पदार्थ को बनाने में पानी को प्रयोग होता हो NABL Accredited Lab से पानी का जाँच रिपॉर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15(पंद्रह) दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी जार द्वारा पानी बिक्रेता खाद्य अनुज्ञप्ति/निबंधन लेकर NABL Accredited Lab से पानी का जाँच रिपॉर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15(पंद्रह) दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा उनके खिलाफ FSS Act, 2006 के सुसंगत धारा के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूँटी
PR 309003 District(23-24).D

## गागर में सागर

### राज्यपाल से मिले विधायक कमलेश, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को विधानसभा सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने राजभवन में भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन के माध्यम से पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के एक वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी शिक्षा प्रारम्भ नहीं होने पर ध्यान दिलाया।

### आईडी टीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट लापता



**रांची।** आईडी टीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट पतरस लकड़ा के लापता होने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। पतरस लकड़ा बुधवार शाम को ऑफिस से घर के लिए निकला था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। मिली जानकारी के अनुसार पतरस लकड़ा जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे कॉल लगाया लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उसके परिजनों ने बरियातू थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। पतरस लकड़ा का स्कूटी, हेलमेट सहित अन्य समान चिरौंदी पहाड़ के पास से बरामद हुआ है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### हाई कोर्ट ने पुलिस एक्ट में सुधार के लिए दायर जनहित याचिका निष्पादित की




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पुलिस एक्ट में सुधार को लेकर दाखिल जियाउल हक की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की दलील को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार नियमावली 2017 बनाई गई है, जिसके तहत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की जा सकती है। सरकार ने राज्य में पुलिस शिकायत प्राधिकार एवं जिलों में पुलिस शिकायत प्राधिकार बनाया है। इस प्राधिकार में लोग अपनी शिकायत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कर सकते हैं। प्राधिकार में एक अध्यक्ष, तीन अन्य सदस्य एवं एक सदस्य सचिव रखे गए हैं, जो लोगों की शिकायत को देखेंगे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता जीतेश कुमार ने पैरवी की। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार के आदेश का अनुपालन झारखंड में सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए जनहित याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर इस याचिका में याचिकाकर्ता प्रकाश सिंह ने देश के सभी राज्यों में पुलिस एक्ट में सुधार करने एवं राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार एवं जिला आधार पर भी पुलिस शिकायत प्राधिकार गठित करने का आग्रह किया था।

### श्री श्री दुर्गा मंदिर पूजा समिति पत्ता से पंडाल का कर रही निर्माण

**रांची।** दशहरा का जैसे-जैसे दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे पंडाल बनाने की प्रक्रिया जो पकड़ती जा रही है। बाहर से आये कारीगर अपनी कला के हिसाब से पंडालों का निर्माण कर रहे हैं। नामकुम के सदाबहार चौक स्थित श्री श्री दुर्गा मंदिर पूजा समिति की ओर से हुगला- ताड़ के पत्तों से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। समिति के सचिव मनोज कुमार ठाकुर ने गुरुवार को बताया कि पंडाल का निर्माण कोलकाता के कारीगर के जरिये किया जा रहा है। दुर्गा मंदिर के नामकुम प्रखंड के सभी पंचायतों से दर्शन के लिए ग्रामीण पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर श्रद्धालुओं के विशेष व्यवस्था की गई है। इनमें महाभंडारा, आर्केस्ट्रा और मेला का शामिल है। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, आनंद नारायण सिंह, नीरज कुमार,, रणजीत पात्रा, कौशल सिंह, अमित कुमार, नीतेश चेलानी, शैलेन्द्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए है।

**झारखंड बीजेपी ने राहुल गांधी के ओबीसी प्रेम को बताया दिखावा, पूछा**

# कांग्रेस ने बोर्ड निगम और आयोग में कितने पिछड़ों को अध्यक्ष बनाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी इन दिनों जातीय जनगणना और भाजपा की सरकार में ओबीसी की हकमारी का सवाल जोरशोर से उठा रहे हैं। ऐसे में झारखंड भारतीय जनता पार्टी के नेता कमाल खान ने राहुल गांधी के सवाल को ही झारखंड कांग्रेस के पाले में डाल दिया है। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता कमाल खान ने राहुल गांधी और कांग्रेस के ओबीसी प्रेम को छलावा और वोट की राजनीति करार देते हुए पूछा कि कांग्रेस के नेता बताएं कि झारखंड में अब तक गठित कृषि विपणन पर्षद, झारखंड राज्य गो सेवा आयोग, झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड राज्य युवा आयोग और झारखंड राज्य आवास बोर्ड में से कितने बोर्ड या आयोग में ओबीसी को जगह दी? भाजपा नेता ने कांग्रेस से पूछा है कि राज्य में अबतक गठित बोर्ड और आयोग में से कितने का अध्यक्ष ओबीसी को बनाया है। इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में भी संख्या के हिसाब से कितने पदाधिकारी ओबीसी समाज से बनाये गए हैं। यह भी सार्वजनिक करना चाहिए। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता कमाल खान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने तो ओबीसी समाज के व्यक्ति को देश का प्रधानमंत्री बनाया है। यह बात कांग्रेस के नेता को नहीं भूलना चाहिए। वहीं, इस मामले में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि आवास बोर्ड में सदस्य ओबीसी का बनाया गया है। जबकि अध्यक्ष अनुसूचित जाति से हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल राहुल गांधी द्वारा जातीय गणना की मांग से भाजपा घबरा गई है। इसलिए उसके नेता अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।भाजपा और कांग्रेस के बीच ओबीसी का मुद्दा भले ही राजनीति से प्रेरित हो, लेकिन जिस मुद्दे को भाजपा ने झारखंड में उठा दिया है उसके बाद प्रदेश कांग्रेस के लिए यह बताना आसान नहीं होगा कि अब तक गठित आयोग, बोर्ड और पर्षद में एक भी अध्यक्ष ओबीसी से क्यों नहीं बनाया गया है।

### लौकिक भलाई के लिए साहसिक कदम उठाते थे कार्डिनल : फेलिक्स टोप्पो

**रांची।** आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के लिए विगत बुधवार को लोयला मैदान में दफन की मिस्सा हुई। हजारों लोग शामिल हुए। पूरा मैदान भरा हुआ था। कार्डिनल टोप्पो लोगों की आध्यात्मिक और लौकिक भलाई के लिए साहसिक कदम उठाते थे। अपने गुणों के कारण वे पुरोहित से धर्माध्यक्ष, धर्माध्यक्ष से महाधर्माध्यक्ष और फिर कार्डिनल के पद से विभूषित किये गये। वे भारत के प्रथम आदिवासी कार्डिनल बने। एक कार्डिनल के रूप में विश्वव्यापी कलीसिया और भारत की कलीसिया की सेवा की। उन्होंने संपूर्ण कलीसिया की अगुवाई की। सचमुच प्रभु का मार्ग तैयार किया। आर्चबिशप ने कहा कि एक ओर हम उनके वरदानपूर्ण जीवन के लिए ईश्वर को धन्यवाद दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हम उनकी आत्मा की अनंत शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। हम जानते हैं कि संसार की प्रत्येक सृष्टि ईश्वर से आती है और ईश्वर में लौट जाती है। इसे कोई नहीं रोक सकता।

## उपायुक्त ने टास्क फोर्स की बैठक में दिए कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को इंटरनल रिसोर्सेज एवं टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय में आयोजित की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने इस दौरान निबंधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की। उपायुक्त ने अवर निबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के शेष माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। इसके अलावा उपायुक्त ने परिवहन से प्राप्त राजस्व संग्रह, उत्पाद से प्राप्त राजस्व संग्रहण, खनन से प्राप्त राजस्व संग्रहण और वाणिज्यकर से प्राप्त राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को कहा कि जो कबाड़ी वाहन विभिन्न भवनों और अन्य जगहों में कबाड़ के रूप में पड़ी हैं, उसे स्क्रैब कराएं ताकि जगह बने। उपायुक्त ने उत्पाद पदाधिकारी से कहा कि शराब की कीमत एमआरपी मूल्य से ज्यादा वसूली करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करें। उपायुक्त ने खनन पदाधिकारी से बालू उठाव की जानकारी लेते हुए पूछा कि कितने लोगों पर अवैध ईंट-भट्टे, अवैध खनन, भंडारण, परिवहन के विरुद्ध सम्बंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### रांची विवि के बीएड विभागों में कार्यरत प्रोफेसरों के मानदेय में हुई बढ़ोतरी




**रांची।** रांची विवि अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों व पीजी विभागों में चल रहे वोकेशनल कोर्स तथा बीएड विभागों में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर के भी मानदेय में बढ़ोतरी कर दी गयी है। कुलपति के आदेश पर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बढ़ा हुआ मानदेय सितंबर 2023 से प्रभावी होगा। विवि द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक रांची वीमेंस कॉलेज तथा डोरंडा कॉलेज में बीएड विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर को अब प्रति माह 43,908 रुपये की जगह 48,300 रुपये मिलेंगे, जबकि केओ कॉलेज गुमला में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर को 41,532 रुपये की जगह अब 45,685 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इसी प्रकार वोकेशनल कोर्स में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर को 39,600 रुपये की जगह अब 43,560 रुपये, 34,100 रुपये की जगह अब 37,510 रुपये तथा 28,600 रुपये की जगह अब 31,460 रुपये प्रतिमाह मानदेय का भुगतान होगा। वोकेशनल कोर कमेटी के निर्णय के आलोक में कुलपति ने सभी कॉलेजों व विभागों को तत्काल इस पर अमल करने का निर्देश दिया है।

**खेलगांव जाने से पहले अचानक मुख्यमंत्री पहुंचे राजभवन, राज्यपाल से की मुलाकात**

# राज्य में चल रही गतिविधियों व सरकार के कार्यों की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। आमतौर पर मुख्यमंत्री बीच-बीच में राजभवन आते हैं और राज्य में चल रही गतिविधियों और सरकार के कार्यों की जानकारी देते हैं। मुख्यमंत्री के राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने स्वागत किया और उनको राज्यपाल के कक्ष तक ले गये। सीएम के साथ प्रधान सचिव वंदना दादेल और सचिव विनय चौबे भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यपाल का अभिवादन किया। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। सीएम कुछ बिंदुओं को लेकर विस्तार से राज्यपाल को बताते नजर आए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि किन-किन बिंदुओं पर चर्चा हुई। इससे पहले राज्यपाल और सीएम ने तस्वीरें भी खिंचवाई। राज्यपाल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री खेलगांव में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए आयोजित राशि सम्मान समारोह में शिरकत करने के लिए रवाना हो गये। बता दें कि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के कार्यकाल के दौरान सीएमओ और राजभवन के बीच दूरी बढ़ गई थी। सीएम से जुड़े ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में चुनाव आयोग का मंतव्य आने के बाद लिफाफे को नहीं खोले जाने पर जमकर राजनीति भी हुई थी।



## छात्र हित में चांसलर पोर्टल पुनः खोले विश्वविद्यालय : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष सुदेश कुमार साहू से मुलाकात कर उनसे यूजी सत्र 23-27 में रिक्त सीटों के लिए चांसलर पोर्टल पुनः खोलने की मांग की। रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहां के बिना सूचना दिए हुए अचानक से चांसलर पोर्टल बंद करना कहीं से भी उचित निर्णय नहीं है जबकि विश्वविद्यालय के कई महाविद्यालय के कई विभागों में बहुत मात्रा में सीट खाली पड़ी हुई है।


आगे श्री शुक्ल ने कहा की अगर इस मांग पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विचार कर छात्र-छात्राओं के हित में निर्णय नहीं लिया गया तो अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्र हित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

वहीं मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष सुदेश कुमार साहू ने कहा की रांची विश्वविद्यालय में चांसलर पोर्टल के माध्यम से 50000 फॉर्म भरे गए थे और अभी तक 30000 एडमिशन हुए। सुदेश साहू ने कहा की इस मामले पर कुलपति से विचार-विमर्श करके छात्र-छात्राओं के हित में जो भी उचित निर्णय होगा वह विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय वरिय उपाध्यक्ष दीपक दुबे, राहुल कुमार, मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

### हाई कोर्ट ने एडवोकेट एसोसिएशन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा बनाए गए मॉडल रूल को चुनौती देने वाली एडवोकेट एसोसिएशन की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इसी तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा वाले खंडपीठ ने कहा कि चूंकि इस तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी, 2024 निर्धारित की जाती है। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट के खिलाफ अगली सुनवाई तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। सुनवाई के दौरान बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा, बीसीआई के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण एवं एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष रितु कुमार एवं सचिव नवीन कुमार ने पैरवी की।

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों का जिला स्तरीय 'कला-उत्सव' में शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कला-उत्सव 2023- 24 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा अवनि चैधरी ने शास्त्रीय नृत्य (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के ऋतुराज रॉय ने विजुअल आर्ट टू डाइमेंशनल (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं की रोहिणी राज ने लोकगीत (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान तथा कक्षा नवम के सार्थक लाल ने लोकगीत (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 11वीं कक्षा के साहिल ने अवनद्य वाद्य- संगीत वादन (बालक वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अवनि चैधरी, ऋतुराज रॉय और रोहिणी राज को कला-उत्सव के राज्य स्तर के लिए भी चयनित किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल अपने छात्रों की उपलब्धि पर गौरवान्वित है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के परिश्रम और लगन की प्रशंसा की और उन्हें कला और संस्कृति के प्रति समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक**

# प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए बच्चों की इंट्री में तेजी लाने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक 'ए' स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सुधीर बाड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा प्री मैट्रिक (प्राथमिक/मध्य उच्च विद्यालय), पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), अत्याचार निवारण अधिनियम 1989, वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत वन अधिकार समिति का पुनर्गठन, बिरसा आवास निर्माण योजना, शहीद ग्राम विकास योजना, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना, मसना, हड़गड़ी इत्यादि की घेराबंदी, धुमकड़िया भवन निर्माण योजना, कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, कल्याण विभागीय एसटी, एससी छात्रावासों (आवासीय विद्यालयों को छोड़कर) की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार, विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत योजना इत्यादि की समीक्षा की गयी। बैठक में सबसे पहले वन अधिकार अधिनियम 2006 अंतर्गत वन अधिकार समिति के पुनर्गठन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने विभागीय निदेशानुसार निर्धारित समय में समिति के गठन/पुनर्गठन के निदेश दिये। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को क्लेम और ऑब्जेक्शन प्राप्त करने के लिए तिथि की घोषणा और इसका प्रचार-प्रसार करने को भी कहा। प्री मैट्रिक (प्राथमिक/मध्य उच्च विद्यालय) छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने

> उपायुक्त ने इस संबंध में डीईओ के साथ बैठक बुलाकर सामने आ रही परेशानियों को दूर करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पोस्ट मैट्रिक का आवंटन अप्राप्त है

ऑनलाइन पोर्टल में बच्चों की इंट्री में तेजी लाने का निदेश दिया। उन्होंने इस संबंध में डीईओ के साथ बैठक बुलाकर सामने आ रही परेशानियों को दूर करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पोस्ट मैट्रिक का आवंटन अप्राप्त है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के चयन की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी घर-घर जाकर पम्फलेट बांटें, प्राप्त आवेदनों में जो सबसे ज्यादा जरुरतमंद हैं उनका चयन करें। निदेशक आईटीडीए को उपायुक्त ने सभी बीडब्ल्यूओ को चेकलिस्ट बनाकर देने का निदेश दिये। उपायुक्त ने कहा कि बिना किसी विवाद और दबाव के योजना का धरातल पर क्रियान्वयन करायें। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड में पात्र आवेदकों को चिन्हित करते हुए योजना का लाभ सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान) की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जरुरतमंद लोगों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निदेश दिये। उन्होंने प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को ग्राम सभा में लोगों से आवेदन प्राप्त करने को कहा।

## एचईसी कर्मियों ने काम किया बंद, सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन ( एचईसी ) कर्मियों ने गुरुवार को बकाये वेतन की मांग और लाठीचार्ज के विरोध में काम बंद कर दिया है। कर्मियों ने प्रोजेक्ट भवन जाने वाले सड़क को भी जाम कर दिया है। रास्ता बंद करने की वजह से वहां गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी है। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। एचईसी कर्मियों के प्लांट बंद रखने के आह्वान को लेकर मुख्यालय में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। मुख्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। पुलिस कर्मियों को समझा रही है, और सड़क से हटने को कह रही है। उल्लेखनीय है कि एचईसी कर्मी गत बुधवार को लंबित वेतन की मांग को लेकर एचएमडीपी एडीएम बिल्डिंग में धरना दे रहे थे। इसके बाद प्रबंधन ने सीआईएसएफ जवानों को बल प्रयोग करने का आदेश दिया। इसके बाद सीआईएसएफ के जवानों ने उन पर बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया था। इसमें कई घायल हो गए थे।

## गागर में सागर

### गिरिडीह : सड़क पार करते युवक को टैंकर ने रौंदा, मौत

**गिरिडीह।** डुमरी थाना अंतर्गत आईबीपी मोड़ के पास बुधवार देर रात सड़क पार करते युवक को टैंकर ने कुचल दिया. युवक की मौके पर ही मौत हो गयी. गेंदो सिंह (21 वर्षीय) विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत बड़ीखरना गांव का रहने वाला है. लेकिन पिता दुलार सिंह की मौत के बाद वह डुमरी में अपनी बहन के घर पर रहता था. गेंदो सिंह वहां मजदूरी का काम करता था. सूचना पर पहुंची डुमरी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. समाचार लिखे जाने तक मृतक के शव के पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही थी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार देर रात गेंदो काम करके बहन के घर डुमरियाटांड़ लौट रहा था. मीना हॉस्पिटल के सामने जब वह सड़क पार कर रहा था, उसी समय रांची की ओर से आ रही टैंकर ने उसे बीच सड़क पर कुचल दिया. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. स्थानीय लोगों की मदद से टैंकर को पकड़ लिया गया और डुमरी पुलिस के हवाले कर दिया गया.

### पूर्वी सिंहभूम जिले को मिला तीन नए प्रशिक्षु डीएसपी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में बीते दो सालों से डीएसपी यातायात की कुर्सी प्रभार पर चल रही है. वहीं डीएसपी मुख्यालय 2 का पद भी प्रभार पर चल रहा है. डीएसपी सिटी का पद भी खाली है. इन रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाएगा. इसके लिए जिले को तीन नए प्रशिक्षु डीएसपी मिले है. इनमें जामताड़ा निवासी निवासी अकरम रजा, हजारीबाग निवासी रोहित कुमार साव और कोडरमा निवासी सन्नी वर्धन शामिल हैं. सभी ने योगदान दे दिया है. फिलहाल सभी प्रशिक्षण अवधि में हैं. प्रशिक्षण पूर्ण हो जाने के बाद इन्हें पद दे दिया जाएगा. सभी 7वीं से 10वीं जेपीएसपी के हैं.

### अवैध आरा मिलों पर कार्रवाई

**गिरिडीह।** गुरुवार को वन विभाग की टीम ने खुरचुट्टा वन प्रक्षेत्र अंतर्गत बेंगाबाद के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया. अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से संचालित आरा मिलों को उखाड़ा गया. इस क्रम में बेंगाबाद थाना अंतर्गत दामोदरडीह, बिजली बथान और गादी में अवैध रूप से संचालित तीन आरा मिलों में छापेमारी की गई. इस दौरान भारी मात्रा में लाखों के मूल्य की लकड़ियां जब्त की गईं. हालांकि कार्रवाई की भनक लगते ही धंधेबाज फरार होने में कामयाब हो गए. वन विभाग की टीम द्वारा आरा मिलों को उखाड़ कर जब्त कर लिया गया है. साथ ही मिलों से लगभग 10 ट्रैक्टरों में लकड़ियों को जब्त कर बेंगाबाद स्थित रेंज कार्यालय लाया गया. छापेमारी का नेतृत्व डीएफओ प्रवेश अग्रवाल कर रहे थे. डीएफओ ने बताया कि तीनों आरा मिलों से लगभग 12 लाख रुपये मूल्य की लकड़ियां जब्त की गई हैं. सभी आरा मिल संचालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. छापेमारी दल में रेंजर सुरेश रजक फारेस्ट ऑफिसर विश्वनाथ सिंह वन कर्मी विष्णु किस्कू, दिवाकर तांती, यासिर अराफात, राजेश पंडित, जितेंद्र कुमार, बबिता कुमारी एवं बेंगाबाद पुलिस की टीम सहयोग के लिए शामिल थी.

### पानी-बिजली व जाम की समस्या को लेकर भाजयुमो का धरना 14 को

**धनबाद।** दुर्गा पूजा शुरू होने में अब चंद दिन बचे हैं. लेकिन शहर की सड़कें बदहाल हैं. पानी-बिजली, ट्रैफिक जाम व स्ट्रीट लाइट की समस्या जस की तस बनी हुई है. इसे देखने वाला कोई नहीं है. पूजा में बड़ी संख्या में लोग घर से निकलेंगे और उन्हें इन कठिनाइयों का समाना करना पड़ेगा. भाजयुमो ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा. भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने गुरुवार को गांधी सेवा सदन में पत्रकार वार्ता में इन मुद्दों पर 14 अक्टूबर को रणधीर वर्मा चौक पर धरना देने की घोषणा की. उन्होंने जिला प्रशासन से पूजा से पहले इन तमाम समस्याओं का समाधान करने की मांग की. साथ ही डेंगू के खतरे को देखते हुए नगर निगम से सभी वार्डों में फॉगिंग कराने का आग्रह किया. मौके पर महामंत्री तमाल राय, जयंत चौधरी, रवि मिश्रा, पिंटू सिंह, मुकेश साव, रंजीत प्रसाद, शिव झा आदि मौजूद थे.

### नशामुक्त को लेकर महिलाओं ने चलाया डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान

**जमशेदपुर।** रायकेरा पंचायत की महिलाओं ने आज गुरुवार को मुखिया रानी कच्छप के नेतृत्व में पंचायत को नशामुक्त करने को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया. साथ ही गांव की महिलाओं को पंचायत को नशापान मुक्त करने का संकल्प दिलाया गया. साथ ही नशापान के विरोध में लोगों को जागरूक करने का अपील की. मौके पर मुखिया रानी कच्छप ने कहा कि रोजगार के अभाव में गांव के युवा वर्ग नशे की लत पकड़ रहे हैं. इसकी वजह से आये दिन हर घर में कलह हो रहे हैं. इसका मुख्य कारण पंचायत में अवैध रूप से महुआ चुलाई व धड़ल्ले से देसी महुआ शराब की बिक्री है. उन्होंने पंचायत को नशामुक्त करने के लिए महिलाओं को अपने घर से ही शुरूआत करने को कहा. इस अभियान में मुखिया रानी कच्छप के साथ कई महिलाएं शामिल हुई और समाज को नशमुक्त करने में अपना सहयोग दिया.

## बोकारो: बीएसएल ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# बुलडोजर चला, 40 झुग्गी-झोपड़ी ध्वस्त







- 40 वर्षों से रह रहे लोग
- पर्व में हो गए बेघर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के नगर सेवा विभाग की ओर से सेक्टर-4 के एटवाल कॉलोनी में गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. इस दौरान बुलडोजर चलकर 40 झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया गया. बीएसएल की ओर से झोपड़ी में रहने वाले लोगों को सुबह के 11 बजे सामान निकालने के लिए समय दिया. इस बीच सभी लोगों ने घरों से सामान निकाला. उसके बाद एक-एक कर सभी झोपड़ियों को तोड़ना शुरू कर दिया गया. करीब तीन घंटे तक झोपड़ियों को तोड़ने के बाद बीएसएल की टीम निकल गई. कार्रवाई को लेकर किसी भी तरह का विरोध न हो, इसे लेकर जिला पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी. बताते चलें कि बीते 29 सितंबर को बीएसएल की अतिक्रमण हटाने वाली टीम पहुंची थी. टीम पर कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने हमला कर दिया था. जिसमें बीएसएल के एक अधिकारी को चोट भी लगी थी. इसके बाद से ही इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों को अपना आशियाना उजड़ने का डर सताने लगा था. वहीं बीएसएल की ओर से लगातार तीन दिनों तक एटवाल कॉलोनी में अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाकर रहने वाले लोगों की झोपड़ियों को तोड़ने की कार्रवाई होगी. सेक्टर-4 थाना के बगल में बीएसएल कूलिंग पौंड से सटकर बीएसएल की खाली पड़ी जमीन पर बीते 40 वर्षों से बड़ी संख्या में लोग झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं, जो शहर में दिहाड़ी मजदूरी कर अपनी जीविका चलाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में झोपड़ी बनाते हुए लोग सेक्टर-4 बीजीएच चौराहा तक पहुंच गए थे. जिसके बाद ही बीएसएल की ओर से 29 सितंबर को एक घर को तोड़ा गया था. उस दिन ही वहां पर पथराव की घटना हुई थी. जिसके बाद बीएसएल के अधिकारी ने लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था. जिसमें पुलिस ने दो लोगों को जेल भेजा था. झोपड़ी टूटने के बाद कई लोग अपने घरों के सामान को समेट रहे थे. इस दौरान पार्वती देवी ने बताया कि अभी दुर्गा पूजा शुरू होने वाला है. ऐसे में उनका आशियाना उजड़ गया. अब अचानक कहां जाएं समझ में नहीं आ रहा है. इस तरह कई परिवार इस कार्रवाई से सड़क पर आ गए हैं. जिसके आंसू पोंछने वाला कोई नजर नहीं आया.

## चंद्र प्रकाश चौधरी मिले डीवीसी व कोल इंडिया चेयरमैन से, कहा

# विस्थापितों के मामलों का शीघ्र करें निबटारा व ओवरलोडिंग पर लगाएं रोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने डीवीसी के चेयरमैन एम रघुराम एवं कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर विस्थापितों के मामलों का जल्द से जल्द निबटारा करने की मांग की है। साथ ही डीवीसी को स्पष्ट किया है की प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से कोई समझौता नहीं होगा। स्थिति यह है कि डीवीसी की काम कर रही कंपनियों द्वारा ओवरलोडिंग किया जा रहा है, जो एनजीटी गाइडलाइन का उल्लंघन हैं और इस पर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कोलकाता में दोनों चेयरमैन से अलग -अलग मिलकर अपने संसदीय क्षेत्र व राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समाधान की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने डीवीसी द्वारा रखे जा रहे अप्रेंटिस को ट्रेनिंग के बाद बहाल करने का मुद्दा उठाया। इस पर डीवीसी ने जल्द बहाल करने की बात कहीं। उन्होंने डीवीसी के विस्थापित गांव नया बस्ती के विस्थापितों को अब तक जमीन का पट्टा नहीं मिलने, चंद्रपुरा-बोकारो थर्मल के सप्लाई मजदूरों के ग्रेच्युटी, एक्सग्रेसिया का भुगतान दुर्गा पूजा से पहले करने, बोकारो थर्मल के उच्च एवं मध्य विद्यालय के संविदा शिक्षकों को जून माह का भुगतान अब तक नहीं किए जाने, बोकारो थर्मल बी प्लांट की कटिंग का काम करने वाली कंपनी में स्थानीय एवं विस्थापितों को रोजगार पर नहीं रखे जाने को लेकर चर्चा की। साथ ही एसटीपी का काम करने वाली कंपनी निविदा के अनुसार बोकारो थर्मल में काम नहीं कर रही है और साइट पर कभी भी डीवीसी सिविल इंजीनियर नहीं रहते हैं, पर भी ध्यान आकृष्ट कराया। दोनों चेयरमैन ने सांसद चन्द प्रकाश चौधरी को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि जो विषय सामने आई है, का समाधान शीघ्र की जायेगी।

### हजारीबाग : डायरिया पीड़ितों की हालत में तेजी से हो रहा सुधार

**हजारीबाग।** प्रखंड मुख्यालय से सटे चलंगा में फैला डायरिया नियंत्रण में आ गया है. इस गांव के एक दर्जन से ज्यादा लोग डायरिया से पीड़ित थे. सूचना मिलने पर विष्णुगढ़ सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह मेडिकल टीम के साथ डायरिया प्रभावित गांव पहुंचे और पीड़ितों को एंबुलेंस से लाकर सीएचसी में भर्ती किया. पीड़ितों में रिजनी देवी (45), अरुण कुमार (25), मनीष कुमार (10 ), धनेश्वरी देवी (30 ), चंपा देवी(30), माघी घटवार (60), दीपक घटवार (12), गांगो घटवार (60), मंजू देवी (45) तथा तुलसी घटवार (60) की हालात गंभीर थी. घटना चार दिन पहले की है. अब पीड़ितों की स्थिति में सुधार हो रहा है. डॉ. सिंह ने बताया कि जंगली मशरूम खाने से सभी डायरिया की चपेट में आ गए थे. इस रोग से बचने के लिए गांव के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डाला गया है. ग्रामीणों को उबला हुआ पानी ठंढ़ा कर पीने की सलाह दी गई है. बासी खाना खाने से मना किया गया है.

### बोकारो में मोबाइल पर कैदी को बात कराना पड़ा महंगा एसपी ने किया पुलिसकर्मी को निलंबित



**बोकारो।** जिले के तेनुघाट कारा में बंद विचाराधीन कैदी का मोबाइल फोन में बात करने के वायरल वीडियो मामले में बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक ने कैदी को लाने वाले सिपाही को निलंबित कर दिया है। आरोपित पुलिसकर्मी पर विभागीय कार्रवाई भी होगी। विचाराधीन कैदी का फोन पर बात करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। वायरल विडियो की सूचना मिलने पर बोकारो एसपी प्रियदर्शी आलोक ने जांच कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट की मांगी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। बोकारो के सेक्टर चार में ठेला लगाने वाले से पुलिस द्वारा दारु मांगने, मुर्गा बनवाने, पैसा मांगने पर पिटाई का वीडियो वायरल हो गया। इस वीडियो में पुलिसकर्मी शराब पीते दिख रहे हैं। उनके साथ दो अन्य लोग और है। वीडियो वायरल होने के बाद बोकारो एसपी पूरे मामले की जांच के आदेश डीएसपी को दिए हैं।

# रांची में लोकसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आज दिनांक 12/10/2023 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनूसूचित जाति विभाग के कार्यालय में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजू राम कि अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का प्रखंड अध्यक्ष फेर बदल किया गया है। हटिया की जिम्मेदारी मनोज नायक, बरियातू राजू नायक, मोरहाबादी रिक्की नायक ने कोकर के सूरज राम को सौंपा। इसके साथ महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग को भी मौका दिया गया और महानगर की जिम्मेदारी सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार राम, महावीर मिर्धा, सह सचिव बसंत पासवान, संजय नायक, देवेन्द्र रजक को दिया गया है। सभी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनूसूचित जाति विभाग का प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने पत्र देकर स्वागत किया। इसमें केदार पासवान ने सभी को लोकसभा चुनाव के लिए अपने-अपने क्षेत्र में काम करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान, सचिन गोस्वामी, सुरेश मिर्धा, संजय नायक, मनोज नायक, देवेन्द्र रजक आदि अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### जलने से जुड़ गये थे बच्ची के दोनों पैर मंत्री जोबा ने रिम्स में कराया ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अबोध बच्ची के आपस में जुड़े दोनों पैरों का सफल ऑपरेशन गुरुवार को रिम्स रांची में हुआ. अबोध बच्ची का सर्जिकल ऑपरेशन महिला कल्याण, बाल विकास सह सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माजी के प्रयास से संभव हुआ है. पीड़ित बच्ची पश्चिम सिंहभूम जिला अंर्तगत मनोहरपुर पूर्वी पंचायत के गांव बांधटोली के रहने वाले सच्चिदानंद नायक की पौने दो साल की बच्ची दीपिका नायक है. उस बच्ची का शिशु अवस्था में दोनों पैर जल गया था. इससे बच्ची के दोनों पैर आपस में जुड़ गये हैं. बच्ची के माता-पिता ने अपने स्तर से मनोहरपुर सीएचसी एवं राउरकेला आरजीएच अस्पताल में उसका इलाज कराया. पैर का जख्म तो ठीक हो गया. किंतु जलने से पीड़ित बच्ची के दोनों पैर आपस में जुड़े हुए थे. बच्ची के पिता की आर्थिक माली हालात अच्छी नहीं है. इसके चलते बड़े अस्पताल में बच्ची का इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा था. ऐसे में मनोहरपुर के स्थानीय झामुमो कार्यकर्ता मो उमर और अजहर अली ने उस बच्ची का इलाज के लिए मंत्री जोबा माजी से बात की. जोबा मादी ने उस बच्ची का रिम्स रांची में इलाज के लिए भर्ती कराया तथा सर्जिकल ऑपरेशन के लिए उन्होंने बच्ची के परिवार को हरसंभव सहयोग दिया. आखिरकार प्रयास रंग लाया तथा गुरुवार को बच्ची का सर्जिकल ऑपरेशन कामयाब रहा.

### हजारीबाग में नैक की टीम ने किया अन्नदा कॉलेज का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** अन्नदा कॉलेज में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम का गुरुवार को आगमन हुआ. एनसीसी की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर टीम के सदस्यों का स्वागत किया. वहीं, परंपरागत नृत्य एवं गीत से कॉलेज के विद्यार्थियों ने अगुवानी की. तत्पश्चात, कॉलेज प्रबंधन के सचिव डॉ. सजल मुखर्जी, प्राचार्य डॉ. नीलमणि मुखर्जी, आक्यूएसी के समन्वयक डॉ. बरनांगो बनर्जी एवं सभी विभागाध्यक्षों के साथ टीम के सदस्यों ने कॉलेज परिसर का परिभ्रमण किया. नैक की टीम में अध्यक्ष डॉ. बीबी काकड़े शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर, समन्वयक डॉ. वाईबी रेड्डी वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश और सदस्य डॉ. मनोज कुमार पटेल आनंद कला महाविद्यालय गुजरात शामिल रहे. डॉ. सजल मुखर्जी ने सदस्यों का स्वागत करते हुए संक्षेप में कॉलेज के बारे में जानकारी देने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कॉलेज की प्रगति से संबंधित विषयों की चर्चा की. मालूम हो कि इसके पहले नैक की टीम दो बार अन्नदा कॉलेज का मूल्यांकन कर बेहतर श्रेणी में ग्रेडिंग कर चुकी है. इस बार तृतीय चक्र का मूल्यांकन हो रहा है. दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत पीयर की टीम प्रशासनिक कार्यालय, विभागवार प्रगति रिपोर्ट, पुस्तकालय, विद्यार्थियों का प्रदर्शन, परीक्षा विभाग का प्रगति प्रतिवेदन, खेल सुविधाएं समेत विभिन्न बिन्दुओं का आकलन करेगी.

## आत्मनिर्भर | सांसद ने किया स्वावलंबन कान्क्लेव सह मेला का उद्घाटन, बोले

# कुपोषित बच्चों को पौष्टिक मिड डे मील होगा उपलब्ध



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) संपोषित सूक्ष्म उद्यम संवर्धन कार्यक्रम के तत्वावधान में गुरुवार को स्वावलंबन कॉन्क्लेव-सह-मेला का आयोजन किया गया. स्थानीय पाराडाइज रिसोर्ट में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि आज हजारीबाग में एक नया इतिहास रचा जा रहा है, जिससे स्थानीय संस्थाओं के साथ जुड़े कारीगरों की कला, ऊर्जा, जुनून और प्रतिभा को सम्मान मिलेगा. उन्होंने सिडबी के माध्यम से अक्षय पात्र को 60 लाख रुपए की सीएसआर सहायता की चर्चा करते हुए कहा कि इससे कुपोषित बच्चों को पौष्टिक मिड डे मील उपलब्ध होगा. एनबीजेके को ग्रामीण उद्यमों के संवर्धन के लिए 68 लाख रुपए की परियोजना संचालित करने का दायित्व सौंपा गया है. सांसद ने स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हजारीबाग में डेयरी, फर्नीचर और कृषि संबंधी 20 को-ऑपरेटिव्स संचालित हैं, जिन्हें बिल मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन से मार्केटिंग सहयोग मिला है. 20 करोड़ रुपए का आत्मनिर्भर हजारीबाग अभियान चल रहा है और एचडीएफसी बैंक की मदद से इस पायलट प्रोजेक्ट को झारखंड के अन्य 20 जिलों में लागू किया जाएगा. उन्होंने सिडबी से मांग की कि यहां के लोगों को भरपूर तकनीकी सहायता, मार्केटिंग सुविधा, डिजाइन विशेषज्ञता का लाभ और व्यापार क्रेडिट कार्ड जैसे नवाचारों से लैस किया जाए. स्वावलंबन मेला में विशेष रूप से शामिल सिडबी के चेयरमैन एस रमण ने इस आयोजन पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में महिलाओं की भरपूर सहभागिता और स्टॉलों पर लगे उत्पादों को देखकर उन्हें उनकी क्षमता पर विश्वास हो गया है. उनकी कोशिश होगी कि हर जिले में लघु उद्यमियों की समस्याओं का समाधान हो सके.

# चापाकल व जलमीनार खराब, 160 परिवार के सामने पेयजल संकट



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** तांतनगर प्रखंड के अंगरडीह पंचायत अतंर्गत पोड़ाडीहा में 10 चापाकल व जलमीनार खराब पड़े हैं. चापाकल व जलमीनार खराब होने से 160 परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है. वे त्राहिमाम कर रहे हैं. गांव वाले आधा किलोमीटर दूर स्थित छोटी नदी से पानी लाकर खाना बनाते तथा प्यास बुझाते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि खराब पड़े चापाकल व जलमीनार को ठीक करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि के पास कई बार शिकायत किया, लेकिन किसी ने समस्या का समाधान करने की सुधि नहीं ली. इससे ग्रामीणों में जन प्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति काफी रोष है. वहीं झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष रियांस सामड ग्रामीणों से मिले और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता से दूरभाष पर बात कर समस्या की जानकारी दी. मनीष राम से मामले को लेकर बात की. इस अवसर पर मंजू सिद्दू, रवि गोप, भगवान तांती, चंपई सिद्दू, सुमन सिद्दू, अनिता सिद्दू आदि ग्रामीण उपस्थित थे.

## गागर में सागर

### माता वैष्णो देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र 15 अक्तूबर से



**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर के प्रांगण में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 15 अक्तूबर को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। यह जानकारी माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि नवरात्र पूजन 15 अक्तूबर से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला होंगे। 21 अक्तूबर को मंदिर परिसर में महिला मंडली द्वारा कीर्तन किया जाएगा। वहीं, 22 अक्टूबर को हवन, कंजक पूजन एवं 23 अक्तूबर को सुबह 8 बजे से भंडारा (प्रसाद वितरण) होगा। श्री मारवाह ने बताया कि नवरात्र कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जोर-शोर से जुटे हुए हैं।

### जरहिया डैम में महिला का मिला शव ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस

**बरही ।** देर संध्या बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत स्थित जरहिया डैम में एक महिला का शव देखकर ग्रामीण हतप्रभ थे. तत्काल इसकी जानकारी स्थानीय थाना को दिया गया. युवा समाजसेवी मनोहर यादव ने बताया कि संध्या भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने डैम में शव तैरते देखा. महिला लाल कपड़े पहनी हुई है और शरीर उल्टा है. शव दो या तीन दिन का लग रहा है जो पानी से पूरी तरह फूल गया है. इस कारण शव की पहचान नही हो पा रही है. समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों की सूचना पर देर संध्या पुलिस पहुंचकर शव निकालने का प्रयास कर रही थी.

### सीआरपी पुत्र की मौत से पूर्व विधायक आहत, परिजनों से मिल दिया सांत्वना



**बरही ।** करसो निवासी सीआरपी वीरेंद्र यादव के एयर फोर्स में कार्यरत पुत्र लक्की यादव के निधन से पूरे गांव में शोक व्याप्त है. निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने समर्थकों संग पीड़ित परिवार से मिलने उसके गांव करसो पहुंचे. परिजनों को सांत्वना दिया. उन्होंने कहा कि युवक होनहार था. उसकी मौत ने देश का एक होनहार जवान खो दिया है. दुख की इस घड़ी में वह परिजनों के साथ है. पूर्व विधायक ने दिवंगत युवक की आत्मा की शांति और पीड़ित परिवार दुःख से निबटने के लिए श्री हरि से कामना किया है. मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, संतोष निषाद, ज्योतिष यादव, सचिन यादव, प्रमोद यादव, देवेंद्र यादव, विशाल यादव, राजेन्द्र यादव, सूरज यादव, अमित सिंह, सुरेश गोप, सूरज यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

### राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉलीवॉल के लिए ट्रायल 15 को

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला बॉलीवॉल संघ द्वारा राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉलीवॉल प्रतियोगिता के लिए 15 अक्टूबर को 9:00 बजे ट्रायल का आयोजन रेलवे मैदान रांची रोड में किया जाएगा। बताया गया की रामगढ़ जिला बॉलीवॉल टीम लातेहार में 2 से 5 नवंबर तक आयोजित होनेवाली ट्रायल में भाग लेगी। बताया गया कि ट्रायल में भाग लेने के लिए बालक-बालिका वर्ग के प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र जो नवंबर 2007 का हो लेकर आना होगा। ट्रायल जिला संघ के अध्यक्ष गोपाल राम और सचिव जी मिश्रा की देखरेख में संपन्न होगा।

### कृषक सलाहकार समिति चुनाव संपन्न

**बरकट्ठा।** प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में कृषक सलाहकार समिति का पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। पुनर्गठन को लेकर आपसी सहमति नहीं होने के कारण गहमागहमी के बीच अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने की। जहां प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर के पर्यवेक्षण में विभिन्न पंचायतों के 26 कृषक मित्रों के बीच कृषक सलाहकार समिति का पुनर्गठन प्रक्रिया शुरू हुई। बैठक में सहमति नहीं बनने पर अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया। कृषक सलाहकार समिति में अध्यक्ष पद पर तीन लोंगो ने दावेदारी पेश की। इनमें उतिम महतो, महेश मांझी और दुलारचंद यादव शामिल हैं। तीनों के बीच चुनाव कराया गया।

## दुर्गापूजा को लेकर डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# पंडालों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी दुर्गा पूजा पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने हेतु पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लाइटिंग की व्यवस्था सुद्दढ़ रखने एवं अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। साथ ही पंडाल में प्रवेश एवं निकासी हेतु महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने किसी भी परिस्थिति में भड़काऊ अथवा अश्लील गाने न बजाने हेतु शख्त निर्देश दिए।सुरक्षा द्दष्टि के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जाने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों एवं विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम द्दष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने एवं तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने एवं आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशा निदेर्शों को पहुंचाने की अपील की । उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। साथी उन्होंने विसर्जन विजया दशमी के दिन दिए गए समय पर ही करने का निर्देश दिया।

### दुगार्पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के तूईयो पंचायत अंतर्गत ग्राम मधुबन में दुगार्पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। साथ ही समिति का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से अध्यक्ष रामदेव यादव , सचिव शंकर दास, कोषाध्यक्ष भोलानाथ यादव को बनाया गया। साथ ही सदस्य के रूप में विजय यादव, सहदेव यादव, सुखदेव प्रसाद यादव, प्रकाश यादव, सुरेश पासवान, राजेंद्र पासवान,बद्री दास, कैलाश दास, दीपक ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर , चिंता देवी, महादेव ठाकुर,पुनित यादव, रमेश यादव को बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष रामदेव यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुगार्पूजा शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने सरकारी गाइडलाइंस के अंतर्गत पूजा संपन्न कराने की बात कही। बैठक में राजेश यादव,नरेश यादव, विकास यादव समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में दो सगे भाई की मौत, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग के मगनपुर गांव के समीप गुरुवार दो बजे के करीब सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि गोला थाना क्षेत्र के मुरुडीह गांव निवासी डहरु महतो उर्फ सुधीर 35 वर्ष, रामलखन महतो उर्फ छुटूबाबू 25 वर्ष पिता भुटूकचंद महतो अपनी बाईक नंबर जेएच 24 बी 7547 पर सवार होकर दोनों अपने घर जा रहे थे। इस बीच गोला की ओर से स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे स्कूली वैन को बाईक सवार यवकों ने दूसरी छोर पर जाकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाईक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, वैन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोंगो की मदद से गंभीर रूप से घायल चोकाद गांव निवासी रामु मुंडा उम्र 47 वर्ष पिता स्व पाली मुंडा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वैन चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि वैन पर सवार सभी स्कूली बच्चे सभी सुरक्षित हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में कर थाने ले आई और कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। दुर्घटना में मृत सुधीर व रामलखन दोनों सगे भाई थे। सुधीर अपने ससुराल बोकारो जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के टकाहा सदमा में रहता था। जिसे अपने घर लाने के लिए रामलखन अपने बड़े भाई सुधीर के ससुराल गया हुआ था। लौटने के क्रम में उक्त स्थल पर घटना हुई। जिससे दोनों भाईयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों भाईयों के पत्नी सहित एक-एक बेटी व एक-एक बेटे हैं। दोनों सगे भाईयों की एक साथ मौत होने से उक्त गांव मातम का माहौल है।

### पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**बरही।** बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत में पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम जिला उद्यान विभाग शंकरपुर और इसके सहयोगी संस्थान राजीव गांधी मेमोरियल ट्रस्ट हजारीबाग के सौजन्य से आयोजित की गई थी. . कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्यान संबंधित क्रिया कलापों की जानकारी देना था. जिससे अधिकाधिक लाभ किया जा सके. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि प्रखंड प्रमुख मनोज रजक सहित सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, स्थानीय मुखिया नीलम देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग पचास प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रतिभागियों का हौसलावर्द्धन करते हुए प्रमुख ने कहा कि उद्यान जगत में भी रोजगार की असीम संभावनाएं है. मौके पर मौजूद जिला उद्यान पदाधिकारी अरुण कुमार ने भी उद्यान विभाग से लिए जाने वाले लाभ की विस्तार से जानकारी दिया.

### किमो पंचायत में जंगली हथियों के हमले से प्रभावित लोगों के बीच चावल का वितरण



रामगढ़। मांडू विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किमो पंचायत के सिसामो गांव के मन्दपुर टोला जहां 27 जंगली हथियों का झुंड पिछले शुक्रवार कि रात को अचानक पहुंच गया और कार्तिक मांझी,छोटकी देवी, वीरू मांझी, बबलु मांझी, सिकेन्दर मांझी एवं शिबू मांझी के घर में तोडफोड कर किया तथा घर पर जितने सारे आनाज थे उसे खा गए। लेकिन अभी तक प्रभावित परिवारों को मदद नही मिला। इसकी जानकारी मिलने पर जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्यो ने 1.5 क्विंटल चावल प्रभावित परिवारों कर बीच वितरण किया और गांव के लोगों को हर समय मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य किशोर कुमार, चन्देश्वर महतो, दिनेश महतो, बिपिन महतो, बालचंद महतो, अर्जुन महतो, प्रकाश महतो, भुवनेश्वर महतो, रामजीत, सिकेन्दर मांझी उपस्थित थे।

### बरकट्ठा बीडीओ के स्थानांतरण की खुशी में लोगों ने आतिशबाजी व मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा बीडीओ के स्थानांतरण की खुशी में जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर अपने खुशियो का इजहार किया। पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव एवं अन्य लोगों ने जमकर पटाखा फोड़ा एवं लोगों को मिठाई बांटा ।जानकारी हो की प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण होने के बाद गुरुवार को नई बीडीओ नमृता जोशी ने पदभार ग्रहण किया है। बसंत साव ने कहा कृति बाला लकड़ा जब से बरकट्ठा बीडीओ के रूप में योगदान दिया था तब से आम जनता त्राहिमाम था। कहा कि उक्त बीडीओ की कार्यशैली से लोगो में काफी नाराजगी थी। कई गरीब लोगों का ब्लॉक गेट के सामने से झोपड़ी हटवा दिया जिसके कारण लोगों के रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया। कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव ने कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी के जाने से हम लोग काफी खुश हैं। वह यहां पर पब्लिक के साथ काफी नाईंसफाई की है। जिनके चले जाने से यहां के जनता में काफी हर्ष है। मौके पर समाजसेवी दर्शन सोनी, परमेश्वर नायक, संतोष कुमार, महेश मंडल समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### सिद्धू कान्हू खेल मैदान में रावण दहन समारोह का होगा आयोजन : रोशन लाल चौधरी

**रामगढ़।** सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हू खेल मैदान में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार बड़े ही धूमधाम तरीके के साथ रावण दहन समारोह का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। समारोह के दौरान रावण के विशाल पुतला के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ का भी विशाल पुतला दहन किया जाएगा ।बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति की ओर से जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया की लेट से ही सही सिद्धू कान्हू मैदान में समिति को रावण दहन समारोह करने की इजाजत दी गई। रोशन लाल चौधरी ने कहा की इस बार का रावण दहन समारोह अपने आप में ऐतिहासिक होगा। जिसमें शानदार आतिशबाजी के साथ-साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## वार्ड नं-29 कोठार में हाई मास्क लाइट का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 29 कोठार में विधायक मद द्वारा लगाए गए हाई मास्क लाइट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर कर किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने बताया कि क्षेत्र से अंधेरा मिटाने के लिए एक छोटी सी मूहिम मेरी तरफ से भी जनता को समर्पित है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्रथम प्राथमिकता है जिस कार्य हेतु जनता ने मुझे चुना है। क्योंकि लाइट न रहने से अंधेरा रहता था।लाइट लगने से सभी लोगों को काफी सुविधा होगी। मैं क्षेत्र के विकास हेतु लगातार समर्पित हूं। सड़क, शिक्षा, विद्युत, सहित विभिन्न पर परियोजनाओं को धरातल पर उतारते हुए लगातार क्षेत्र का विकास कर रही हूं। वहीं, क्षेत्र में हाई मास्क लाइट के लगने से क्षेत्र वासियों ने भी खुशी का इजहार किया। मौके पर राजेन्द्र महतो, नरेश महतो, अनिल पटेल, किष्टो महतो, गोपाल राम, अजय दास, कल्लू राम, राजेश राम, पुलिश महतो, मनोज मुंडा, सुजीत राम, जगरनाथ महतो, धर्मेंद्र महतो, सीताराम महतो, प्रदीप बनर्जी, बाबूलाल महतो आदि थे।

## रजरप्पा मंदिर में शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारी शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में शारदीय नवरात्रि को लेकर मंदिर न्यास समिति की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाने के लिए कोलकाता से कारीगरों की टीम पहुंच चुकी है। मंदिर परिसर स्थित सभी हवन कुंड की सफाई की जा रही है। दामोदर भैरवी नदी के संगम स्थल पर पहली बार गंगा आरती लगातार नौ दिनों तक की जाएगी। शरदीय नवरात्रि में मंदिर को फूलों से भव्य रूप देने की तैयारी मंदिर न्यास समिति की ओर से शुरू कर दी गई है। बंगाल से आई 40 कारीगरों की टीम इस बार दक्षिणेश्वर काली मंदिर का प्रारूप देंगे। षष्ठी तक हाइड्रेंजस, पियोनिया, लिली, एंथुरियम, फल, फूल, पक्षी आदि विभिन्न फूलो फलों से मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा, जिसकी छटा देखने लायक होगी। इस बार सिद्ध पीठ में नवरात्रि के दौरान नौ दिन तक लगातार गंगा आरती भी होगी। रजरप्पा के इतिहास में पहली बार नौ दिनों तक गंगा आरती आयोजित की जाएगी। साथ ही सभी गाड़ियों को ऊपर ही रोक दिया जाएगा, ताकि किसी तरह का कोई हादसा न हो। मां छिन्मस्तिका मंदिर में देश के कोने-कोने से भक्त पहुंचते हैं।

## जागरूक

### एनएसएस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों में भरा देश प्रेम का जज्बा

# अमृत कलश भर बिखेरा 'मेरी माटी मेरा देश' का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के एनएसएस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को रैली निकाल ग्रामीणों में देशप्रेम का जज्बा भरा. वहीं अमृत कलश में गांव की मिट्टी भर मेरी माटी मेरा देश का संदेश बिखेरा. आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली गई रैली में आजादी के महानायकों का स्मरण करते हुए उन वीर सेनानियों को नमन किया गया. वहीं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर शहीदों के अविस्मरणीय योगदान को याद किया गया. उसके बाद गांव की सोंधी माटी से भरे अमृत कलश को कॉलेज में बनी अमृत वाटिका में सुरक्षित रखा गया. रैली के पहले एनएसएस कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के द्वार पर विधिवत अमृत कलश का पूजन किया.



### वीर सेनानियों के हम ऋणी हैं : प्राचार्य

प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने मेरी माटी मेरा देश के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया. उन्होंने कहा कि मातृभूमि की सेवा और रक्षा में प्राण न्यौछावर करने का सौभाग्य देश के हर नागरिकों के मन में होना चाहिए. जिन वीर सेनानियों के कारण हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, उनका हम आजीवन ऋणी हैं. उन्हीं महापुरुषों की भावनाओं को दिल में सदैव संजोए रखने का जज्बा ही मेरी माटी मेरा देश का संकल्प और उद्देश्य है. अंत में प्रशिक्षुओं को प्राचार्य ने पंच प्रण की शपथ दिलाई. मौके पर सहायक प्राध्यापिका बसुंधरा कुमारी, कुमारी अंजलि, डॉ पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, एसएस माइटी, पुष्पा कुमारी, दीपमाला, रचना कुमारी, गुलशन कुमार, अनिल कुमार, दशरथ कुमार, दिलीप कुमार सिंह, संदीप खलखो, कश्यप कुणाल, संदीप कुमार सिन्हा समेत सभी प्रशिक्षु व कॉलेज कर्मी मौजूद थे.

## छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों को ध्यान में रखकर बनाएं पेंटिंग्स-पोस्टर्स




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** अदाणी फॉउंडेशन ने विश्व वन्यप्राणी सप्ताह के तहत हरली स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों को ध्यान में रखकर पेंटिंग्स और पोस्टर्स बनाए। प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार को प्रथम, काजल कुमारी को द्वितीय और खुशबू कुमारी को तृतीय स्थान मिला। सभी विजेताओं को स्कूल के शिक्षकों ने मेडल, डायरी और पेन देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि इस वर्ष विश्व वन्यप्राणी सप्ताह का थीम ₹वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी₹ है जो यह बताता है कि साझेदारी यात्रा और सहकारी प्रयासों का महत्व जानवरों के संरक्षण और उनके आवास के संरक्षण के लिए सुनिश्चित करने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने पिछले जून में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पौधारोपण समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया था। आने वाले समय में नवम्बर महीने में विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस, दिसंबर में विश्व मृदा दिवस और अगले वर्ष मार्च महीने में विश्व जल और स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। इन सभी अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## गागर में सागर

### कोडरमा : नवनिर्मित टाउन हॉल से चार बाल मजदूरों को किया गया रेस्क्यू

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित टाउन हॉल से जिला बाल कल्याण विभाग व चाइल्ड सेवा ने चार बाल मजदरों को रेस्क्यू किया है. रेस्क्यू किये गये चार बाल मजदरों को बाल कल्याण समिति (उहउ) को सौंप दिया गया. जहां इनकी काउंसलिंग की जायेगी. इसके बाद इन बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया जायेगा. रेस्क्यू किये गये सभी बच्चे पड़ोसी राज्य बिहार के रहने वाले हैं. इस संबंध में बाल कल्याण पदाधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा टाउन हॉल के निर्माण कार्य में बाल मजदूरों को लगाने की सूचना मिली थी. जिसके बाद बाल कल्याण विभाग व चाइल्ड हेल्प टीम टाउन हॉल पहुंची और निर्माण कार्य में लगे चार बाल मजदूरों का रेस्क्यू किया. इसके बाद इसे सीडब्लूसी को दे दिया. जहां इन बाल मजदूरों की काउंसलिंग होगी और उनके बयान के आधार पर टाउन हॉल बना रही कंपनी पर कार्रवाई की जायेगी.

### कोडरमा : सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही चौक के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. इनकी पहचान गिरिडीह जिला राजधनवार थाना क्षेत्र निवासी निखत परवीन, शाहिद अंसारी और केहकशा परवीन, 8 वर्ष के रूप मे हुई है. बता दें कि तीनों मोटरसाइकिल पर सवार हो कर इलाज के लिये डोमचांच जा रहे थे. इसी दौरान आगे जा रहे पिकअप वाहन ने जोरदार ब्रेक लगाया जिससे बाइक पर तीनों पिकअप वाहन से टकरा गये. हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया. चिकित्सकों ने शाहिद अंसारी की गंभीर स्थित को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया. वहीं निखत परवीन और केहकशा परवीन का इलाज जारी है.

### कोडरमा: चोरों ने एक साथ आधा दर्जन घरों में हाथ किया साफ

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र के कर्बलानगर में चोरों ने एक साथ आधा दर्जन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया. घटना बुधवार देर रात की है. चोरों ने नगदी और जेवरात समेत कई सामान उड़ा लिये. साथ ही घर से एक बकरा भी चुरा कर ले गए. घटना की जानकारी गृहस्वामी को गुरुवार की सुबह हुई जब वे लोग सो कर उठे और घर के कमरों का ताला टूटा हुआ पाया. सामान इधर उधर बिखरा हुआ था. चोरी की घटना की सूचना मरकच्चो पुलिस को दी गयी. सूचना मिलने पर एसआई एसएन मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की छानबीन की. मुरली प्रसाद वर्मा के घर के छत से होकर चोर उसके कमरे मे घुसे. अलमारी का लॉक तोड़ उसमे रखे 35,000 नकद के अलावे चांदी के कई जेवरात की चोरी कर ली गयी. वहीँ लक्ष्मण राम के यहाँ से भी 5000 नगद व घर मे रखे दो डब्बा घी की चोरी कर ली. साथ ही तुलसी महतो के गोहाल मे बँधा बकरा को भी चोर अपने साथ लेकर चलते बने. वहीँ चोरों ने करबला नगर निवासी अरमान अंसारी के घर का भी ताला तोड़ 7000 नगद समेत सोने चांदी के कई जेवरात व कई अन्य समानो की चोरी कर ली. वहीं चोरों ने कर्बला नगर निवासी इलियास मियां के घर पर भी चोरी का असफल प्रयास किया लेकिन गृहस्वामी के उठने की आहट पाकर चोर भागने मे सफल रहे.

### बानो बीडीओ ने सिम्हातु पंचायत क्षेत्र का दौरा कर जाना हालचाल



**बानो।** बानो प्रखंड में नवपदस्थापित बीडीओ नईमउद्दीन अंसारी ने गुरुवार को प्रखण्ड के सिम्हातु पंचायत का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की।मौके पर गाँव के समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान मध्य विद्यालय सिम्हातु का निरीक्षण किया। विद्यालय के प्रधानधपिका से विद्यालय के समस्याओं के बारे में जानकारी लिये मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता लाने का निर्देश दिया। विद्यालय के बच्चों से बाते करते हुए बच्चों से कहे कि प्रतिदिन विद्यालय आये जीवन में पढ़ाई आवश्यक है।निरीक्षण के क्रम में सिम्हातु व बेडाइरगी पंचायत के बिभिन्न गावों में निमार्णाधीन प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों से मुलाकात कर कार्य मे गति लाने की बात कही।वही सिम्हातु पंचायत के सिम्हातु, जामटोली ,तथा बेडाइरगी पंचायत के लाभुकों से मुलाकात कर आवास जल्द पूर्ण का निर्देश दिए।पंचायत के पंचायत सचिव दावले बाड़ा को निर्देश दिया कि कार्य में हो रही देरी को दूर कार्य जल्द पूरा कराये।

### कोडरमा में दुर्गापूजा को लेकर डीसी ने की बैठक

# संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में डीसी मेघा भारद्वाज ने आगामी त्योहारों को लेकर जिले के एसपी, एसडीएम, वरीय पदाधिकारी व अंचल अधिकारी/थाना प्रभारी के साथ बैठक की. बैठक में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा को लेकर डीसी ने जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए की गई तैयारियों, शांति समिति, सांप्रदायिक सद्भाव में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान और कार्रवाई, अवैध मादक पदार्थ/शराब से संबंधित मामले त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई एवं सुगम यातायात के संबंध में चर्चा की गई. डीसी ने जिले में लाइसेंसी और गैर लाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली. साथ ही संवेदनशील स्थानों की जानकारी लेते हुए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने को कहा. किसी भी छोटी से छोटी घटना की सूचना तत्काल पदाधिकारियों को दें. उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर पूजा के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण करें. सभी बीडीओ और सीओ को थाना से समन्वय स्थापित कर पूजा पंडालों और विर्सजन के रूट का निरीक्षण करने के निर्देश दिये. डीसी ने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पूजा समिति के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने और वॉलंटियर की प्रतिनियुक्ति करने को कहा. साथ ही शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई कराने का निर्देश नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच को दिया गया. उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे.



### सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखेंगे

डीसी ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण या आपत्तिजनक पोस्ट डालकर अथवा अफवाह फैला कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये. साथ ही सभी धार्मिक स्थलों की लगातार निगरानी रखने और हुड़दंगियों से निपटने के लिए कारगर कदम उठाते हुए विधि-व्यवस्था हर हाल में चुस्त और दुरुस्त बनाये रखने पर जोर दिया. मूर्ति विसर्जन जुलूस के मार्गों में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों और विवादास्पद क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिये. इसके अलावा जिले में नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और बल की प्रतिनियुक्ति करने और प्रत्येक घटित घटना की सूचना पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया.

### ट्रैफिक व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रहे

डीसी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को जिला के संवेदनशील जगहों को चिन्हित करने का निर्देश दिया. साथ ही स्थानीय लोगों से लगातार संपर्क बनाये रखते हुए सघन गश्ती और चेकिंग करने का निर्देश दिया है. पूजा स्थलों तक जाने वाले रास्तों पर समुचित ट्रैफिक व्यवस्था और भीड़-भाड़ वाले पंडालों के निकट रौशनी युक्त और सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया.

## विहिप सिमडेगा ने हजारीबाग प्रशासन का पुतला फूंका, जमकर की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** हजारीबाग में रांची धर्मसभा से लौटते बस को रोककर किए गए पथराव, महिलाओं के साथ गाली और दुर्व्यवहार की घटना और इसके खिलाफ हजारीबाग जिला प्रशासन की अकर्मण्यता,हजारीबाग ।एसपी के तुष्टिकरण वाले बयान के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा सभी जिलों सहित सिमडेगा महावीर चौक में आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया गया। बताया गया पिछ्ले 8 अक्टूबर को राँची धर्म सभा से लौटने के क्रम में पेलावाल कटकमसांडी रोड हजारीबाग में बस रोककर बस पर पथराव एवम् बस में बैठे लोगों पर जानलेवा हमला किया गया और महिलाओं के साथ गंदी गंदी गालियां व दुर्व्यवहार की घटना घटी जिसमें 50 नामजद एवम् 250 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई पर तीन दिन बीत जाने के बाद भी केवल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।हजारीबाग जिला प्रशासन की अकर्मण्यता और एसपी की तुष्टिकरण एवम बैलेंसिंग पॉलिसी के तहत बयान देना और कार्य करना दुखद है ।पुतला दहन में उपस्थित कार्यकताओं ने सरकार की तुष्टिकरण नीति के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हजारीबाग एसपी का पुतला फूंका। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने कहा है कि आज हरेक जगह हिंदुओं के पवित्र यात्राओं पर या धर्मसभाओं में जाते लौटते हमला कर अपवित्र करना, यात्राओं में शामिल बच्चों, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करना बढ़ता ही जा रहा है जो बहुत ही दुखद है और हिन्दू समाज को अपमानित करने वाला है और इसके खिलाफ प्रशासन के द्वारा कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आती है, निःसंदेह यह सरकार की तुष्टिकरण नीति का ही हिस्सा है, इससे हिन्दू जनसमुदाय में आक्रोश व्याप्त है और वह अंदर ही अंदर सुलग रहा है घटनाएं नहीं रुकी और इनपर तत्काल कानून सम्मत कार्रवाई नहीं हुई तो कभी दावानल बन सकता है। विश्व हिन्दू परिषद् राज्यपाल एवम् मुख्यमंत्री से मांग करती है की हजारीबाग घटना के सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा विश्व हिन्दू परिषद् चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होगी। मौके पर विहिप और बजरंग दल के कारकताओं सहित कई लोग मौजूद थे।



### सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में डिजिटल भारत मिशन का कोर्स शुरू

**जलडेगा।** प्रखंड के सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर जलडेगा में गुरुवार को डिजिटल भारत मिशन 2023 का कोर्स शुरू हुआ। पहले चरण में कुल 50 विद्यार्थियों को क्लास कराया जाएगा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों से परिचय प्राप्त कर उन्हे कैरियर काउंसलिंग की जानकारी दी। वहीं उन्होंने आज के समय में कंप्यूटर ज्ञान को सबसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि कंप्यूटर ज्ञान के बिना सब अधूरा है। आज पूरा दुनिया डिजिटल हो चुका है, ऑनलाइन की इस दुनिया में आज कुछ भी असंभव नहीं है। टेक्नोलॉजी बहुत फास्ट हो चुका है इसके लिए अब हम सबको भी अपना ज्ञान को बढ़ाना होगा मौके पर अंचल अधिकारी ने अपने हाथों से सभी बच्चों को डिजिटल भारत मिशन का किताब दिया। वहीं सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा परिषद के द्वारा ये कोर्स कराया जा रहा है, जो मात्र एक महीना का कोर्स है जिसके तहत आधार कार्ड अपडेट आदि सहित राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित वेबसाइट को बताया जाएगा।

### महाबुवांग में रौतिया समाज की हुई बैठक, रक्तदान शिविर लगाने पर हुई चर्चा



**बानो।** प्रखण्ड के महाबुवांग में गुरूवार को अखिल भारतीय रौतिया समाज की बैठक महाबुआंग में दामोदर सिंह की अध्यक्षता में की हुई।जिसमें समाज के लोगों को सुख- दुख में साथ चलने,समाज की समस्या को समाज के माध्यम से समाधान करने का संकल्प लिया गया।रौतिया समाज द्वारा रक्तदान शिविर का निर्णय लिया जिसमें रौतिया जाति का लोगों को आपात स्थित में लाभ मिल सके। वही बताया गया कि हर घर का सदस्य को एक मंच पर लाया जाएगा। मौके पर प्रखण्डं अध्यक्ष महेश सिंह,उपाध्यक्ष महिपाल सिंह ,महिला सचिव नीलम देवी ,ललीता देवी, हेमन्तीं कुमारी, राधे सिंह, पूजा कुमारी, छोटी सिंह, राजेश सिंह , घनश्याम सिंह, के आलावा समाज के लोग उपस्थित थे इधर सूत्रीउली गाँव में क्षेत्रीय समिति का विस्तार किया गया जिसमे कृष्णा सिंह अध्यक्ष, सचिव नरेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष यशोदा देवी को बनाया गया।।

### केरसई में 20 परिवारों के बीच उन्न्त नस्ल के बकरी व चूजा निःशुल्क वितरित



**केरसई।** लीड्स संस्था के सहयोग से अंधेरी हिलफ बॉन परियोजना के अंतर्गत ग्राम कोनस्केली के समेकित पशुधन विकास केंद्र में कोनजोबा पंचायत के कोरकोटजोर, गोरारजोर एवम पकरटोली और बाघडेगा पंचायत के कोनास्केली एवम पहारसारा ग्राम के कुल 20 परिवारों को उन्नत नस्ल के दो-दो बकरियां प्रति परिवार एवम 20 परिवार को 40-40 मुर्गी का चूजा निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन में पशुपालन विभाग से भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. राखी टोप्पो, जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा, कोनजोबा पंचायत के मुखिया मून्स खेस, बाघड़ेगा पंचायत के मुखिया राहुल रोहित तिग्गा, उप मुखिया अनूप कुजूर के हाथो से किया गया ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैसे किसान जिनका खेती के लिए जमीन बहुत कम है या नही है उनको पशुपालन के क्षेत्र में आजीविका से जोड़ कर उनके आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्म निर्भर बनाना है ।मौके पर संस्था के पशु विशेषज्ञ संदीप कुमार के द्वारा बकरियों का रख-रखाव, टीकाकरण एवम बकरियों को होने वाली बीमारियों का पहचान करना इत्यादि के बारे जानकारी दिया गया ।मौके पर मो इब्राहिम, प्रदीप टोप्पो, विवेक लकड़ा, सुमीरा बड़ाईक, बिनीता लकड़ा एवम ग्रामीण उपस्थित हुए।

## झामुमो की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में गुरुवार को झामुमो कोलेबिरा प्रखंड की एक आवश्यक बैठक झामुमो जिला समिति और केंद्रीय समिति सदस्यों की उपस्थिति में की गयी ।बैठक का संचालन जिला सचिव सफीक खान ने किया ।बैठक में कोलेबिरा प्रखंड समिति के पदाधिकारी गण एवं कोलेबिरा प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत पदाधिकारी गण उपस्थित थे, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि लोक -सभा चुनाव बहुत निकट आ गया है। इसलिए प्रखंड से लेकर पंचायत तक के सभी पदाधिकारियों को पार्टी की मजबूती के लिए जी- जान से लग जाना है ।मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा की सरकार द्वारा जनहित में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं को जन -जन तक, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करना है ।बैठक में केंद्रीय सदस्य मो फिरोज अली, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष फूलकुमारी समद,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनील सुरीन, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमराय बाःजिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो,जिला देवेंद्र साहू, प्रखंड सचिव वकील खान, प्रकाश बागे, जस्टिन डांग, ज्योतिष लुगुन, समीर हाश्मी, सन्नी रिजवान, सेवन सुरीन देओनिस लकड़ा, बृष डूंगडूँग और भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**जानकारी ली** | केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने की जिला समन्वय व निगरानी समिति की बैठक, बोले

# पीएम ग्राम सड़क योजना गांवों तक पहुंचाएं




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में गुरवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजन हुआ। बैठक के दौरान मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय उच्च पथ, पेयजल एवं स्वच्छता, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बी.एस.एन.एल, आई.टी.डी.ए., शिक्षा, कृषि, सहकारिता, ग्रामीण विकास विभाग कार्य प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, जे. एस. एल. पी. एस., आपूर्ति, भारतमाला प्रोजेक्ट, विद्युत सहित जिला सम्बध विभागों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा कर जिले के सभी गांवों को ससमय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जो सड़क फॉरेस्ट क्लीयरेंस के तहत लंबित है उसका निष्पादन सुनिश्चित कराते हुए शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा कर जिले में अब तक नल से जल योजना से आच्छादित गांव की जानकारी ली। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया कि नल से जल योजना के तहत जिले के 67% गांवों जल आपूर्ति की जा रही बाकी बचे सभी गांवों को मार्च 2024 तक कर दिया जाएगा। माननीय मंत्री जी के द्वारा जिले में संचालित नल से जल आपूर्ति की सुचारू रूप से हो रहा है या नहीं इसका गांव व टोलों का भ्रमण कर जायजा लेने का निर्देश दिया। खराब पड़े जल मीनारों को भी ठीक करने की बात कहीं। आई.टी.डी.ए. की समीक्षा कर मंत्री द्वारा पीवीटीजी समुदाय के बच्चों की शिक्षा एवं उनके आजीविका के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी पी.वी.टी.जी. गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में कृषि कार्य हेतु जिले में क्या-क्या कार्य किए जा रहे हैं इसकी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने कृषि पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही वनोपज से संबंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। जिले में धान अधिप्राप्ति योजना के अंतर्गत धान की खरीद का जानकारी ली।

## जलडेगा के टंगीया में पांच दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के टांगिया में आयोजित एचजीआर क्लब के तत्वाधान में पांच दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच लंबोई बनाम नारोडेगा के बीच में आयोजित हुई। जिसमें शानदार मुकाबला खेलते हुए लंबाई की टीम 1-0 से जीत की। वहीं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में सियारमुंडा बनाम पाइतोनो के बीच में हुई जिसमें दोनों ही टीम बराबरी पर रही पेनल्टी शूटआउट में पाइतोनो की टीम 02-1 से जीत दर्ज की। खेल की शुरूआत मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। इस मौके पर उन्होंने विजेता एवं उपविजेता तथा तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15000, 12000 एवं 5000 का नगद राशि देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार से खेल का रुझान क्षेत्र में बढ़ रहा है इससे आने वाले दिनों में यहां दर्जनों खिलाड़ी ओलंपिक का सफर तय करेंगे। वर्तमान समय में युवाओं को खेल के क्षेत्र में देश में सुनहरा अवसर मिल रहा है इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं ।खेल को खेल भावना के साथ-साथ अनुशासन को पूरी तरह से बरकरार रखें ताकि आगे तक बेहतर खेल सकें। मौके पर मुख्य रूप से बाबूराम लकड़ा, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक,रसाल खलखो, संध्या डांग, मुखिया बालमुनि लुगुन, खेल अध्यक्ष विजेश तोपनो, कोषाध्यक्ष फबीयन तोपनो, सचिव नरेश बड़ाईक,पंचायत समिति जयति देवी आदि मौजूद रहे ।



## गागर में सागर

### सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा हुई



**मेराल।** पश्चिमी पंचायत के सामुदायिक भवन में गुरुवार को आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति द्वारा वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अथिति बीडीओ जागो महतो, प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया राम सागर महतो, उर्मिला देवी, हरेंद्र चौधरी, बीपीएम पिंकी सिंह आदि संयुक्त रूप से की। बीडीओ ने कहा कि जेएसएलपीएस द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को जोड़कर एक प्लेटफार्म देते हुए समूह के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बैंक द्वारा सीसीएल पैसा एवं जीएसएलपीएस द्वारा सीआईएफ से लेकर महिलाएं अपना रोजगार कर रही हैं। इससे घर परिवार का पालन पोषण करने में काफी मदद हो रही है। कहा कि महिलाओं द्वारा दहेज प्रथा के खिलाफ भी जागरूकता फैलाई जाए। प्रमुख ने कहा कि जीएसएलपीएस की महिलाएं बहुत ही लग्न एवं निष्ठापूर्वक कार्य कर रहीं हैं। महिलाओं द्वारा नियमित बैठक करने से आर्थिक व सामाजिक सुधार किया जा सकता है। जीएसएलपीएस के माध्यम से महिलाएं फूलों झानो आशीर्वाद योजना से जुड़कर अपने रोजगार को बढ़ा रही हैं। वहीं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक प्रीतम चक्रवर्ती ने कहा कि जीएसएलपीएस की महिलाएं समूह के माध्यम से सीसीएल के तहत लोन ले रही हैं, समय अनुसार अपने लोन को जमा करें। बीडीओ ने वार्षिक आमसभा में उपस्थित महिलाओं के बीच अच्छे कार्य के लिए पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में बीपीएम पिंकी सिंह, धर्मेंद्र कुमार जिलानी अंसारी, समीना खातून, उषा कुमारी आदि शामिल थे।

### हाथियों ने छह पशुओं को किया घायल



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के राजबास एवं खुरी गांव में जंगली हाथियों ने बुधवार की रात्रि जमकर उत्पात मचाया। कई किसानों के धान एवं मकई की फसलों को नुकसान पहुंचाया। वहीं खुरी के फुलहारा टोले में 6 मवेशियों को हाथियों ने पटक कर घायल कर दिया। जिन किसानों के फसलों को नुकसान हुआ है उनमें फुलहरा टोल के नंदू चौधरी, जगनारायण चौधरी, मुन्नी चौधरी, विजय चौधरी, उमेश चौधरी शामिल हैं। वहीं विनोद चौधरी के दो पशु, विजय चौधरी के एक पशु, मुन्नी चौधरी के एक पशु, जीरा देवी के एक पशु, सूर्य देव चौधरी के एक पशु को घायल कर दिया। वहीं राजबास के मुनीब कुमार साहू व सुमन देवी की फसलों को भी क्षति पहुंचाई गई। वन विभाग के प्रभारी वनपाल ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार सभी पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाने की मांग की है।

### केतार में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बी मोड़ के समीप गुरुवार की देर शाम अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। चालक ने बताया कि गम्हरिया गांव के ईंट भट्ठा से ईंट लेकर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव जा रहा था। इसी क्रम में बी मोड़ के समीप चीरघुटा घाटी में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की जानकारी के बाद एसआई कुंदन बैठा घटनास्थल पर पहुंच कर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गये।

### केतार बाजार में दुर्गा पूजा कमेटी भंग

**केतार।** केतार बाजार में दुर्गा पूजा मनाने हेतु कुछ दिन पूर्व कमेटी गठित किया गया था। कमेटी गठन को लेकर के शुरू से ही आपसी तालमेल नहीं होने के कारण बीच में मारपीट हो गई। इसको लेकर बुधवार की रात्रि में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार को दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष, गौतम पाल को सचिव गोलू कमलापुरी को उप सचिव, ओंकार कमलापुरी को कोषाध्यक्ष, योगेंद्र प्रसाद और रामश्रय कमलापुरी, माना जायसवाल को संरक्षक बनाया गया है। वहीं कुमार सूर्या, शिवम कमलापुरी, प्रिंस कुमार, रोहित पटेल, भारत प्रसाद, दिलीप कुमार गुप्ता, ओम कमलापुरी, मधुसूदन कमलापुरी, धीरू कमलापुरी, राहुल कमलापुरी सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया है।

### अपने आवास पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मंत्री ने जनता को सचेत करने की हिदायत देते हुए कहा

# भाजपा की सरकार बनी तो ग्रामीणों को जीनी पड़ेगी गुलामी की जिंदगी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास स्थित सभागार में गुरुवार को कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया।



इस मौके पर मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। जब तक कार्यकर्ता मजबूत, सजग एवं समर्पित नहीं होंगे तब तक बेहतर संगठन की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्हांने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों को जनता को बतायें। साथ ही उन्हें इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगाये जाने हैं। इसके लिए पंचायत कमेटी, मुखिया ग्रामीण जनता के साथ बैठक कर स्थल चयन करें। जनता जिस स्थान पर चाहेगी वहीं पर चापाकल लगवायें। साथ ही डीलर की बेईमानी पर भी पैनी नजर रखें ताकि जनता को पूरा लाभ मिल सके।

मंत्री ने कहा कि जनता को यह अच्छी तरह से समझायें कि केंद्र सरकार जिस तरह से तुगलकी फरमान जारी कर रही है उससे आने वाले समय में यदि किसी भी तरह भाजपा की सरकार बन गई तो ग्रामीणों को गुलामी भरी जिंदगी जीनी पड़ेगी। उनका चलना, रहना, जीना सब मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग झूठ भी इतनी सफाई से बोलते हैं कि वह सच जैसा प्रतीत होता है। इस तरह का झूठ बोलने के लिए उनकी पार्टी में ट्रेनिंग दी जाती है। उनके पास झूठ को सच साबित करने वाले हजारों लोगों की टीम है।

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार फूट डालो शासन करो की नीति अपनाती है। हिंदू, मुस्लिम की बात करती है। भाई-भाई को लड़ाती है। यह सब जानकारी ग्रामीणों को निश्चित रूप से दें। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति जिंदगी भर बालू चोरी किया, वह दूसरे पर बालू चोरी करने का आरोप लगाता है। जनता जिन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि बनाती है वे लोग जनता को ही पैरों तले रौंदते हैं, परंतु मैं जनता का सेवक हूं। जनता की अदालत पर मुझे पूरा भरोसा है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, मुखिया शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, विकास सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला, कामेश्वर चौधरी, संजय चंद्रवंशी, नारद तिवारी, शहंशाह अंसारी, सुरेंद्र यादव उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण तरीके से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न कराने का निर्देश

### डीसी और एसपी ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों व यज्ञ समिति के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

उपायुक्त शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को यहां श्री बंशीधर नगर थाना में प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों व यज्ञ समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पाल्हे जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी की समीक्षा की।



समीक्षा के दौरान दोनों अधिकारियों ने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने पीएचईडी, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन, नगर पंचायत समेत कई विभागों की बारी-बारी से समीक्षा की तथा पदाधिकारी को यज्ञ में आवश्यक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्री बंशीधर नगर गढ़वा जिले के लिये ऐतिहासिक है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से सफल करना हम सभी की जिम्मेवारी है। डीसी ने कहा कि यज्ञ में व्यवस्था में कोई कमी ना हो ना ही आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसपर विशेष रूप से ख्याल रखने का निर्देश दिया। उन्होंने यज्ञ समिति के लोगों से पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर यज्ञ सफल बनाने की अपील की। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस पदाधिकारियों को यज्ञ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को पूरी तन्मयता के साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस यज्ञ समिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिये तत्पर है। बैठक में एसी पंकज सिंह, डीएलओ, डीटीओ, एसडीपीओ प्रमोद केसरी, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण मुंडा, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी, नगर प्रबंधक रवि कुमार,यज्ञ समिति के संरक्षक शारदा महेश प्रताप देव, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, शैलेश चौबे, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, उप सचिव राकेश चौबे, विक्रांत सिंह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## 'पंडालों-विसर्जन में करें गाइडलाइन का पालन

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**



नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी सैलेश कुमार के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत होने वाले सभी दुर्गा पूजा पंडाल कमेटी के अध्यक्षों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी दुर्गा पूजा पंडालों में और प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गढ़वा उपायुक्त शेखर अजमूवार की ओर से जारी गाइडलाइन के बारे में बताते हुए कहा गया कि पूजा पंडाल में चार डीजे बॉक्स और प्रतिमा विसर्जन में डीजे कम साउंड यानी 75 डेसीबल के अंतर्गत बजाया जाए, जिससे लोगों को परेशानी ना हो। पूजा पंडाल बनाते समय सूती वस्त्र का उपयोग करें। दुर्गा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए, श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पूजा अर्चना व दर्शन करने के लिए एक महिला एवं पुरुष का बैरेकेडिंग किया जाए, पूजा पंडाल सुरक्षित स्थान पर बनाया जाए ताकि वाहनों को आवागमन में परेशानी ना हो। पूजा के दौरान अग्निशामक यंत्र, बालू, पानी और कूड़ेदान की समुचित की जाए। साथ ही हर एक पूजा पंडाल के अध्यक्ष एक आवेदन के पांच वोलेंटियर्स यानी निगरानी सदस्य की सूची नगर पंचायत कार्यालय को सौंपेंगे, जिनका आईडी कार्ड नगर पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा या खुद भी बनवा सकते हैं। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष पूजा पंडाल कमिटी के अध्यक्षों ने तत्काल जरूरी समस्याओं से अवगत कराया। इसको लेकर कार्यपालक शैलेश कुमार ने स्वक्षता प्रभारी राकेश कुमार को अविलंब समस्या को ठीक करने का आदेश दिया। साथ ही शैलेश कुमार ने अध्यक्षों से कहा कि किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो सूचित करें।

## मेन रोड पर शौचालय का पानी बह रहा, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

शहर के एनएच-75 पर पोचरा मोड़ के पास सड़कों में नाली व शौचालय का गंदा पानी बह रहा है। इससे लोग खासे परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुहल्ले के कुछ लोगों के द्वारा घर के नाली और शौचालय का गंदा पानी में सड़क पर बहाया जा रहा है। मना करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। इसे लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत नगर पंचायत के अधिकारियों से कई बार की है, बावजूद इसके आज तक इस समस्या के समाधान को लेकर नगर पंचायत के द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि सड़क पर जब भी गाड़ियां गुजरती है तो गंदे पानी का छींटा लोगों को पड़ता है।त्योहारों का मौसम चल रहा है। ऐसे में लोगों को और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन से समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया है।

## महिला की जेठ ने की हत्या, आरोपी को किया गिरफ्तार

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के अक्सी पंचायत के ग्राम तंबोली में एक महिला की जेठ ने हत्या कर दी। इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से सूचना दिए जाने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक सुशीला देवी पति स्व. पुरनदेव खेरवार जेठ के साथ रिलेशनशिप में रह रही थी। पूर्व में भी जेठ द्वारा महिला के साथ मारपीट की जाती थी। मंगलवार को मृतक महिला दोपहर को घर के बाहर बैठी हुई थी। इस दौरान जेठ घर पर आये और घर के अंदर चलने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने पर जेठ ने महिला की कमर पर एक लात मारी, जिससे वह चापाकल के पक्का फर्स से वह टकरा गई और चेहरे व सिर में काफी चोट आई। दूसरे दिन बुधवार दोपहर महिला शौच के लिए बाहर निकली तो खेत पर गिरने से उसकी मौत हो गई।

## निवर्ततान बीडीओ को विदाई, नए का योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)**

जिले के कुंदा प्रखंड में नए बीडीओ के रूप में विपिन कुमार भारती ने निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार से गुरुवार को प्रभारी बीडीओ के रूप में प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नए प्रभारी बीडीओ का स्वागत जहां बुके व गुलदस्ता देकर किया गया, वही स्थानांतरित बीडीओ कुमार को माला पहनाकर व छात्रों ने चरण स्पर्श कर भावपूर्ण विदाई दी। स्थानीय लोगों ने पुराने बीडीओ के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा की कुंदा में पहले ऐसे पहले बीडीओ हुए जिन्होंने प्रशासनिक कार्यों के साथ जेनरल कंपटीशन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर इच्छुक छात्रों के लिए शिक्षक बनकर, प्रशासनिक कार्यों को करने के बाद बाकी बचे समय में आर्थिक रूप से कमजोर इच्छुक छात्रों को निःशुल्क कोचिंग दी।




बीडीओ पूर्व में एक शिक्षक थे, ऐसे में बीडीओ बनने के बाद भी शिक्षक के कर्तव्य को नहीं भूले। कुमार का कहना है कि आदर्श समाज निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो छात्र के व्यक्तित्व का विकास कर उसमें अच्छे मूल्यों और आदर्शों को विकसित करता है, जिससे कि वो आगे चलकर देश का श्रेष्ठ नागरिक बनें और देश की उन्नति एवं विकास में अपना योगदान दे सकें। समारोह में प्रमुख कमला देवी, मुखिया मनोज साहू, सिक्कीदाग मुखिया अनीता यादव, बौधाडीह मुखिया अनीता देवी, नवादा मुखिया भारत यादव, मरगड्डा मुखिया उपेन्द्र पासवान, समाजसेवी अम्बिका सिंह भोक्ता, पृथ्वी गंझू, अखलेश यादव, बिनोद साव, मनरेगा बीपीओ अजय सिन्हा, समेत सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी, स्वयं सेवक आदि शामिल थे।

### श्रद्धांजलि | डॉ. राम मनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन

# 'डॉ. लोहिया के विचारों से ही होगा परिवर्तन'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

भवनाथपुर मोड़ पर डॉ. राम मनोहर लोहिया चेतना मंच के तत्वावधान में लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिवक्ता सह भाजपा पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनाथ अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. राजाराम महतो ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों से ही परिवर्तन होगा। देश, राज्य व समाज के विकास के लिये डॉ. लोहिया के विचारों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि डॉ. लोहिया के जीवनी पर आधारित किताब बने तथा उनकी जीवनी को डिग्री तक की कक्षाओं में पढ़ाया जाय।




उन्होंने सरकार से डॉ. लोहिया को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी एक सच्चे समाजवादी नेता हैं, जिन्होंने डॉ. लोहिया की आदमकद प्रतिमा लगवाई। राज्य सरकार इस कार्य के लिये उन्हें सम्मानित करे।

मंच के सचिव विजय कुमार केशरी ने कहा कि डॉ. लोहिया कट्टर सिद्धांतवादी, जुल्म, अत्याचार के घोर विरोधी, चिंतक, लेखक व समाजवादी क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने लोगों से उनके विचारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामचंद्र केशरी ने कहा कि प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी नेता, देश में गैर कांग्रेसी सरकार के प्रबल समर्थक और महान अर्थशास्त्री डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनके बताये मार्गों पर चलने की शपथ लेता हूं। मंच के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह को शिवधारी राम, कन्हैया चौबे, माणिक राम, सूरज कुमार गुप्ता, मथुरा राम आदि ने संबोधित किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेश चौधरी, विजय केशरी, मानिक राम, रवि प्रकाश उर्फ बबलू, नसीर अंसारी, धीरज जायसवाल, मूंगा साह, कृष्णा विश्वकर्मा, सलीम अंसारी, सीताराम जायसवाल, सोबराती खान, नंदकिशोर प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, कमलेश कुमार, जयदुन राम, इस्माईल अंसारी, दीपक ठाकुर, मुन्ना प्रसाद, अरुण कुमार, सुनील कुमार, मो नईम खलीफा आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने प्रखंड के कई सरकारी संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के नवनियुक्त बीडीओ राहुल कुमार सानू ने गुरुवार को जरही पंचायत के बाजार टोला प्राथमिक विद्यालय, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही, पंचायत सचिवालय जरही के साथ-साथ मनरेगा की योजना के अलावा जरही के प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ की नजर सबसे पहले जमीन पर बैठकर पढ़ाई कर रहे वर्ग एक व दो के छात्रों पर पड़ी। कक्ष में बिजली की व्यवस्था और पंखा नहीं देख काफी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों को फटकार लगाते हुए अविलंब बेंच व डेस्क की खरीदारी करने का निर्देश दिया। वहीं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी पड़ताल की गई। छात्राओं ने मीनू के अनुसार भोजन मिलने की बात बीडीओ से कही। स्तरोन्नत उच्च

### संबंधित लोगों को सुधार लाने का निर्देश दिया

विद्यालय में बीडीओ सभी तरह की व्यवस्था देखकर संतुष्ट हुए। पंचायत सचिवालय भवन में बीडीओ ने भारत नेट के साथ पंचायत सचिवालय में संचालित प्रज्ञा केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस बीच उनके द्वारा भारत नेट के बारे में रोजगार सेवक और पंचायत के मुखिया महेंद्र चौधरी से जानकारी हासिल की गई। वहीं प्रज्ञा केंद्र के बारे में आधार कार्ड बनाने को लेकर पंचायत सचिवालय पहुंचे पंचायत के कई ग्रामीणों से उसके बारे में उन्होंने जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बीडीओ ने सड़क के किनारे मनरेगा की योजना का निरीक्षण किया। बागवानी में पेड़ों का घेराव नहीं होने पर उन्होंने रोजगार सेवक को भी जमकर फटकार लगाई और कहा कि अविलंब सभी पेड़ों का घेराव हो जाना चाहिए। इससे पहले उनके द्वारा उक्त गांव के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच की गई, जहां ताला लटका हुआ देख उन्होंने प्रखंड की चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी से टेलिफोनिक जानकारी हासिल की। इस बीच उनके द्वारा स्वास्थ्य पदाधिकारी को व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने की बात कही गई। उसके बाद प्रखंड कार्यालय पहुंचे बीडीओ ने कार्यालय के कई पदाधिकारियों व कर्मियों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। कई पदाधिकारी अनुपस्थित तो कई पदाधिकारी के कार्यालय में लटका हुआ ताला दिखाई दिया। इस संबंध में बीडीओ ने उनसे टेलिफोनिक जानकारी ली। कार्यालय पहुंचने पर सभी को अपने कक्ष में बुलाकर बीडीओ ने फटकार लगाई। साथ ही सभी को नियत समय पर कार्यालय आने की सख्त चेतावनी दी।

संघर्ष ही जीवन है इसलिए कभी हार ना माने, अपने लक्ष्य के प्रति संघर्ष के साथ आगे बढ़ते रहिये यही सफलता का मूल मंत्र है।

– अज्ञात




# बूढ़ा पहाड़ की ललकार

***झारखंड*** के पलामू प्रमंडल का बूढ़ा पहाड़ देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसका कारण है कि यह नक्सलियों के अभयारण्य के रूप में दशकों से जाना जाता था। सहसा किसी को यकीन नहीं होता है कि यहां की फिजा देखते ही देखते बदल जायेगी। अभी सीएम हेमंत के दौरे के बाद फिर से इसकी चर्चा हो रही है। बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास और ललकार से बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है,बस उसे करने की नियत होनी चाहिए। आज बूढ़ा पहाड़ इसका उदाहरण है। बूढ़ा पहाड़ प्रक्षेत्र अंतर्गत रहने वाले कुल 19836 व्यक्तियों के जीवन में बदलाव आया है। यहां अब गोलियों की आवाज की जगह विकास का कार्य जारी है। सर्वेक्षण कर रणनीति के तहत कार्य जारी हैं। यह राज्य के लिए अच्छी सूचना है। यहां 100 बिरसा आवास का आवंटन एवं 08 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने की योजना और छूटे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के दौरा के बाद स्थानीय जनमानस में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा सुरक्षाबलों को जनता का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कुल्ही से बूढ़ा पहाड़ तक कुल पांच कैंप कूल्ही, हेसातु, बेहराटोली झालुडेरा तथा जेटीएफ पुंदाग स्थापित हैं तथा जिनमें क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को समर्पित सीआरपीएफ, जैप, झारखंड जगुआर, तथा जिला बल की आठ कंपनियां प्रतिनियुक्त है। सुरक्षाबलों के द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से विभिन्न अभियान संचालित कर स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित की जा रही है। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में आधारभूत संरचना के निर्माण में बदलाव नजर आ रहा है। सड़क की जर्जर और दयनीय स्थिति को ठीक होने से यातायात की सुविधा बहाल हो गयी है। परिणामस्वरूप कृषि उत्पाद को बाजार में अच्छी कीमतों पर ग्रमीण बेच कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहें हैं। सिंचाई कूप निर्माण, सोलर पंप सेट आदि की उपलब्धता में भी प्रगति देखी जा रही है। सुरक्षाबलों के द्वारा सड़क निर्माण से लेकर जनता के भय मुक्त आवागमन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई जा रही है। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत झालुडेरा में एक कूप निर्माण किया गया है, जिसका प्रयोग स्थानीय ग्रामीण भी अपने दैनिक पेयजल हेतु कर रहे हैं। ऐसे में यह जगह राज्य के लिए एक मैसेज दे रहा है कि आने वाले दिनों में यहां शांति बहाल रहेगी। साथ ही राज्य के विकास में ऐसी जगहें आगे रहेगीं। बहरहाल बूढ़ा पहाड़ की गूंज से जहां एक ओर नक्सलियों के पांव कबड़ रहें है, वहीं लोगों में एक अच्छा मैसेज जा रहा है। अच्छा होगा सीएम के दौरे के बाद समाज से भटके युवक मुख्य धारा में शामिल होंगे। साथ ही विकास की यात्रा में सरकार का साथ देंगे। ऐसा विश्वास किया जा सकता है। कारण किसी भी सभ्य समाज में अराजकता की कोई जगह नहीं होती है। इस बात को गुमराह हुए नौवजवानों को समझने की जरुरत है। किसी भी समस्या का समाधान बातचीत के माध्यम से संभव है।

**बूढ़ा पहाड़ के चौमुखी विकास और ललकार से बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अनुरूप संपन्न हो रहे कार्यों ने क्षेत्र के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। ऐसे में कहा जा सकता है कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है,बस उसे करने की नियत होनी चाहिए।**

# सांस्कृतिक दिग्विजय की ओर बढ़ता भारत





बृजनन्दन राजू

***आज*** भारत के यश-वैभव की विजय पताका दुनिया में फहरा रही है। योग व आयुर्वेद के क्षेत्र में पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। अमृतकाल में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा के साथ विश्वसनीयता भी बढ़ी है। वहीं गौरवशाली विरासत और राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुनः प्रतिष्ठा हो रही है। गुलामी के प्रतीक चिन्हों को मिटाकर आत्म सम्मान के साथ भारत खड़ा हो रहा है। राम-जन्मभूमि स्थल पर मन्दिर निर्माण की शताब्दियों पुरानी हिन्दुओं की अभिलाषा पूर्ण हो रही है। अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य दिव्य राम मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। मकर संक्रान्ति के बाद रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। लक्ष्य की ओर हम अविराम बढ़ रहे हैं। वर्षों बाद हमें हिन्दू होने का आत्मबोध हो रहा है। इस्लामी आक्रान्ताओं ने हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ही अयोध्या मथुरा और काशी के मंदिरों का विध्वंस किया था। इसके बाद निरन्तर राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष चला। राम मंदिर के आन्दोलन में लाखों भक्त जेल गये, सहस्त्रों घायल हुए एवं बहुत बड़ी संख्या में रामभक्त बलिदान भी हुए। फिर भी मंदिर को प्राप्त करने की जिद हिन्दुओं ने नहीं छोड़ी। राम मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर का निर्माण द्रुत गति से चल रहा है। जो सपना हमारे देश के महापुरुषों ने देखा था वह सपना मोदी के कार्यकाल में पूर्ण हो रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में देशभर के धार्मिक व तीर्थस्थलों का कायाकल्प हुआ है। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में भव्य अद्वैत लोक विकसित हो रहा है। दुनिया में सनातन की ध्वजा पताका फहरा रही है। हिन्दू चेतना ही भारत की आत्मा है। अब वह पुनःजाग्रत हो रही है। मोदी के प्रयासों से पूरे विश्व में हिन्दू उत्थान की लहर दिखाई पड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रत्येक भाग और हर वर्ग को स्पृश किया है। यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा कि ऐसा हिन्दू उत्थान भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। हिन्दू जागरण की यह प्रबल लहर सम्पूर्ण भारत को आप्लावित कर रही है। ऐसा लग रहा है कि भारत के उत्थान और हिन्दुओं के पुर्नजागरण के लिए ही मोदी का आगमन हुआ है। जब-जब भारत सांस्कृतिक उत्थान के शिखर पर रहा है तब-तब उसकी गूंज विदेशों की धरती तक पहुंची है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी हिन्दुत्व की पताका को दुनिया में लहरा रहे हैं। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि नेता ऐसा हो जो पूरी तरह से समर्पित, स्वार्थ रहित और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसके उदाहरण हैं। मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, वैभवशाली और समर्थ भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार ने प्रगति का नया इतिहास रचा है। जन कल्याण व गरीब कल्याण का नया अध्याय लिखा है। आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। जी- 20 सम्मेलन के बाद भारत विश्व की प्रमुख शक्ति बन कर उभरा है। नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम में संपन्न जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। जी- 20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने इतिहास रचने का काम किया है। वसुधैव कुटुम्बकम को जी-20 के नारे के रूप में अपनाया गया। इससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता पैदा हुई है। अफ्रीकी संघ का जी-20 में शामिल होना भारत की ग्लोबल साउथ के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अफ्रीकी संघ एक महत्वपूर्ण भागीदार है। आप हमें एक साथ ला रहे हैं, हमें एक साथ रख रहे हैं, हमें याद दिला रहे हैं कि हमारे पास चुनौतियों से मिलकर निपटने की क्षमता है। मोदी का सबका साथ सबका विकास नारा वैश्विक नारा सिद्ध हुआ है। जी-20 की मेजबानी कर भारत ने दुनिया को हर क्षेत्र में अपनी सामर्थ्य दिखाई है। भारत विश्व को शांति का मार्ग दिखा सकता है यह अन्य देशों को विश्वास हो गया है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पूरी दुनिया देख रही है। पश्चिम के कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा रही है वहीं भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार भारत 2025 में विश्व में चौथे स्थान पर 2027 में तीसरे स्थान पर आ जायेगा। मोदी के नेतृत्व में भारत रूस, ब्राजील, इटली, फ्रांस व इंग्लैंड को पीछे कर पांचवे स्थान पर पहुंच चुका है। वहीं वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद भी भारत बनता जा रहा है। रक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। चन्द्रयान 3 की सफल लैंडिंग राष्ट्रीय गौरव को जागृत करने का एक प्रशंसनीय प्रयास है। सूर्य के अध्ययन के लिए भारत ने मिशन आदित्य एल-1 लांच किया है। भारत जो रक्षा आयातक के रूप में जाना जाता था आज रक्षाक्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र भारत आत्मरक्षा करने में सक्षम है। जरूरत पड़ने पर जवाबी कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकता है। आज अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत कूटनीतिक मोर्चे पर विश्व में ताकतवर कहे जाने वाले राष्ट्रों के साथ समानता का व्यवहार कर रहा है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत प्रथम स्थान पर पहुंच ही गया है। आज भारतवंशी दुनिया के कई देशों में नेतृत्व कर रहे हैं। भारत के पुणे निवासी अजयपाल सिंह बंगा विश्व बैंक के वर्तमान अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। भारतीय प्रवासी अपनी मेधा से भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ा रहे हैं। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतवंशी हैं। इंग्लैंड में ऋषि सुनक प्रधानमंत्री के तौर पर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा, मारीशस के प्रधानमंत्री प्रबिंद जगन्नाथ, सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली, सेशेल के राष्ट्रपति वावेल रामकलावन और पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा का संबंध भारत से है। ऐसे ही कई देश हैं जहां कैबिनेट मंत्री भारतीय मूल के हैं। विदेशों की सरकार में 200 से अधिक भारतीय मूल के लोग मंत्री पद पर काबिज हैं। इसके अलावा सिर्फ राजनीति में ही नहीं व्यापार, विज्ञान, मेडिकल व अन्य क्षेत्रों में भारतीयों का ही डंका बज रहा है। कई देशों में वहां के सार्वजनिक सेवा के ऊंचे पदों पर और बड़े-बड़े टेक कंपनियों के सीईओ भारतीय मूल के हैं। विश्व के अनेक देशों में रोजी-रोटी के लिए गये भारतीय वहां पर सनातन की ज्योति को जला रहे हैं। बाजारवाद के युग में हिन्दुत्व के विचार के साथ वसुधैव कुटुम्बकम की संकल्पना को साकार कर रहे हैं।

**अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य दिव्य राम मंदिर तेजी से आकार ले रहा है। मकर संक्रान्ति के बाद रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। लक्ष्य की ओर हम अविराम बढ़ रहे हैं। वर्षो बाद हमें हिन्दू होने का आत्मबोध हो रहा है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

**हिन्दू हदीरे पूजहीं मुस्लिम पूजे घोर।। दोहू दिन धोखे पड़े ये हो गए कठिन कठोर।। हिंदू तो देवल बंधे ये मुस्लिम बंधे मसीत।। साहेब दर पहुँचे नहीं ये पड़ी भ्रम की भीत।। षट दल दोनों दिन का दिल में दोष ना धार।। सतगुरु का कोई एक है ये जम का सब संसार।। अदम उदाहरण संग है कर प्रतीत पहचान।। हृदय माथे की कही पूजे जद पाषाण ।।**

भगवान कबीर जी हिन्दुओं को भी फटकार लगाते हुए कहते हैं कि तुम अपने शास्त्रों को भी नहीं जानते और उसके विरुद्ध भक्ति करते हो। आप मोक्ष कैसे प्राप्त करोगे? आप सभी पूर्ण परमेश्वर की पूजा करने के बजाय मूर्तिपूजा कर रहे हो। कबीर भगवान हिंदुओं से कहते हैं कि तुमने मांस खाना भी शुरू कर दिया अब तुम भगवान को कैसे पाओगे? आप में से बहुत से लोग जिन्होंने पूर्ण परमेश्वर की सच्ची उपासना नहीं की, उन्हें नर्क में भेजा गया है और भविष्य में भी जो कोई भी मनमाना भक्ति करेगा, धर्मराज उन्हें नरक में डाल देगा और यम के दूत वहाँ आत्माओं को यातना देंगे। पूर्वोक्त वचनों से स्पष्ट होता है कि आत्मा अज्ञानता वश पाप करती है और फिर धर्मराज (यम) के दरबार में पीड़ित होती है। उसके पास कोई रास्ता नहीं है। वैसे तो धर्मराज (यम) बहुत शक्तिशाली प्रतीत होते हैं, लेकिन क्या वे पूज्य और मोक्ष प्रदाता हैं? आइये जानते हैं। **क्या धर्मराज पूज्य भगवान और मोक्ष प्रदान करने वाले हैं?** धर्मराज पूजनीय नहीं है और वह अजर अमर भी नहीं है। कोई भी पवित्र ग्रंथ धर्मराज (यम) की पूजा को प्रमाणित नहीं करता है। धर्मराज स्वयं नाशवान हैं। धर्मराज (यम) को प्रसन्न करने के लिए अज्ञानी भक्त विभिन्न मंत्रों का जाप करते हैं।

*(क्रमशः)*

# शादी-ब्याह : बढ़ता दिखावा घटता अपनापन



डॉ. सत्यवान सौरभ

***भौतिकता*** की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाय ? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो। आज के इस दिखावे के युग में यह कब होगा, समय बतायेगा। हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है। आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिये समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है। ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गये हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है! किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन–किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाय? जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मर्यादा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आये बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है।

**आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो।**

शादी


फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# इजरायल-हमास युद्ध-भारत ने ऑपरेशन अजय लॉन्च किया



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्य*** स्तरपर आज आये दिनों काफी तेजी से राजनीतिक उठा पठक, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते जा रहा है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम होने की संभावना बढ़ गई है। पहले से ही इस रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया तीन भागों, पक्ष विपक्ष और तटस्थ में बट गई है, जिसे तीसरे विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु अब तो इस संभावना को पंख लगते हुए नजर आ रहे हैं, क्योंकि पूरे पश्चिमी देश इजराइल के समर्थन में आ गये हैं तो इधर ईरान पाकिस्तान लेबनान सहित कुछ देश फिलिस्तीन के समर्थन में उतर गये हैं, कुछ देशों द्वारा मानवीय अधिकार के उल्लंघन की बात उठाई गई है हालांकि इस ओर यूएन ने भी इशारा कर दिया है। उधर अमेरिका का युद्ध पोत युद्ध के रक्षा सामानों का जखीरा बारूद सहित लेकर इसराइल पहुंच चुका है, जबकि दूसरा बेड़ा भेजने की तैयारी की जा रही है ऐसा अमेरिकन राष्ट्रपति ने मीडिया में कहा है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि युद्ध काफी लंबा खिंच सकता है, इसे देखते हुए भारत ने भी दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को देर शाम ऑपरेशन अजय लॉन्च कर दिया है, जिससे अपने नागरिकों को वापस भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चूंकि यह युद्ध लंबा खिंचेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब फिलिस्तीन इजरायल युद्ध से भू-राजनीतिक अविश्वास बढ़ाने को पंख लग गये हैं। साथियों बात अगर हम ऑपरेशन अजय की करें तो विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इजरायल से लौटने वाले हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल और हमास में ज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं। अमेरिका ने तो खुलकर इजरायल का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहां तक कह दिया है कि अन्य देश इस संघर्ष से दूर रहे। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इस्राइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इस्राइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन जाहिर किया। उन्होंने आतंकवादी हरकतों के लिए हमास की का कोई औचित्य नहीं है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इस्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इस्राइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं। इस्राइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। साथियों बात अगर हम फिलिस्तीन के समर्थन वाले देशों की करें तो, ईरान, कतर, कुवैत, लेबनान, यमन, इराक और सीरिया पूरी तरह से फिलिस्तीन के साथ हैं। पिछले दिनों इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे सऊदी अरब ने भी इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले को फिलिस्तीनियों का सेल्फ डिफेंस एक्ट बताया था।

**विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल व हमास में ज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं।**

युद्ध

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### जदयू के पूर्व विधायक ने दिया इस्तीफा,राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र

**पटना।** जदयू के कई नेता लगातार जदयू से इस्तीफा देकर अलग पार्टियों में शामिल हो रहे है। जदयू से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसा ही कुछ गुरुवार को भी हुआ। दरअसल चेनारी से जदयू के पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष ललन पासवान ने आज जदयू के इस्तीफा दे दिया। इससे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जोरदार झटका लगा है। ललन पासवान कई दिनों से पार्टी से नाराज चल रहे थे। ललन पासवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को चिट्ठी लिखकर गंभीर आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पत्र में पूर्व विधायक ने लिखा है - बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाले लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करने के बाद दलितों पर हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और इसकी रोकथाम की दिशा में राज्य सरकार की तरह कोई कठोर कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में मैं जनता दल (यू) की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।

### उत्तर बंगाल के चाय बागानों को उपहार, मिलेगा 19 फीसदी बोनस

**कोलकाता।** दुर्गा पूजा से पहले उत्तर बंगाल के चाय बागानों के लिए अच्छी खबर आई है। उत्तर बंगाल के चाय बागानों ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 19 प्रतिशत के बोनस भुगतान पर समझौता कर लिया है। उद्योग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इनमें डुआर्स और तराई शामिल हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में इस क्षेत्र के चाय बागान श्रमिकों को भुगतान किया जाने वाला वार्षिक बोनस 20 प्रतिशत था। भारतीय चाय संघ (टीएआई) के महासचिव प्रबीर भट्टाचार्य ने कहा कि प्रबंधन और यूनियनों ने फैसला किया है कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए डुआर्स और तराई के मैदानी इलाकों में चाय बागानों के कर्मचारियों और श्रमिकों को बोनस का भुगतान 19 प्रतिशत होगा। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग को छोड़कर उत्तर बंगाल में लगभग 135 चाय बागान परिचालन में हैं। इस बीच, दार्जिलिंग चाय बागानों के लिए बोनस भुगतान का मुद्दा अभी तक हल नहीं हुआ है, क्योंकि यूनियनों ने 20 प्रतिशत की मांग की है, जबकि प्रबंधन ने कहा है कि वे 8.33 प्रतिशत का भुगतान कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर बंगाल के चाय बागानों में बेहद गरीब मजदूर काम करते हैं। इनकी दशा नियमित तौर पर सुधरने के बजाय बिगड़ती ही जा रही है। बावजूद इसके उनके बोनस में बढ़ोतरी के लिए लगातार आंदोलन के बावजूद कोई लाभ नहीं होता।

### छत्तीसगढ़ : 27 किलो चांदी के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही राजधानी पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार शाम आमापारा चौक के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक तवेरा वाहन में सवार पिता पुत्र को 27 किलो चांदी के जेवर के साथ गिरफ्तार किया है। थाना आजाद चौक पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम को आमापारा चौक के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक तवेरा वाहन में सवार मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के पवनी निवासी विवेक कुमार सोनी और उसके बेटे करण सोनी को 27 किलो चांदी के जेवर के साथ गिरफ्तार किया है। पिता पुत्र से पुलिस टीम ने चांदी के जेवरात के संबंध में पूछताछ करने के साथ वह दस्तावेज की मांग की तो पेश नहीं कर पाए। इन जेवरों की कुल कीमत 14 लाख बताई जा रही है। पुलिस का दावा है कि पिता पुत्र इन जेवरों को खपाने के इरादे से रायपुर आए थे, लेकिन चेकिंग में फंसकर पकड़े गए। फिलहाल पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ जेवर को जब्त कर न्यायालय एवं जीएसटी विभाग को सूचना दे दी है और वाहन क्रमांक एमपी 50 बीसी 0588 को थाने लाकर जब्त कर लिया है।

### ओडिशा में महिला सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के गंजम जिले में अज्ञात बदमाशों ने एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता की उनके घर पर हत्या कर दी। नीलकंठनगर में रहने वाली सौदामिनी रथ गंजम जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य थीं।रथ की बहन ने कहा, रथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर गई थी, लेकिन वह दो दिन बाद बुधवार शाम को घर लौट आई। हो सकता है कि कोई चोरी करने के इरादे से आया हो। मेरी जानकारी के अनुसार, उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।" मृतिका अपने एक सहकर्मी से फोन पर बात कर रही थी, तभी बुधवार देर रात एक बदमाश ने कथित तौर पर उनके सिर पर पीछे से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जब वह फर्श पर गिर पड़ी, तो फोन के दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति अपने कुछ अन्य साथियों के साथ रथ के घर पहुंचा और देखा कि वह खून से लथपथ पड़ी हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा।

# मध्य प्रदेश में आदिवासियों पर सर्वाधिक अत्याचार: प्रियंका

**एजेंसी। मंडला**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के मंडला जिले के रामनगर में कांग्रेस की जनाक्रोश यात्रा के दौरान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आदिवासियों-महिलाओं पर अत्याचार और घोटालों को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की 225 महीनों की सरकार है। इस दौरान ढाई सौ घोटाले हुए हैं। प्रदेश में आदिवासियों पर जो अत्याचार हो रहे हैं, उसका कोई मुकाबला नहीं है।



प्रियंका ने जनसभा में जय जोहार, जय सेवा, जय रानी दुर्गावती, हर-हर नर्मदे के जयघोष के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन के आप अधिकारी हैं। यह अधिकार आपको मिलना चाहिए। उनके अधिकारी हमारे आदिवासी भाई बहन हैं। हमारी संस्कृति का विकास कैसे होगा? हमारी संस्कृति आगे कैसे बढ़ेगी? हमारी संस्कृति की सुरक्षा कैसे की जाएगी? यह आपको सोचना है। मैं आपसे वोट नहीं आपकी जागरुकता मांगती हूं जिस दिन आप लोग जागरूक हो जाएंगे आप सही गलत का सही निर्णय कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पंचायत को ताकतवर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मनरेगा शुरू किया। पलायन रोकने के लिए मनरेगा शुरू किया, ताकि ग्राम के बेरोजगारों को मनरेगा के जरिए रोजगार मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने मनरेगा के कार्य बंद करवा दिए। मनरेगा को पैसा भिजवाना बंद कर दिया। मनरेगा के कई काम रोक दिए गए और हमारे गांव के आदिवासी ग्रामीण बेरोजगार हो गए और घर परिवार छोड़कर पलायन करने को विवश हुए। प्रियंका ने कहा कि महिलाएं दिन-रात सूरज में तपते हुए पत्ता बीनकर घर लाती हैं, लेकिन उसके भुगतान में भी भ्रष्टाचार किया गया। यहां तो धान का बोनस भी नहीं दिया गया। तेंदूपत्ता पर बोनस देने का काम इंदिरा गांधी ने शुरू किया था। आज भाजपा आपको चप्पल दे रही है, छाते दे रही है, जूते दे रही है, लेकिन आपको आपका हक बोनस नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 67 वन उपज के लिए सही दाम मिल रहा है। मध्य प्रदेश में तो धान और तेंदू पत्ता का बोनस नहीं मिल रहा है। मध्य प्रदेश में सरकार बनी तो तेंदूपत्ता के प्रति बोरे पर 4000 रुपये का बोनस दिया जाएगा।

### हाईकोर्ट में पेश हुए ईडी अधिकारी

## आदेश पर पुनर्विचार करने की लगाई गुहार

**एजेंसी। कोलकाता**

ईडी के सहायक निदेशक स्तर के एक अधिकारी जिन्हें जांच में लापरवाही बरतने के आरोप में कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने हटा दिया था, उन्होंने दोबारा कोर्ट का रुख किया है। उक्त अधिकारी ने फैसले पर पुनर्विचार की अर्जी लगाई है। वह अभिषेक बनर्जी से संबंधित भर्ती मामले से जुड़ी जांच का जिम्मा लंबे समय से संभाल रहे थे। केंद्रीय जांच एजेंसी के इस अधिकारी को 17 तारीख की शुरूआत में कलकत्ता हाई कोर्ट के जज सिन्हा ने भरी सभा में फटकार लगाई थी। उन्होंने कहा कि आप जांच करने में सक्षम नहीं हैं, आप में आत्मविश्वास की कमी है। इसके बाद उन्होंने ईडी को अधिकारी को राज्य के सभी मामलों से हटाने का निर्देश दिया। वहीं अधिकारी बुधवार को कोर्ट पहुंचे है। उन्होंने अनुरोध किया कि न्यायाधीश अपने आदेश पर पुनर्विचार करें। उन्हें राज्य के अन्य मामलों के प्रभार से नहीं हटाया जाना चाहिए भले ही उन्हें भर्ती मामलों की जांच से हटा दिया जाए। ईडी के सहायक निदेशक का नाम मिथिलेश कुमार मिश्रा है। 29 सितंबर को जस्टिस सिन्हा ने उन्हें राज्य के सभी मामलों की जांच के प्रभार से हटाने का आदेश दिया था। इससे पहले 25 सितंबर को इस मामले में मिथिलेश को जज ने फटकार लगाई थी। हाई कोर्ट के आदेश पर ईडी ने तृणमूल सांसद अभिषेक की संपत्ति का ब्योरा कोर्ट को सौंपा था। जस्टिस सिन्हा ने उस बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने ईडी की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के मुख्य अधिकारी मिथिलेश की जांच पर सवाल उठाया था।

## बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की जरूरत: नंद किशोर यादव

**एजेंसी। भागलपुर**

भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में संगठन मजबूती को लेकर बैठक की गयी। जिसमे पूर्व मंत्री सह पटना साहिब विधायक नंद किशोर यादव एवं प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा के कार्यकर्ता के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा के वरिष्ठ विधायक नंद किशोर यादव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन आत्मीय संबध के आधार पर विकसित होता है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने के कारण हमें गर्व की अनुभव होता है। गांव, गरीब, किसान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए केंद्र सरकार ने जितना किया है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। विधान परिषद सदस्य डॉ एनके यादव ने कहा की भाजपा का लक्ष्य है प्रत्येक घर तक अपना पहुंच बनाना, प्रत्येक जनता को केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहें अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



देना। घर घर भाजपा कार्यकर्ता बनाना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाते हुए राष्ट्र के नवर्निर्माण में उनका सकारात्मक योगदान सुनिश्चित करना। प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता ने कहा की बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और मंडल को सशक्तिकरण के ऊपर जोर देने की बात करते हुए सक्रिय मंडल सशक्त बूथ का मंत्र दिया। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मंडल में बूथ स्तर पर समीक्षात्मक बैठक कर काम करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष टुनटुन साह, मेयर डॉ बसुंधरा लाल, नवगछिया जिला अध्यक्ष मुक्तिनाथ निषाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवा स्वरोजगार कर प्रदेश और देश को आत्मनिर्भर कर रहे : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। मथुरा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार दोपहर पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मोत्सव पर दीनदयाल धाम फरह में आयोजित विराट किसान संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडितजी कहते थे हर हाथ को काम और हर खेत को पानी मिले। हर हाथ को काम का मतलब है हर युवा को उनकी क्षमता के अनुसार कार्य मिलना चाहिए। हर खेत को पानी का मतलब है, हर किसान के खेत को पानी मिल जाये। हमारे उत्तर प्रदेश की जमीन तो ऐसी ही है जो सोना भी उगल दे। हमारी केंद्र और उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार यही कर रही है। मुख्यमंत्री ने मंच से अपनी भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि संचालित सभी योजनाओं के



माध्यम से प्रदेश के युवा स्वरोजगार कर प्रदेश और देश को आत्म निर्भर कर रहे हैं। दूसरी ओर सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता के साथ कार्य कर युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रदेश में अनेक कार्य चल रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि फिर से भारत को विश्व गुरू बनाने का का प्रधानमंत्री मोदी का विजन तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा की अन्नदाता किसान की समृद्धि के लिए धरती माता के स्वास्थ्य की चिंता पहले किसी ने नहीं की। पहली बार 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने पहली बार मृदा परीक्षण करवा कर धरती मां के स्वास्थ्य की चिंता की है। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को गिनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लघु और सीमांत किसानों का एक लाख तक ऋण को माफ किया, जिससे अन्नदाता आत्महत्या न करे। किसान सम्मान निधि में दो करोड़ बासठ लाख किसानों का 60 हजार करोड़ की धनराशि किसानों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में भेज कर उनका सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि किसान खुशहाल होगा तो देश भी खुशहाल होगा। मुख्यमंत्री योगी ने किसानों से कहा कि छाता चीनी मिल के पुनरुद्धार किया जा रहा है। मथुरा के पवित्र स्थल को तीर्थ स्थल घोषित करने की योजना युद्धस्तर पर संचालित है। कोसी में फूड प्रोसेसिंग केन्द्र संचालित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पण्डित जी के ग्राम स्वराज्य की कल्पना को कैसे साकार किया जा सकता है यह देखना है तो यहां दीनदयाल धाम में देखा जा सकता है। उन्होंने गौ संवर्धन के लिए दीनदयाल धाम समिति की प्रशंसा की और दीनदयाल धाम में संचालित प्रकल्पों की प्रशंसा की।

## नीतीश कुमार ने ट्रेन हादसे पर जताया दुख, मृतक के परिजनों को 4-4 लाख मुआवजे की घोषणा की

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल सभी यात्रियों का राज्य सरकार अपने तरफ से इलाज करायेगी।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि जैसे ही मुझे इस हादसे के बारे में पता चला मैंने अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। रात में सारे अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत का कार्य शुरू हुआ। चार लोगों की मौत हुई है। एक मृतक का संबंध बिहार से है। हम सब लोगों को मदद करने वाले हैं। मृतकों के परिजनों को



चार लाख रुपये दिए जाएंगे। केंद्र सरकार को भी यह देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में केंद्र सरकार में मैं रेल मंत्री था। उस दौरान मैंने रेलवे में एक-एक काम बढ़िया से करवाया था, जिसकी वजह से रेल हादसों में काफी कमी आई थी, उन लोगों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। उधर, रेल हादसा के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा रेल मंत्रालय पर सवाल उठाए जाने को लेकर बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन बक्सर में रघुनाथपुर के पास डिटेल हो गई। जानकारी के अनुसार 32 यात्री घायल हुए हैं और चार यात्रियों की मौत हो गई है। रेलवे ने त्वरित काम शुरू किया है। स्थानीय लोग घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद किया। इसके लिए रेलवे और आमजनों को धन्यवाद। रेलवे ने सभी यात्रियों को विशेष ट्रेन से गंतव्य के लिए रवाना किया। घायलों का इलाज कराने के साथ-साथ 50 हजार रुपये मुआवजा दिया गया। मृतक के परिजनों को दस लाख मुआवजा दिया जा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री ने जिस तरह का वक्तव्य दिया कि यह मेरा काम नहीं है, यह शर्मनाक है। नीतीश कुमार खैरात नहीं बांटे। गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के पास बिहार शरीफ के मस्जिद को देने के लिए एक करोड़ रूपया है। लेकिन बिहार शरीफ के हिंदू दुकानदारों और जिनके घर जले उन लोगों के लिए पैसा नहीं है। एक मुख्यमंत्री जो पूर्व में भी रेल मंत्री भी रह चुके हैं, उनके द्वारा हादसा के संबंध में दिए गए वक्तव्य से लगता है कि खैरात बांट रहे हैं। यह संघीय ढांचा है, जिसमें ऐसी जुबान नहीं रखें, खैरात यहां नहीं मस्जिद में ही बांटते रहें।

## कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 15 को : भूपेश

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश गुरुवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के लिए दिल्ली रवाना होने से पहले एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी। भूपेश ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को लेकर फिर तंज कसते हुए कहा कि यहां केवल और केवल रमन सिंह का चला है। रमन सिंह को सामने किया है, इसका मतलब है यहां फिर से चिटफंड कंपनी आएगी। अभिषेक सिंह और सारे लोग लगेंगे, उसके बाद उतराखंड में एक और रिसार्ट खुलेगा। भाजपा के पुराने चेहरों को टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सारे लोग डरे हुए हैं। भाजपा के सारे बड़े नेता छत्तीसगढ़ को लूटे, इसलिए सबने हाथ खींच लिया



था। अमित शाह परिवर्तन यात्रा में नहीं आए। इस दबाव के चलते सारे लोगों को टिकट मिल गया। स्वर्गीय भीमा मंडावी की बेटी के भावुक होने और कई लोगों के टिकट कटने से नाराज नेताओं के सवाल पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भाजपा कहती है कॉडर बेस पार्टी है और कॉडर का दुरुपयोग करते हैं। उनको सिर्फ. वोट दिलाने के लिए रखे हैं। रायशुमारी में कोई मतलब नहीं है। यदि कार्यकताओं की बात सुन लेते तो पंद्रह साल सत्ता में रहने के बाद 15 सीट में नहीं सिमटते।

**संवाद**

### 31 लघु फिल्म और 8 नुक्कड़ नाटक से यूपी में नारी शक्ति को किया जाएगा और सशक्त

# महिला अपराध के खिलाफ आवाज उठाने पर जोर

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण में महिलाओं को जागरूक करने एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए महिला एवं बाल संगठन की ओर से लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, संवाद और ध्वनि संदेश जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ये कार्यक्रम सर्किलवार रैली के माध्यम से प्रदेश की सभी ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्ले और रूट में पड़ने वाले दुर्गा पंडाल में 15 से 24 अक्टूबर तक आयोजित किये जाएंगे।

इसके लिए महिला एवं बाल संगठन ने लघु फिल्म की 31 थीम तैयार की है, जबकि नुक्कड़ नाटक की आठ थीम तैयार की गयी है। वहीं ध्वनि संदेश में विभाग के थीम सॉन्ग (जिंगल्स) को प्रसारित किया जाएगा।

महिला एवं बाल संगठन की एडीजी एवं मिशन शक्ति की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति के चौथे चरण की घोषणा की है। इसके तहत प्रदेश भर में विभाग की ओर से महिलाओं और बेटियों को लघु फिल्म और नुक्कड़ नाटक की करीब तीन दर्जन से अधिक थीम के जरिये योगी सरकार की योजनाओं, महिला अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करने एवं महिला संबंधी अत्याचार के खिलाफ



आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 31 लघु फिल्म में घर के अंदर कार्य करने वाली महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीड़न और शोषण के खिलाफ जन जागरूकता, वीमेन पावर लाइन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार, बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, लिंग भेद, बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों, बच्चों के प्रति होने वाले शोषण और हिंसा जैसे अपराधों पर महत्वपूर्ण कानून, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों, मिशन शक्ति के विभिन्न चरणों के तहत महिला सुरक्षा बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों, महिला सुरक्षा, बचाव एवं जागरूकता के लिए सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस कर्मियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में किये गए विशेष कार्यों, कॉर्पोरेट जगत के उपयोग के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रचार प्रसार, बाल विवाह के खिलाफ सामाजिक जागरूकता, महिला बीट पुलिस एवं महिला बीट अभियान विषयक फिल्म, मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा की गई सराहना, सिक्योरिटी गार्ड के माध्यम से वीमेन पावर लाइन द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रचार प्रसार और वीमेन ट्रैफिकिंग एवं अनैतिक व्यापार के सम्बन्ध में जागरूकता आदि प्रमुख विषयों पर लोगों के बीच दिखायी जाएगी।

### स्कूल में गुब्बारे को फूलाते समय सिलेंडर फटा, 33 बच्चे घायल

**अंबिकापुर ।** नगर के विवेकानंद स्कूल परिसर में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। दशहरा त्योहार को लेकर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा विवेकानंद स्कूल परिसर में तैयारी की जा रही थी। इसी बीच विशालकाय गुब्बारे में हवा भरने के दौरान सिलेंडर अचानक फट गया, जिसके फटने से भारी मात्रा में धूल, रेत व गिट्टी के कण इधर-उधर छिटक गये। स्कूल के बच्चे उस समय वहीं पर खेल रहे थे। धूल, रेत व गिट्टी के कण इधर-उधर छिटकने से दो दर्जन से अधिक बच्चों को चोट आई है। वही गुब्बारे में हवा भर रहे तीन लोग भी घायल हो गए। घायल बच्चों को जिला अस्पताल व मासूम अस्पताल में ले जाया गया है, वहीं गुब्बारे में हवा भर रहे तीन लोगों को मिशन अस्पताल में दाखिल कराया गया है। धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### विधानसभा चुनाव : 16 अक्टूबर को आ सकती है भाजपा की अगली सूची

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अब तक तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान - के लिए कुछ उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है। अब बड़ी ही बेताबी से भाजपा के दावेदार और विरोधी भी भाजपा की अगली सूची का इंतजार कर रहे हैं। आपको बता दें कि, भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अपने उम्मीदवारों की चार लिस्ट अब तक जारी कर चुकी है। राज्य की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा चारों लिस्ट को मिला कर अब तक 136 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। पार्टी को अभी 94 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान और करना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 15 अक्टूबर को भाजपा मुख्यालय में होने वाली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मध्य प्रदेश की पांचवी सूची पर मुहर लग सकती है। इसके अगले दिन यानी सोमवार 16 अक्टूबर को पार्टी यह सूची जारी कर सकती है। यह कहा जा रहा है कि पांचवीं सूची में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम भी हो सकता है। रविवार को होने वाली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ तेलंगाना के नामों पर भी चर्चा होनी है और इन राज्यों के उम्मीदवारों की लिस्ट भी सोमवार,16 अक्टूबर को जारी हो सकती है। आपको बता दें कि, छत्तीसगढ़ के 90 सदस्यीय विधान सभा के लिए भाजपा दोनों सूचियों में कुल मिलाकर 85 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अब तक कर चुकी है और उसे अब राज्य के लिए सिर्फ 5 उम्मीदवारों के नाम की ही घोषणा करनी है।

### फ्रांस से अंतरिक्ष, साइबर व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सहयोग पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** दो देशों की यूरोप यात्रा के आखिरी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता की। इस वार्ता में रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ ही अंतरिक्ष, साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विशिष्ट डोमेन में संभावित सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक से पहले फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजनाथ सिंह ने दो यूरोपीय देशों के अपने दौरे के समापन से पहले 11 अक्टूबर की देर रात पेरिस में फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ क्षेत्रीय स्थिति के आकलन से लेकर दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग पर चर्चा की। मंत्रियों ने चल रही रक्षा परियोजनाओं की समीक्षा करने के साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने अंतरिक्ष, साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विशिष्ट डोमेन में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने आरिज खान की मौत की सजा को उम्रकैद में बदला

**नई दिल्ली।** 2008 के बाटला हाउस मुठभेड़ मामले में आरिज खान की सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को निचली अदालत से मिली मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। 18 अगस्त को अदालत ने उस मामले में आरिज खान को मौत की सजा की पुष्टि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें जामिया नगर में इंडियन मुजाहिदीन के दो संदिग्ध आतंकवादियों और प्रतिष्ठित इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने खान को राहत देते हुए उसकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। उच्च न्यायालय को पहले आरिज खान को दी गई मौत की सजा की पुष्टि के लिए एक संदर्भ प्राप्त हुआ था। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सिलसिलेवार विस्फोटों में 35 से अधिक लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए थे। कुछ दिनों बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 19 सितंबर 2008 को जामिया नगर के बाटला हाउस में एक मुठभेड़ को अंजाम दिया था।

# दुनिया में बुलंद हो रही है भारत की आवाज : पीएम



**एजेंसी। पिथौरागढ़/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चुनौतियों से घिरी दुनिया में, भारत की आवाज बुलंद हो रही है। दुनिया आज भारत की क्षमता को स्वीकार कर रही है। प्रधानमंत्री ने आज उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, चुनौतियों से घिरी दुनिया में भारत की आवाज बुलंद होती जा रही है। अभी कुछ सप्ताह पहले ही जी-20 का इतना बड़ा शानदार आयोजन हुआ, उसमें भी दुनिया ने हम भारतीयों का लोहा माना है। उन्होंने आगे कहा, दुनिया आज खेलों में भी भारत की क्षमता देख रही है। हाल ही में एशियाई खेलों में भारत ने पदक जीतकर पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

### कौशल दीक्षांत समारोह नए भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाता है : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह नए भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास का यह उत्सव (कौशल दीक्षांत समारोह) अपने आप में अद्वितीय है और देश भर के कौशल विकास संस्थानों के संयुक्त दीक्षांत समारोह का आज का आयोजन एक बहुत ही सराहनीय पहल है। प्रधानमंत्री वीडियो संदेश के माध्यम से एआईसीटीई ऑडिटोरियम, वसंत कुंज, नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने किसी भी देश की ताकत जैसे उसके प्राकृतिक या खनिज संसाधनों, या उसकी लंबी तटरेखाओं का उपयोग करने में युवाओं की शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि देश मजबूत युवा शक्ति के साथ अधिक विकसित होता है, जिससे देश के संसाधनों के साथ न्याय होता है। प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा माल निर्यात, मोबाइल निर्यात, इलेक्ट्रॉनिक निर्यात, सेवा निर्यात, रक्षा निर्यात और विनिर्माण में नए रिकॉर्ड बनाने और साथ ही अंतरिक्ष, स्टार्टअप जैसे ड्रोन, एनीमेशन, इलेक्ट्रिक वाहन, अर्धचालक आदि कई क्षेत्रों में युवाओं के लिए बड़ी संख्या में नए अवसर पैदा करने का उल्लेख किया। उन्होंने इसके लिए भारत की युवा आबादी को श्रेय देते हुए कहा, आज पूरी दुनिया इस बात पर विश्वास कर रही है कि यह सदी भारत की सदी होगी।

### पीएम आज करेंगे पी20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आज को यशोभूमि में 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत की संसद द्वारा भारत की जी20 अध्यक्षता के व्यापक ढांचे के तहत की जा रही है। भारत की जी20 अध्यक्षता की थीम के अनुरूप, 9वें पी20 शिखर सम्मेलन का विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' है। इस कार्यक्रम में जी20 सदस्यों और आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भाग लेंगे। 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ के जी20 का सदस्य बनने के बाद पैन-अफ्रीकी संसद पहली बार पी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेगी। इस पी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विषयगत सत्र निम्नलिखित चार विषयों पर केंद्रित होंगे - सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन; महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास; एसडीजी में तेजी लाना और सतत ऊर्जा संक्रमण।

### उमर खालिद की बेल याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में पूर्व जेएनयू स्कॉलर और कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को स्थगित कर दी। समय की कमी का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई 1 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। खालिद ने पिछले साल जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की है।

## राष्ट्रपति ने माता वैष्णो देवी के किए दर्शन नवनिर्मित स्काईवॉक किया उद्घाटन

**एजेंसी। जम्मू**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। इस मौके पर राष्ट्रपति ने नवनिर्मित स्काईवॉक और नवदुर्गा पथ का उद्घाटन भी किया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार से जम्मू व कश्मीर में अपने दो दिवसीय प्रवास पर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार दोपहर को पंछी हेलीपैड पर पहुंचीं और यहां से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुईं। भवन पहुंच कर मुर्मू ने माता वैष्णो देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने मां के दरबार में माथा टेक कर सबकी सुख-शांति के लिए प्रार्थना भी की। राष्ट्रपति ने मां वैष्णो देवी भवन पर बने स्काईवॉक व नवदुर्गा पथ का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उनका स्वागत श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग और पुलिस के आला अधिकारियों ने किया। उनके साथ जम्मू



कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहे। वैष्णो देवी भवन में श्रद्धालुओं भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्काईवॉक परियोजना का प्रस्ताव रखा था। माता वैष्णो देवी भवन पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्काईवॉक बनाया गया है। यह 15 करोड़ रुपये की लागत से इसे डेढ़ साल में बनकर तैयार हुआ है। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों को प्रतिबिंबित किया गया है, जिसे नव दुर्गापथ नाम दिया गया है। प्रवेश द्वार पर 60 मीटर लंबी गुफा बनाई गई है, ताकि श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी की प्राचीन गुफा का अहसास हो सके। यहां प्रत्येक 100 मीटर की दूरी पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षा हॉल का निर्माण किया गया है। स्काईवॉक के एक ओर शीशा लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को भवन के दर्शन होते रहें। इसके साथ ही माता वैष्णो देवी के श्लोक तथा मंत्र आदि अंकित किए गए हैं ताकि भक्ति पूर्ण वातावरण बना रहे। स्काईवॉक से एक समय में छह हजार से अधिक श्रद्धालु मंदिर तक पहुंच सकेंगे। इसे ट्रैक से 20 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। भवन के प्रवेश द्वार पर बने स्काईवॉक का नवदुर्गा पथ शारदीय नवरात्र पर भक्तों का स्वागत करेगा। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने स्काईवाक फ्लाईओवर में लकड़ी की फ्लोरिंग की गई है। इससे नंगे पांव चलने में दिक्कत नहीं होगी।

## रेल दुर्घटना में 5 की मौत, 70 से अधिक घायल, घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास बीती रात 9:35 बजे आनंद विहार से असम के कामख्या तक जाने वाली नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 2506) दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें अबतक 5 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। हादसे में 70 से अधिक यात्री घायल हुए हैं।

बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने 4 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं, राहत कार्य में जुटी पुलिस ने एक और शव बरामद होने की पुष्टि की, जिससे मृतकों की संख्या पांच हो गई। भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार ने बताया कि दुर्घटना में 70 यात्री जख्मी हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने 100 के करीब यात्रियों के घायल होने की बात कही है। पूर्व मध्य रेलवे के जीएम अनुपम शर्मा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। घटनास्थल पर एक रेक पहुंचाया गया जिससे नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। जीएम अनुपम शर्मा और दानापुर रेल मंडल के डीआरएम जयंत कुमार चौधरी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। राहत कार्य जारी है। राहत यान, रेस्क्यू ट्रेन क्रेन और मेडिकल टीम मौके पर लगातार काम कर रही है। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर पहुंच कार्य कर रही हैं।

राज्य के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर कहा कि स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग बिहार के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत नियंत्रण कक्ष में स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ राहत, बचाव व रसद जुटाने व अन्य सभी व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। अस्पताल अलर्ट है। गाड़ियों के लिए जिले के टोल फ्री कर दिए गए हैं।

**इस रूट की कुछ ट्रेनों को रोका, कुछ डायवर्ट :** पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि दुर्घटना के बाद इस रूट की सभी ट्रेनों को आसपास के स्टेशनों पर रोक दिया गया है। कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। सीमांचल एक्सप्रेस दिलदार नगर में, गुवाहाटी राजधानी दानापुर में रोकी गई है। विभूति, पंजाब मेल समेत अन्य ट्रेनों को वाराणसी से ही दूसरे रूट से किउल भेजा गया है।

दुर्घटना के कारणों का पता अभी नहीं चला है। ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने से थोड़ी देर पहले पटना-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति, और राजेंद्रनगर अजमेर जियारत एक्सप्रेस यहां से गुजर चुकी थीं। ऐसे में तकनीकी विशेषज्ञ प्वांइट फेल्योर का अनुमान लगा रहे हैं।



### प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण हुई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने जोर देकर कहा कि अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण लोगों की मौत से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारी सभी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर लिखा, अपूरणीय क्षति के लिए गहरी संवेदनाएं। पटरी से उतरने के मूल कारण का पता लगाया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा इस घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी गयी है।




### 'बिग बॉस' का 17वां सीजन 15 से, हर एपिसोड के लिए मोटी फीस लेंगे सलमान

**टीवी शो** बिग बॉस-17 का 17वां सीजन 15 अक्टूबर से स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। इस सीजन में दर्शकों को कई विवादित सेलिब्रिटीज देखने को मिलेंगे। सलमान खान एक बार फिर शो को होस्ट करते नजर आएंगे। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि कौन से कलाकार शो में शामिल होंगे, लेकिन ये तय है कि इस सीजन में सलमान खान का दबदबा रहेगा। बिग बॉस-17 को होस्ट करने के लिए सलमान खान को मोटी रकम दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान को प्रति सप्ताह 12 करोड़ रुपये तक का भुगतान किया जाएगा। सलमान खान पूरे हफ्ते में सिर्फ 2 एपिसोड ही शूट करते हैं। यानी उन्हें हर एपिसोड के लिए 6 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। फिलहाल चैनल या शो के मेकर्स की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस बार बिग बॉस की थीम काफी दिलचस्प होने वाली है। इस बार दर्शकों को बिग बॉस की आंखें, उनका सिर, दिल और सांस भी दिखेंगी। यानी इस बार घर तीन हिस्सों में बंटा हुआ नजर आएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सीजन में शामिल होने वाली जोड़ियां बिग बॉस के दिल में होंगी।



### प्रशंसकों का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है : अमिताभ



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन बुधवार को 81 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यही उनके 'जीवित रहने और काम करने' का कारण है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में घर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए कई तस्वीरें साझा की। एक फोटो में सिने आइकन को माला पहने हुए दिखाया गया है। अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने लिखा, जब अभिभूत हो तो उन भावनाओं को व्यक्त करना सबसे मुश्किल काम होता है।" बिग बी ने कहा कि सभी का आशीर्वाद ही मेरे जीवित रहने और काम करने का कारण है, और क्या मैं कभी भी इन आशीर्वादों के योग्य बन पाऊंगा।

### 'तेजस' के ट्रेलर में कंगना के शानदार परफॉर्मेंस ने पांचवें राष्ट्रीय पुरस्कार की भविष्यवाणी को दी हवा

**अभिनेत्री** कंगना रनौत भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के साथ एक बार फिर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार पर अपनी नजरें जमाती दिख रही हैं। अभिनेत्री पहले ही चार राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। फिल्म के ट्रेलर ने इंटरनेट पर काफी सुर्खियां बटोरी है, जिससे फैंस, आलोचक और नेटिजन्स आश्चर्यचकित हैं। इस बात की चर्चा छिड़ गई है कि इस ट्रेलर के साथ कंगना को अपना पांचवां राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। भारतीय वायु सेना दिवस पर जारी किए गए ट्रेलर में कंगना को एक उच्च जोखिम वाले मिशन के लिए नियुक्त लड़ाकू पायलट की भूमिका में दिखाया गया है। कंगना के किरदार ने अपने सम्मोहक प्रदर्शन से काफी ध्यान आकर्षित किया है। अपने किरदार की तैयारी के प्रति उनका समर्पण, उनके उग्र संवाद और उनकी आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति ने मिलकर उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार की दौड़ में शुरूआती पसंदीदा बना दिया है। 'फैशन', 'क्वीन', 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' और 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' में उनके अभिनय के लिए पहले ही उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। इनमें से प्रत्येक भूमिका ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा और अपने पात्रों में पूरी तरह से डूब जाने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित किया। आरएसवीपी द्वारा निर्मित, यह फिल्म सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित है। तेजस 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## रणनीति

### वायु सेना 97 तेजस खरीदने की दिशा में आगे बढ़ रही है

# मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट पर नजर

### सौदे के लिए फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन, अमेरिकी बोइंग और स्वीडिश सॉब कंपनियां मुख्य दावेदार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना 97 और तेजस खरीदने के लिए आगे बढ़ रही है लेकिन उसकी नजरें मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) पर टिकी हैं। वायु सेना एमआरएफए की फाइल को रक्षा मंत्रालय के पास ले जाने के लिए सरकार के संकेत का इंतजार कर रही है। इस सौदे के लिए फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन, अमेरिकी बोइंग और स्वीडिश सॉब तीन मुख्य दावेदार हैं, जिनमें सबसे आगे फ्रांसीसी कंपनी है। भारत ने इसी कंपनी से 4.5 पीढ़ी के 36 राफेल विमानों के लिए 2016 में सौदा किया था, सभी विमान वायु सेना के बेड़े में शामिल किये जा चुके हैं।

दरअसल, भारतीय वायुसेना ने 2007 में ही अपने लड़ाकू बेड़े में 126 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) की कमी होने की जानकारी देकर रक्षा मंत्रालय के सामने खरीद का प्रस्ताव रखा था। बाद में सिर्फ 36 राफेल विमानों का सौदा फ्रांसीसी द डसॉल्ट एविएशन के साथ किया गया। इस तरह 126 के बजाय 36 विमानों का सौदा होने से वायुसेना के बेड़े में 90 विमानों की कमी बरकरार रही। इसलिए वायु सेना ने नए प्रकार के सिंगल इंजन वाले 114 एमएमआरसीए खरीदने की योजना बनाई। दुनियाभर की कई बड़ी रक्षा कंपनियों ने इस सौदे के लिए दिलचस्पी भी दिखाई, जिनमें फ्रांसीसी डसॉल्ट एविएशन, अमेरिकी बोइंग और स्वीडिश सॉब कंपनी प्रमुख हैं।

रक्षा संसदीय समिति ने भी सरकार को भारतीय वायु सेना के लिए बगैर देरी किये पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार करने की सलाह दी है। समिति का मानना है कि वायु सेना को भविष्य में होने वाले संभावित संघर्षों के लिए अगली पीढ़ी के टेक-रेडी कॉम्बैट जेट की जरूरत है, इसलिए सरकार को अतिरिक्त लड़ाकू जेट्स की खरीद में देरी नहीं करनी चाहिए। समिति ने सरकार से पूछा है कि वायु सेना के लिए फाइटर जेट्स खरीदने में देरी क्यों की जा रही है।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने सालाना प्रेस कांफ्रेंस में बताया था कि अब हम 97 और एलसीए मार्क-1ए विमान चाहते हैं, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह सौदा पूरा होने के बाद हमारे पास 180 एलसीए होंगे। भारतीय वायु सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एचएएल को ऑर्डर किए गए 83 तेजस के अलावा 97 और तेजस खरीदने के प्रस्ताव का एमआरएफए योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वायु सेना ने अपनी लड़ाकू संपत्तियों को मोटे तौर पर 42 स्क्वाड्रन में परिभाषित किया है जबकि मौजूदा समय में उसके पास सिर्फ 30 स्क्वाड्रन हैं।

वायु सेना 2025 तक मिग-21 की 4 स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से खत्म कर रही है, जिससे स्क्वाड्रन की ताकत धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसके अलावा अधिकांश मौजूदा स्क्वाड्रन का तकनीकी जीवन समाप्त हो रहा है, जिससे वायु सेना की लड़ाकू क्षमता पर असर पड़ने की संभावना है।

## गागर में सागर

### चावल के निर्यात पर पाबंदियां बढ़ा सकती है भारत सरकार



**नई दिल्ली।** चावल के सबसे बड़े निर्यातक भारत के कदम से एशिया समेत पूरी दुनिया में चावल के दामों पर असर पड़ सकता है। घरेलू बाजार में चावल की कीमतों पर लगाम लगाने के लिए मोदी सरकार उबले चावल पर लगने वाले 20 फीसदी निर्यात शुल्क की समय सीमा को बढ़ाने पर विचार कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार सरकार यह फैसला आने वाले फेस्टिव सीजन और चुनावों को देखते हुए ले सकती है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने जुलाई के अंत में घरेलू बाजार में चावल की कीमतों में इजाफे को देखते हुए उबले चावल के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगाने का फैसला किया था। यह फैसला 15 अक्टूबर, 2023 तक लागू है। ऐसे में सरकार को इससे पहले शुल्क को लेकर कोई फैसला लेना है। इकोनॉमिक टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले पर जानकारी देते हुए कुछ अधिकारियों ने कहा कि सरकार निर्यात शुल्क को 40 फीसदी तक बढ़ाने पर विचार नहीं कर रही है, मगर इसे 20 फीसदी तक स्थिर रखा जा सकता है। ध्यान देने वाली बात ये है कि साल 2023 के अंत तक होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और साल 2024 में होने वाले आम चुनावों से सरकार की कोशिश है कि वह महंगाई पर लगा लगा सके। ऐसे में चावल की कीमत को कंट्रोल करने के लिए अगर सरकार निर्यात शुल्क को बढ़ाने का फैसला करती है तो इसका असर दुनियाभर पर पड़ेगा।

### हमास को क्रिप्टो के रूप में भेजे गए लाखों डॉलर


**नई दिल्ली।** हमास और उसके सहयोगियों के समूह को इस्त्राइली पर आतंकवादी हमलों से महीनों पहले करोड़ों पाउंड की क्रिप्टोकरेंसी दान के रूप में भेजी गई थी। इस पैसे का इस्तेमाल इस्त्राइल के खिलाफ हमलों को अंजाम देने में किया गया। विश्लेषकों के अनुसार, 2023 की पहली छमाही के दौरान हमास और संबद्ध फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) समूह की ओर से नियंत्रित क्रिप्टोकरेंसी खातों में 134 मिलियन डालर से अधिक स्थानांतरित किए गए थे। बता दें हमास ने शनिवार को इस्त्राइल पर बड़े पैमाने पर आतंकी हमला किया, जिसमें 2400 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इस हमले के बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर हमास ने इस जटिल हमले को कैसे व्यवस्थित रूप से वित्तपोषित किया। क्रिप्टोकरेंसी विश्लेषण कंपनी एलिप्टिक के अनुसार, ब्लॉकचेन रिकॉर्ड के विश्लेषण से पता चलता है कि अगस्त 2021 और इस साल जून के बीच अकेले पीआईजे को लगभग 93 मिलियन डॉलर क्रिप्टोकरेंसी हस्तांतरित की गई। तेल अवीव स्थित क्रिप्टो ट्रेसिंग कंपनी बिटओके के आंकड़ों के अनुसार, हमास ने पिछले 18 महीनों में क्रिप्टो टोकन में लगभग 41 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, इसके बारे में पहली बार वॉल स्ट्रीट जर्नल की ओर रिपोर्ट की गई थी।

### एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड निवेश

**नई दिल्ली।** सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंडों में होने वाले निवेश सितंबर में बढ़कर 16,042 करोड़ रुपये के अब तक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंडों में 90,304 करोड़ का निवेश हुआ। हालांकि, पिछले माह इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश में गिरावट आई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में मासिक आधार पर 30 फीसदी घटकर 14,091 करोड़ रुपये रहा है। शेयर बाजार में जोखिम से बचने की धारणा से निवेश प्रभावित हुआ। हालांकि, सितंबर शुद्ध प्रवाह का लगातार 31वां महीना है। इक्विटी श्रेणी खंड को सितंबर में छह नए कोष से मदद मिली, जिन्होंने 2,503 करोड़ रुपये जुटाए। बाजार नियामक सेबी अदाणी समूह और गल्फ एशिया ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फंड के संबंधों की जांच कर रहा है। इस फंड का गठन ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में किया गया है और इसका मालिकाना हक दुबई के बिजनसमैन नासिर अली शबन अहली के पास है। दो सूत्रों ने बताया, सेबी इस बात की जांच कर रहा है कि इस मामले में शेयर ऑनरशिप से जुड़े नियमों के उल्लंघन हुआ है या नहीं। नई दिल्ली।जीएसटी प्राधिकरण ने कम कर भुगतान के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर 36,844 रुपये जुमार्ना लगाया है। बीमा कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसे जम्मू-कश्मीर के लिए ब्याज और जुमार्ने के साथ जीएसटी संग्रह के लिए एक मांग आदेश मिला है। राज्य कर अधिकारी, श्रीनगर के 9 अक्तूबर, 2023 के नोटिस के अनुसार, एलआईसी ने कुछ बिलों (इन्वॉयस) पर 18 फीसदी की जगह 12 फीसदी जीएसटी का भुगतान किया।

## फोर्ब्स ने 2023 का भारत में 100 सबसे अमीरों की सूची की जारी

# मुकेश अंबानी शीर्ष स्थान पर



**बिजली और इस्पात समूह ओ.पी. जिंदल समूह की मातृ प्रधान सवित्री जिंदल, 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 24 बिलियन डॉलर के साथ चौथे स्थान पर हैं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शीर्ष क्रम में एक नाटकीय बदलाव में, मुकेश अंबानी ने भारत के 100 सबसे अमीरों की 2023 फोर्ब्स सूची में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति इस साल 799 अरब डॉलर पर स्थिर रही। इस सितंबर में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बनने के बाद भारत काफी उत्साहित है। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, भारत का शेयर बाजार 14 प्रतिशत बढ़ गया। लेकिन, कमजोर रुपये के कारण यह उछाल, भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक निवल संपत्ति में परिलक्षित नहीं हुआ, जो कि 799 बिलियन डॉलर पर स्थिर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 92 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ नंबर 1 स्थान हासिल किया। पिछले साल पहली बार भारत के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में अंबानी से आगे निकले बुनियादी ढांचे के दिग्गज गौतम अदानी की किस्मत जनवरी में यूएस शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद नाटकीय रूप से उलट गई और उनके समूह के शेयरों में गिरावट आई। उसके बाद से कुछ हद तक ठीक होने के बावजूद, उनकी निवल संपत्ति 82 बिलियन से 68 बिलियन तक गिर गई और वह दूसरे स्थान पर खिसक गए। सॉफ्टवेयर टाइकून शिव नादर 29.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दो स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पिछले साल एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में 42 फीसदी का उछाल आया था। बिजली और इस्पात समूह ओ.पी. जिंदल समूह की मातृ प्रधान सवित्री जिंदल, 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 24 बिलियन डॉलर के साथ चौथे स्थान पर हैं। शीर्ष पांच में एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी हैं, जिनकी संपत्ति पहले के 27.6 बिलियन डॉलर से घटकर 23 बिलियन डॉलर हो गई है। एशिया वेल्थ संपादक और फोर्ब्स एशिया के भारत संपादक नाजनीन करमाली ने कहा, भारत प्रगति कर रहा है और वैश्विक निवेशकों द्वारा इसे एक आकर्षक स्थान माना जा रहा है।" इस वर्ष सबसे अधिक लाभ हासिल करने वाले इंदर जयसिंघानी 6.4 बिलियन डॉलर के साथ 32वें नंबर पर हैं। उनके परिवार की कुल संपत्ति लगभग दोगुनी हो गई, क्योंकि उनकी तार और केबल कंपनी, पॉलीकैब इंडिया को बढ़ते विद्युतीकरण से लाभ हुआ। फार्मा बंधुओं रमेश और राजीव जुनेजा को मई में मैनकाइंड फार्मा की लिस्टिंग से 64 प्रतिशत की अच्छी बढ़त मिली, इससे वे 6.9 बिलियन डॉलर के साथ 29वें नंबर पर आ गए। इस वर्ष इसी सूची में तीन नए प्रवेशकर्ता हैं मई में अपने पति मिकी जगतियानी के निधन के बाद, दुबई में मुख्यालय वाली खुदरा बिक्री कंपनी, लैंडमार्क ग्रुप की अध्यक्ष, रेनुका जगतियानी 4.8 बिलियन के साथ 44वें नंबर पर हैं। सूची में एशियन पेंट्स का दानी परिवार (नंबर 22, 8 बिलियन) भी नया है, जो पितृपुरुष अश्विन दानी के उत्तराधिकारी हैं, जिनकी सितंबर में मृत्यु हो गई थी। तीसरे नवागंतुक कपड़ा निर्यातक के.पी.रामासामी (नंबर 100, 2.3 बिलियन) हैं। वह के.पी.आर. मिल के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। इस वर्ष वापस लौटने वाले सात लोगों में रंजन पई (नंबर 86, 2.75 बिलियन) शामिल हैं। जिन्होंने अस्पताल श्रृंखला मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा सिंगापुर के टेमासेक को बेचकर 1 बिलियन डॉलर नकद निकाले।

## भारत की आर्थिक वृद्धि में आभूषण क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिकाः गडकरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने भारत की आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गडकरी ने अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रत्न एवं आभूषण उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, रत्न एवं आभूषण क्षेत्र सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करता है। इसके साथ ही वह रोजगार के अवसर पैदा करने में भी अहम भूमिका निभाता है। इस क्षेत्र की भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, गडकरी ने यह स्वीकार किया कि इस समय भारतीय आभूषण विनिमार्ताओं को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन आभूषण विनिमार्ता अपने गहनों की डिजाइन में सुधार कर हीरों के वैश्विक आभूषण कारोबार पर दबदबा बना सकते हैं। आभूषण विनिमार्ताओं, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और निर्यातकों के शीर्ष व्यापार निकाय जीजेसी ने बुधवार को आभूषण शॉपिंग फेस्टिवल के शुभारंभ की घोषणा की। यह 15 से 22 अक्टूबर तक देशभर के 300 शहरों में आयोजित किया जाएगा।

# शेयरों के गिरावट से निवेशकों का बुरा हाल




**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को कारोबार की धीमी शुरूआत की। घरेलू बाजार को विदेशी बाजारों से सपोर्ट मिल रहा है, लेकिन दूसरी ओर आईटी शेयरों की गिरावट से प्रेशर भी बना हुआ है। इस कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने मामूली बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की। सुबह के 9 बजकर 20 मिनट पर सेंसेक्स महज 45 अंक की बढ़त में 66,520 अंक से नीचे कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी करीब 20 अंक की बढ़त लेकर 19,830 अंक पास था। प्री-ओपन सेशन में आज हल्की तेजी दिख रही थी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स प्री-ओपन सेशन में करीब 100 अंक की मजबूती में था, जबकि निफ्टी करीब 12 अंक की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था। गिफ्टी सिटी में निफ्टी का वायदा भी सुबह में ग्रीन जोन में था। इस तरह बाजार के ग्रीन जोन में शुरूआत करने के संकेत मिल रहे थे। शेयर बाजार ने सप्ताह की शुरूआत भले ही गिरावट के साथ की, लेकिन उसके बाद लगातार तेजी दिख रही है। सोमवार के नुकसान के बाद मंगलवार और बुधवार दोनों दिन बाजार में तेजी देखी गई है। बुधवार को सेंसेक्स में करीब 400 अंकों का उछाल आया और यह इंडेक्स 66,475 अंक के पास पहुंच गया। निफ्टी 120 अंक से ज्यादा मजबूत होकर 19,800 अंक के पार निकल गया। वैश्विक बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। बुधवार को अमेरिकी बाजार फायदे में रहे थे। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.19 फीसदी की तेजी रही थी। वहीं नासडैक कंपोजिट इंडेक्स में 0.71 फीसदी की और एसएंडपी 500 में 0.43 फीसदी की रैली आई थी। आज के कारोबार में एशियाई बाजार भी मजबूत बने हुए हैं। जापान का निक्की 1.21 फीसदी के फायदे में है।

## विदेश

### एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो का दावा

# हमास से जुड़े सैकड़ों अकाउंट्स को हटाया गया



**एजेंसी। तेल अवीव**

एक्स की सीईओ लिंडा याकारिनो ने कहा कि माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने इजरायल पर हमले के बाद से सैकड़ों हमास से जुड़े अकाउंट्स को हटा दिया है। एक्स पर पोस्ट किए गए यूरोपीय संघ के आयुक्त थियरी ब्रेटन को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि हम यूरोपीय संघ के सदस्य देशों सहित दुनिया भर से कानून प्रवर्तन अनुरोधों का तुरंत जवाब देना जारी रखते हैं। यह यूरोपीय संघ के आयुक्त द्वारा एक्स के मालिक एलन मस्क को अगले 24 घंटों में उनके अनुरोध पर सटीक और पूर्ण प्रतिक्रिया भेजने के लिए कहने के बाद आया है। याकारिनो ने लिखा कि आज हमने यूरोपीय आयोग के पत्र का जवाब दिया, जिसमें इस बारे में जानकारी मांगी गई थी कि हम इस संघर्ष का कैसे जवाब दे रहे हैं। हमारा काम जारी है। इजरायल में हमास के हमलों के बाद ईयू कमिश्नर ने मस्क को चेतावनी देते हुए कहा था कि उनके एक्स प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल यूरोपीय संघ में अवैध सामग्री और गलत सूचना फैलाने के लिए किया जा रहा है। मस्क को संबोधित एक पत्र में, ब्रेटन ने कहा कि इजरायल के खिलाफ हमास के आतंकवादी हमलों के बाद उन्हें संकेत मिले हैं कि मंच का उपयोग यूरोपीय संघ में अवैध सामग्री और गलत सूचना प्रसारित करने के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, पत्र में एक्स सीईओ ने यह भी उल्लेख किया है कि अब तक हमने आवश्यक समयसीमा के भीतर ईयू में प्राप्त 80 से अधिक टेक-डाउन अनुरोधों का मेहनती और वस्तुनिष्ठ तरीके से जवाब दिया है। हम कानून प्रवर्तन प्राधिकरण के अनुरोधों का जवाब देना जारी रखेंगे।

## तबाही का मंजर | भारत में रह रहे इजरायली नागरिकों का फूटा हमास पर गुस्सा

# जंग में जाने को तैयार, बोले- परिवार की सता रही चिंता



**हमास के जरिए किए गए अचानक हमले की वजह से इजरायल को शुरू में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है**

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इस युद्ध का असर न सिर्फ इजरायल में रहने वाले लोगों पर पड़ा है, बल्कि भारत में रह रहे इजरायली नागरिक भी इससे चिंतित हैं। हर दिन मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि भारत में रह रहे और यहां घूमने आए इजरायली नागरिक युद्धग्रस्त मुल्क में अपने प्रियजनों के लिए काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। हमास के जरिए किए गए अचानक हमले की वजह से इजरायल को शुरू में बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। भारत में रहने वाले इजरायली नागरिकों ने हमास के इस हमले की निंदा की है और इसके खिलाफ आवाज उठाई है। भारत में ऐसे भी इजरायली नागरिक हैं, जो यहां काफी लंबे समय से रह रहे हैं। हालांकि, ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जो भारत घूमने आए थे, मगर अब जिस तरह से इजरायल में हालात बिगड़े हैं। उसे ध्यान में रखते हुए इन लोगों ने वतन लौटने का फैसला किया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रह रही केनरियात ने बताया कि हमास के हमले में उसका घर भी तबाह हुआ है। उसने बताया कि वह अपने भाई से लगातार बात कर रही है, जो इजरायली सेना में है। केनरियात ने बताया कि मैं काफी डरी हुई हूं। मेरे चचेरे भाई को गोली लगी है और वह बुरी तरह जख्मी है। उसका ये भी कहना है कि वह भारत में काफी ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रही है। उसे अपने देश लौटने में डर लग रहा है। कुल्लू में मौजूद शीरा नाम की एक और इजरायली पर्यटक ने बताया कि वह हमास के लड़ाकों से लड़ने के लिए अपनी देश को मदद करना चाहती है। इजरायल और हमास के बीच हालिया संघर्ष काफी भयानक है। मैं भारत की तरफ से किए जा रहे सपोर्ट के लिए आभारी हूं। उसका कहना है कि सैन्य सहायता के अलावा युद्ध की वजह से प्रभावित हुए लोगों को जरूरी खाने की सप्लाई और सामान पहुंचाना भी जरूरी है। राजस्थान के पुष्कर में मौजूद इजरायली पर्यटक अमात ने अपने मुल्क में लौटने की इच्छा जताई। उसने इजरायली डिफेंस फोर्स के साथ युद्ध के मैदान में उतरने की बात कही है। अमात ने कहा कि मैं बच्चों, महिलाओं और सैनिकों के साथ हमास की बर्बरता के खिलाफ उनसे लड़ने के लिए जंग के मैदान में उतरना चाहता हूं। वह 15 अक्टूबर को इजरायल लौट रहा है।

## पेज एक के शेष

### खिलाड़ियों के ....

खेलते हुए हमारा भविष्य क्या होगा? खिलाड़ियों की ऐसी सभी चिन्ताओं को हमारी सरकार ने दूर करने का ईमानदार प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों से अपील किया कि आप चिंता न करें, आप खेल की दिशा में आगे बढ़े। आपके भविष्य की चिन्ता हमारी सरकार करेगी। आपका पूरा जीवन कैसे सुरक्षित हो, इसकी पूरी गारंटी के साथ आपको आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं उनके प्रशिक्षकों को भी आगे बढ़ाने का कार्य राज्य सरकार करेगी।

**अब सम्मान राशि के रूप में कम से कम 50 हजार देने का प्रावधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों को सिर्फ मेडल जीतने के लिए तैयार नहीं करेंगे, बल्कि झारखंड में खेल का एक वट वृक्ष तैयार करने के उद्देश्य से कार्य करेंगे। आने वाले समय में इस राज्य में खिलाड़ियों की नर्सरी वास्तविक रूप से सार्थक करने का प्रयास किया जाएगा। हमारी सरकार इस कार्य की ओर अग्रसर भी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए खेल विभाग ने पंचायत, प्रखंड, जिला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कोशिश शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 खिलाड़ियों को सरकार ने सीधी नियुक्ति दी है, बात यहीं खत्म नहीं होगा। खिलाड़ियों की आगे भी नियुक्तियां होती रहेंगी। झारखंड के खिलाड़ियों ने जो हुनर दिखाया उसका लोहा मानना होगा। उन्होंने अपने ताकत के बल पर अपना स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में बहुत ही कम राशि खिलाड़ियों को बतौर सम्मान राशि वितरित की जाती थी ,जो न्याय संगत नहीं था। कोई भी नकद पुरस्कार 50 हजार से कम न हो, यह हमारी सरकार ने तय किया है। अब कोई भी पुरस्कार 50 हजार से कम का नहीं है और इसकी अधिकतम सीमा पांच करोड़ रुपए तक सरकार ने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो शारीरिक रूप से ठीक नहीं है और खेल के प्रति जिनका रुझान है उनके लिए भी खेल प्रतिस्पर्धा हेतु अलग व्यवस्था बनाएंगे।

**पंचायत स्तर पर सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब की होगी शुरूआत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर खेल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए सिदो-कान्हो युवा खेल क्लब शुरू किया जा रहा है। प्रत्येक क्लब को प्रतिवर्ष 25,000/- (पच्चीस हजार रुपए) की अनुदान राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे क्षेत्र जो नक्सल प्रभावित हैं, वहाँ भी युवाओं को खेल से जोड़ कर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से सहाय योजना की शुरूआत हमारी सरकार ने की है। पिछले वर्ष लगभग 75 हजार खिलाड़ियों ने सहाय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस वर्ष हम इसका दायरा 5 जिला से बढ़ा कर 7 जिला करने वाले हैं।

**झारखंड करेगा एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की मेजबानी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए देश के अंदर बेहतर कोचिंग दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। देश में पहली बार हॉकी इण्डिया एवं राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी - 2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 के बीच किया जा रहा है। इसमें एशिया के 06 देशों की टीमें भाग लेंगी। झारखण्ड की बेटियां भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। यह पहला मौका है जब इतने बड़े प्रतियोगिता का आयोजन झारखण्ड में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल विभाग ने जोहार खिलाड़ी पोर्टल की शुरूआत भी की है, यह पोर्टल देश का पहला ऐसा पोर्टल है जहां खेल और खिलाड़ियों का डेटा एकत्रित कर उन्हें हर सम्भव मदद किया जाएगा। इस पोर्टल में खिलाड़ी और प्रशिक्षकों का पूर्ण विवरण होगा। इस अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य में नई खेल नीति बनने के बाद पहली बार खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बीच सम्मान राशि का वितरण किया जा रहा है। आज 222 खिलाड़ी तथा 52 प्रशिक्षकों के बीच लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य के खिलाड़ियों को एक बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में भी खेल विभाग मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर कार्य योजना बनाते हुए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव सहित कई पूर्व ओलंपियन खिलाड़ी, सम्मानित हुए खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### दिसंबर तक केंद्र ...

सारा खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी, यहां से पढ़कर बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले में कुल 10 एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने करोड़ों रुपए की लागत से जिले में बनने वाले सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बननेवाले सात सड़कों का शिलान्यास किया। इन सभी सड़कों की कुल लागत लगभग 62 करोड़ रुपए से अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेरा प्रयास है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछे। केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल जिले को आगे बढ़ें।

### फेसबुक पर युवती को ...

करने की भी मन बना लिया था, लेकिन परिवार वालों के समझाने के बाद वह सीधे थाने पहुंची और अजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया।

**पुलिस ने कोकर से किया गिरफ्तार, मोबाइल भी जब्त :** सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद तुरंत साइबर टीम के साथ पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जांच के क्रम में ही पुलिस को यह जानकारी मिली कि आरोपी रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर का रहने वाला अजय कुमार है। आरोपी की पहचान होने के बाद गुरुवार की दोपहर सुखदेव नगर पुलिस ने उसे धर दबोचा। आरोपी अजय के पास से वह मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है जिस युवती का फेक प्रोफाइल बनाकर उसमें अश्लील फोटो डाले गए थे। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि अजय ने इससे पूर्व भी कई लड़कियों की फेक प्रोफाइल बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने का काम किया करता था।

### पहले दिन...

दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जायेगी।

**महालया के दिन ऐसे करें पितरों का तर्पण :** पंडित विजय पाठक के अनुसार, महालया के दिन पितरों को अंतिम विदाई दी जाती है। पितरों को दूध, तिल, कुशा, पुष्प और गंध मिश्रित जल से तृप्त किया जाता है। इस दिन पितरों की पसंद का भोजन बनाकर और विभिन्न स्थानों पर प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। साथ ही भोजन का पहला हिस्सा गाय, दूसरा देवताओं, तीसरा कौआ, चौथा कुत्ता और पांचवा हिस्सा चीटियों को दिया जाता है। ऐसा करने से पितरों को तृप्ति मिलती है। पितरों के आशीर्वाद से सुख और समृद्धि मिलती है।

**महालया अमावस्या 2023 का महत्व :** महालया अमावस्या अनुष्ठान आमतौर पर अच्छे स्वास्थ्य, धन और समृद्धि के लिए पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आयोजित किया जाता है। जो भक्त इस अनुष्ठान का पालन करते हैं उन्हें मृत्यु के देवता, भगवान यमराज का आशीर्वाद भी मिलता है जिसके कारण उनका परिवार सभी प्रकार की बुरी और नकारात्मक ऊर्जाओं से सुरक्षित रहता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, जो श्रद्धालु अपने पूर्वजों की मृत्यु के 15 दिनों के भीतर उनका श्राद्ध नहीं कर पाते हैं या यदि पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है, तो महालया अमावस्या 2023 के दिन तर्पण किया जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पूर्वज भक्तों के घर आते हैं और उन्हें उनके लिए श्राद्ध कर्म करने का आशीर्वाद देते हैं। यदि श्रद्धालुओं द्वारा श्राद्ध कर्म नहीं किया जाता है तो पितर अप्रसन्न होकर वापस लौट जाते हैं।

### कोयला कारोबारियों से...

खान और जहीर अंसारी को एटीएस ने आरोपी बनाया है। 21 जुलाई 2023 को गिरफ्तारी के बाद एजाज अंसारी ने कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दी थी। याचिका में उसने दावा किया था कि उसे गलत तरीके से एटीएस ने केस में फंसा दिया है। उसने कहा था कि जिस स्कार्पियो में पैसे व हथियार बरामद किए गए थे। उस स्कार्पियो में लिफ्ट लेकर वह बैठा था। वह पहले से स्कार्पियो चालक मिंकू खान को नहीं जानता था। हालांकि एटीएस ने जांच के बाद एजाज अंसारी के दावे को गलत बताया है। इस संबंध में कोर्ट को भी एटीएस ने जानकारी दी कि मिंकू खान और एजाज अंसारी दोनों एक दूसरे को जानते थे। तकनीकी साक्ष्य भी इस संबंध में एटीएस ने कोर्ट में दिए, जिसके बाद एजाज अंसारी की जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था।




## ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में मिली सबसे बड़ी हार

# द. अफ्रीका ने 134 रनों से रौंदा

**एजेंसी। लखनऊ**

दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप मैच में 134 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 311 रन बनाए, इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 40.5 ओवर में 177 रन ही बना सकी। 312 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर शुरूआत से ही अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए। मिचेल मार्श 15 गेंद में 7 रन बनाकर आउट हुए। इसके अगले ओवर में वॉर्नर 13 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटे। स्टीव स्मिथ और मार्नस के बीच साझेदारी पनप रही थी लेकिन स्टीव स्मिथ एलबीडब्ल्यू हो गए। जोश इंग्लिस को रबाडा ने क्लीन बोल्ड किया। ग्लेन मैक्सवेल 3 रन ही बना सके। मार्कस स्टायनिस ने 5 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक के दमदार शतक की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 311 रन बनाए हैं। अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 106 गेंद में 109 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे सफल गेंदबाज ग्लेन मैक्सवेल रहे, उन्होंने 10 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट चटकाए। इसके जवाब 312 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही है। टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक और तेम्बा बावुमा ने शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी हुई। बावुमा 35 रन बनाकर आउट हुए। डुसेन 26 रन पर पवेलियन लौटे। क्विंटन डिकॉक ने 90 गेंद में शतक पूरा किया। क्विंटन डिकॉक 106 गेंद में 109 रन बनाकर आउट हुए। डिकॉक के आउट होने के बाद मार्करम और क्लासेन ने पारी को संभाला और दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। एडन 56 रन बनाकर आउट हुए। हेनरिक 29 रन ही बना सके। मार्को ने 26 रन की अहम पारी खेली। डेविड मिलर आखिरी ओवर में क्लीन बोल्ड हुए।






क्विंटन डिकॉक
106 गेंद
109 रन

## स्कोर बोर्ड

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 109 | 106 | 8 | 5 |
| तेम्बा बवूमा | 35 | 55 | 2 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 26 | 30 | 2 | 0 |
| एडन मारक्रम | 56 | 44 | 7 | 1 |
| हेनरिक क्लासेन | 29 | 27 | 3 | 0 |
| डेविड मिलर | 17 | 13 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन | 26 | 22 | 3 | 1 |
| कगिसो रबाडा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| केशव महाराज | 0 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 311/7 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-108, 2-158, 3-197, 4-263, 5-267, 6-310, 7-311. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 9-1-53-2, जॉश हेजलवुड 9-0-60-1, ग्लेन मैक्सवेल 10-1-34-2, पैट कमिंस 9-0-71-1, ऐडम जैम्पा 10-0-70-1, मिचेल मार्श 1-0-6-0, मार्कस स्टॉयनिस 2-0-11-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श | 7 | 15 | 0 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 13 | 27 | 2 | 0 |
| स्टीव स्मिथ | 19 | 16 | 4 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 46 | 74 | 3 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 5 | 4 | 1 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 3 | 17 | 0 | 0 |
| मार्कस स्टॉयनिस | 5 | 4 | 1 | 0 |
| मिचेल स्टार्क | 27 | 51 | 3 | 0 |
| पैट कमिंस | 22 | 21 | 4 | 0 |
| ऐडम जैम्पा | 11 | 16 | 1 | 0 |
| जॉश हेजलवुड | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 17, **कुल :** 177/10 (40.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-27, 2-27, 3-50, 4-56, 5-65, 6-70, 7-139, 8-143, 9-175, 10-177. डीआरएस
**गेंदबाजी :** लुंगिसानी एनगिडी 8-2-18-1, मार्को यानसन 7-0-54-2, कगिसो रबाडा 8-1-33-3, केशव महाराज 10-0-30-2, तबरेज शम्सी 7.5-0-38-2

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआरआर | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 2 | 0 | +1.958 | 4 |
| पाकिस्तान | 2 | 2 | 0 | +0.927 | 4 |
| अफगानिस्तान | 2 | 0 | 2 | -1.907 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 2 | -1.846 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | -0.653 | 2 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | +1.500 | 4 |
| साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | +2.360 | 4 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | -1.161 | 0 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | -1.800 | 0 |
| इंग्लैंड | 2 | 1 | 1 | +0.553 | 2 |

# चेपॉक पर न्यूजीलैंड को बांग्लादेश के स्पिनरों से रहना होगा सावधान



**एजेंसी। चेन्नई**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत न्यूजीलैंड टीम को विश्व कप में अपनी स्थिति और मजबूत करने के लिये चेपॉक की धीमी पिच पर बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार के मैच में स्पिनरों से सावधान रहना होगा। न्यूजीलैंड (प्लस 1 . 958), भारत (प्लस 1.5) और पाकिस्तान (प्लस 0.92) के चार चार अंक है लेकिन रनरेट के मामले में कीवी टीम आगे है। इस मैच को जीतने पर उनकी स्थिति और मजबूत हो जाएगी। नियमित कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज टिम साउदी के आने से न्यूजीलैंड का आक्रमण और मजबूत हुआ है। दोनों इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ नहीं खेल सके थे और विलियमसन की जगह टॉम लाथम ने कप्तानी की थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन अब एसीएल चोट से उबर चुके हैं और साउदी भी अंगूठे की सर्जरी के बाद अब फिट हैं। कीवी टीम के सामने हालांकि अब चयन की दुविध होगी क्योंकि विलियमसन की जगह तीसरे नंबर पर उतरे रचिन रविंद्र ने एक शतक और एक अर्धशतक बनाया। अब उसे बाहर करना मुश्किल होगा।

शीर्षक्रम के बल्लेबाजो विल यंग, डेवोन कोंवे और डेरिल मिशेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। वैसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर न्यूजीलैंड को रनों की काफी जरूरत होगी क्योंकि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेले गए मैच में पिच से टर्न मिल रही थी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम हो सकती है।

पिछले मैच में इंग्लैंड से हारने के बावजूद बांग्लादेश की ताकत उसके स्पिनर साबित हो सकते हैं। कप्तान शाकिब अल हसन, मेहदी हसन और मेहदी हसन मिराज ने दो मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनसे इस प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद होगी। न्यूजीलैंड के पास भी मिचेल सेंटनेर हैं जो इस विश्व कप में सर्वाधिक सात विकेट ले चुके हैं।

बांग्लादेश को अपने सीनियर बल्लेबाजो शाकिब, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास और नजमुल शांतो से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। तेज गेंदबाजी में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी है जिसके पास ट्रेंट बोल्ट, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन जैसे गेंदबाज हैं। आईपीएल की वजह से उन्हें यहां के हालात की अच्छी जानकारी भी है। दोनों टीमों का वनडे में 41 बार सामना हुआ है और न्यूजीलैंड ने 30 बार जीत दर्ज की है , बांग्लादेश ने दस मैच जीते और एक बेनतीजा रहा।

### टीमें इस प्रकार है

**बांग्लादेश :** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शंटो, तौहीद हृदय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नासुम अहमद, महेदी हसन, तास्किन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन साकिब।

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), टॉम लाथम, डेवोन कोंवे, विल यंग, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी।

# दोस्ती में बदली विराट कोहली व नवीन-उल-हक की लड़ाई

## देखकर फैंस को नहीं हुआ यकीन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खेल भावना का दिल छू लेने वाला प्रदर्शन करते हुए, क्रिकेट जगत में अफगानिस्तान के नवीन-उल-हक और भारत के विराट कोहली के बीच एक अलग नजारा दिखा। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मैदान पर तीखी नोकझोंक के कुछ महीनों बाद, कोहली और नवीन ने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में 2023 विश्व कप मैच के दौरान अपने बीच पैदा हुए मतभेद को खत्म कर दिया। आईपीएल 2023 के दौरान कोहली और नवीन एक दूसरे से भिड़ गए थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी इस विवाद का असर दिखा था।

मगर, विराट फैंस ने लगातार नवीन को टारगेट किया। चाहे मैदान कोई भी हो जब भी यह अफगानिस्तानी खिलाड़ी विराट फैंस के सामने आता तो वो 'कोहली...कोहली' के नारे लगाने शुरू कर देते थे।



जब वर्ल्ड कप मैच के दौरान अफगानी गेंदबाज एक बार फिर विराट कोहली के साममे आया तो फैंस के बीच भी हलचल तेज हो गई। विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच टक्कर सबको देखनी थी, लेकिन जो हुआ उसकी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। भारतीय पारी के 26वें ओवर के दौरान दोनों खिलाड़ी आमने-सामने आए लेकिन इस बार किसी तरह का गुस्सा या किसी तरह की नाराजगी नहीं थी। न विराट इस गेंदबाज के खिलाफ ज्यादा रन बना पाए और ना हीं ये गेंदबाज विराट को आउट कर पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने हाथ मिलाया, हंसते-हंसते एक दूसरे से कुछ बात की, फिर गले भी मिले। इससे पहले, विराट ने अपने फैंस की ओर इशारा करते हुए नवीन को ट्रोल करने से मना भी किया था। एक प्रशंसक ने एक्स पर लिखा, विराट कोहली का खूबसूरत इशारा। एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी की, मैच का सर्वश्रेष्ठ क्षण।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता एक नवम्बर से

**रांची।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पंचायत से लेकर राज्यस्तरीय होगा। इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को खेल कैलेंडर के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया है। साथ ही पंचायत स्तरीय और प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित फोटोग्राफ्स, वीडियो क्लिप्स जिला खेल पदाधिकारी को जमा करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता इस वर्ष कुल पांच स्तर पर आयोजित की जायेगी। इनमें पंचायत, प्रखंड, जिला, जोनल और राज्य शामिल हैं। पंचायत स्तर की प्रतियोगिताएं एक नवम्बर से 18 नवम्बर, प्रखंड स्तर की प्रतियोगिताएं 28 नवम्बर से 06 दिसम्बर, जिला स्तर की प्रतियोगिता 11 दिसम्बर से 24 दिसम्बर, जोनल स्तर पर 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर और राज्य स्तर पर 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित की जायेगी।

# भारत को मिली 2025 एशियाई आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप की मेजबानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत को 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। यह घोषणा वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में आयोजित एशियाई कांग्रेस के दौरान की गई थी। इस कांग्रेस में अध्यक्ष प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन द्वारा रखे गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। यह निर्णय भारत के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और आर्म रेसलिंग की दुनिया में भारत की बढ़ते कद को दर्शाता है। यह इवेंट पूरे एशिया से एथलीटों को एक साथ लाएगा और वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल का प्रदर्शन करेगा। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया वर्तमान में इस चैंपियनशिप को आयोजित करने के लिए भारत के विभिन्न शहरों पर विचार कर रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। प्रीति ने 2025 में भारत को एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी देने को लेकर गर्व और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम 2025 में एशियाई आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम इसे लेकर उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट यह शीर्ष एथलीटों को प्रतिस्पर्धा करने और भारत में एक खेल के रूप में आर्म रेसलिंग को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। इस टूर्नामेंट के माध्यम से, सभी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और वे क्या करने में सक्षम हैं, दिखाने का अवसर मिलेगा। यह देश भर के एथलीटों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे कि वे अपने देश के लिए गौरव लाने का काम कर सकें।"



हाल ही में संपन्न 44वीं विश्व आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 और 25वीं पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। 24 अगस्त से 3 सितंबर तक अलमाटी (कजाकिस्तान) में आयोजित इस इवेंट में भारतीय दल ने 11 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य शामिल हैं। भारतीय दल में 39 एथलीट और चार अधिकारी शामिल थे, जो पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## भारतीय सब जूनियर पुरुष-महिला टीमें नीदरलैंड के रोमांचक दौरे के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीमें नीदरलैंड में रोमांचक संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वे 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक अलग-अलग आयु वर्ग की टीमों से भिड़ेंगी। दोनों टीमें शुक्रवार देर रात सीनियर ईडीई पुरुष और महिला टीमों के खिलाफ अपने पहले दौरे की शुरूआत करेंगी। रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला में, भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम एक बार नीदरलैंड बॉयज अंडर-18 और दो बार नीदरलैंड बॉयज अंडर-16 से भिड़ेगी। इस बीच, भारतीय सब जूनियर महिला टीम एक बार नीदरलैंड गर्ल्स अंडर-18 और दो बार नीदरलैंड गर्ल्स अंडर-16 के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके अलावा, इस दौरे के दौरान, भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला दोनों टीमें नीदरलैंड में सीनियर क्लब टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता का परीक्षण करेंगी। इन युवा भारतीय प्रतिभाओं का नेतृत्व सक्षम हाथों में है।

## उम्मीद — नीरज चोपड़ा ने 90 मीटर का आंकड़ा पार करने पर कहा

# किशोर जेना और मैं इसे एक साथ करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने उम्मीद जताई कि वह साथी भारतीय एथलीट किशोर जेना के साथ भाला फेंक में वांछित 90 मीटर के निशान को पार कर सकते हैं। नीरज ने हाल ही में समाप्त हुए 19वें एशियाई खेलों में 88.88 मीटर के थ्रो के साथ अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया था। एकमात्र एथलीट जो नीरज के साथ प्रतिस्पर्धा करने के करीब आए थे, वह कोई और नहीं बल्कि उनके हमवतन किशोर जेना थे। ओडिशा के रहने वाले जेना ने बैक-टू-बैक थ्रो में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक फाइनल स्पर्धा में 87.54 मीटर के साथ नीरज के सीजन के सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर के करीब पहुंच गए।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा बुधवार को आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान, जिसमें केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल हुए, नीरज ने 90 मीटर चुनौती के बारे में बात की, उन्होंने कहा, जहां तक 90 मीटर का सवाल है तो मुझे अपने प्रशिक्षण पर भरोसा है और मैं इसे जल्द ही पूरा करने में सक्षम होऊंगा। सभी मीडियाकर्मियों को बधाई क्योंकि आप एक बार फिर से प्रश्न पूछ सकते हैं। लेकिन मैं इसे करने में सक्षम होऊंगा और मुझे उम्मीद है कि जेना और मैं इसे एक साथ करेंगे।




नीरज 2015 के बाद पहली बार हैदराबाद गए और इस राज्य में शुरू हुई अपनी यात्रा के बारे में बात की।

उन्होंने कहा, हां, यह एक बहुत ही कठिन यात्रा रही है और दिलचस्प बात यह है कि ओलंपिक में जगह बनाना कैसा होगा इसका पहला विचार मेरे मन में सबसे पहले 2015 में इसी शहर में आया था जब मैंने जूनियर फेड कप प्रतियोगिता में भाग लिया था और स्वर्ण पदक जीता था।

चोपड़ा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, इस स्तर तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत प्रयास करना पड़ा, ध्यान केंद्रित रखना पड़ा और अनारक्षित डिब्बों में ट्रेनों में यात्रा करना और कई अन्य साथी एथलीटों के साथ आवास साझा करना जैसी कई कठिनाइयों को पार करना पड़ा।

## प्रिशा शिंदे राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की प्रिशा शिंदे ने डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में चल रही राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर किया, जब उन्होंने शीर्ष वरीयता प्राप्त तमिलनाडु की दिव्या रमेश को हराया, जबकि तेलंगाना के रितिक कटकम ने भी गुरुवार को अपना विजयी क्रम जारी रखा। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में खेलते हुए प्रिशा ने शुरू से ही मैच पर पूरा नियंत्रण रखा और दिव्या को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच, लड़कों के अंडर-14 वर्ग में नंबर 1 वरीय रितिक कटकम ने अंतिम आठ में कर्नाटक के दिगंत एम को 6-0, 6-0 से हराकर एक और शानदार जीत दर्ज की। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में भी शीर्ष स्तर की टेनिस प्रतिस्पर्धा देखी गई, जिसमें तमिलनाडु के थिरुमुरुगन वी ने गुजरात के कबीर चोथानी को सीधे सेटों में 6-4, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# चोटिल सोफी मोलिनेक्स डब्ल्यूबीबीएल से बाहर



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स बाएं घुटने में एसीएल की चोट से उबरने के कारण महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सीजन में मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम का हिस्सा नहीं हैं। पिछले साल के डब्ल्यूबीबीएल सीजन में मेलबर्न डर्बी के दौरान सोफी के बाएं घुटने में एसीएल टूट गया था। हालांकि, उन्होंने रेनेगेड्स के साथ अपना अनुबंध अगले दो वर्षों के लिए बढ़ा दिया है, लेकिन वह आगामी सीजन का हिस्सा नहीं होगी।
ऑस्ट्रेलिया ए टीम के इंग्लैंड दौरे के बाद तेज गेंदबाज तायला व्लामिनक के कंधे में चोट लगने के बाद वह दूसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं, जिन्हें इस साल के डब्ल्यूबीबीएल में रेनेगेड्स की टीम से बाहर किया गया है।
मैं वास्तव में निराश हूं क्योंकि मैं इस सीजन के लिए फिट और समय पर उपलब्ध नहीं हो पाऊंगी, लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान क्लब ने मुझे जो समर्थन दिया है। उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं।
मेलबर्न रेनेगेड्स के महाप्रबंधक जेम्स रोसेनगार्टन ने कहा, हम इस साल उसे मैदान पर देखना पसंद करेंगे, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि सोफी पूरी तरह से फिट होकर लौटें और मैदान के बाहर समूह में उसका नेतृत्व भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा।